e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 352
बुधवार
27.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

बुरे संस्कारों को दबाने का एक मात्र साधन है कि हम लगातार अपने दिमाग में अच्छे विचार लाते रहें।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### झारखंड : ईडी ने शराब व भूमि बिक्री मामले में आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली** : झारखंड में रेत, शराब और जमीन की कथित अवैध बिक्री से जुड़ी जांच में धन शोधन रोधी कानून के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है. प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी. ईडी ने दावा किया कि अवैध गतिविधियों के माध्यम से 2021-22 के दौरान 14 करोड़ रुपये से अधिक की आय अर्जित की गई. इसने कहा कि आरोप पत्र 16 दिसंबर को रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष दाखिल किया गया था. आरोप पत्र में मुख्य आरोपी जोगेंद्र तिवारी सहित सारण अल्कोहल प्राइवेट लिमिटेड, संथाल परगना प्राइवेट लिमिटेड, मैहर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और राजमहल ट्रेडर्स जैसी कंपनियों को नामित किया गया है.

### सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को करना होगा आईटी नियमों का पालन, एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली** : डीपफेक की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने कदम उठाई है। केंद्र सरकार ने डीपफेक को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को आईटी नियमों का पालन करने के लिए सलाह जारी की है। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को नियमों का पालन करना होगा। आईटी मंत्रालय ने प्लेटफार्मों को बताया कि आईटी नियमों के तहत अनुमति नहीं दी गई कंटेंट को यूजर्स को स्पष्ट रूप से सूचित किया करना होगा।

### विनेश फोगाट ने खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटाया

**नई दिल्ली** : महिला पहलवान विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। सोशल मीडिया में अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड वापस कर रही हूं। इस हालत में पहुंचाने के लिए ताकतवर का बहुत बहुत धन्यवाद।

### यूट्यूब चैनल पर 20 मिलियन सब्सक्राइबर्स वाले दुनिया के इकलौते नेता पीएम मोदी

**नई दिल्ली** : लोकप्रियता के मामले में दुनिया में शिखर पर बैठे नरेंद्र मोदी ने अब एक और नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है. पीएम मोदी विश्व के पहले ऐसे नेता बन गए हैं, जिनका यूट्यूब चैनल 2 मिलियन सब्सक्राइबर्स तक पहुंचा है. आसान शब्दों में समझें तो पीएम मोदी के यूट्यूब चैनल पर 2 करोड़ से भी ज्यादा लोग जुड़े हैं.इस यूट्यूब चैनल पर पीएम मोदी के संबोधनों की वीडियोज अपलोड की जाती हैं. साथ ही लाइव प्रसारण भी इस चैनल पर देखने को मिल जाता है. पीएम मोदी देश-दुनिया में जहां भी किसी कार्यक्रम में शिरकत करते हैं वहां का संबोधन इस चैनल पर देखा और सुना जा सकता है.

### आरबीआई कार्यालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**मुंबई** : मुंबई में स्थित भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालय को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई. ईमेल में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की गई है.आरबीआई ऑफिस के अलावा एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सहित 11 जगहों को बम धमाके के जरिए उड़ाने की धमकी दी गई है. इन सभी जगहों पर पुलिस ने तलाशी ली, लेकिन कुछ आपत्तिजनक नहीं मिला.

### सरना कोड की मांग को लेकर 29 को निकलेगा मशाल जुलूस

**रांची** : केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की मंगलवार को आरआईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने किया। बैठक में 30 दिसम्बर को सरना कोड की मांग पर भारत बंद की तैयारी की समीक्षा की गई। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड लागू करने के लिए पूरे आदिवासी समाज में जागरुकता आई है। आदिवासी सेंगेल अभियान सालखन मुर्मू के आह्वान पर 30 दिसम्बर को झारखंड, बिहार,बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात एवं अन्य राज्यों के आदिवासी सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेंगे। बंद की पूर्व संध्या पर 29 दिसंबर को रांची, लोहरदगा, गुमला, हजारीबाग सहित अन्य जगहों के प्रमुख स्थलों पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा।इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का सचिव विनय उरांव, पंचम तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22⁰ |
| न्युनतम | 10⁰ |

**चतरा : मुख्यमंत्री ने 249 करोड़ 80 लाख 30 हजार 527 रुपए की 402 योजनाओं का दिया तोहफा**

# जनवरी में चतरा बाईपास रोड का होगा शिलान्यास : हेमंत

**1 लाख 13 हजार 800 लाभुकों के बीच लगभग 221 करोड़ 78 लाख रुपए की बांटी परिसंपत्ति**

**650 करोड़ रुपए की लागत से 800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें और करीब 225 करोड़ रुपए से 115 किलोमीटर उच्चस्तरीय सड़क बन रही है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया** : चतरा जिला को नए वर्ष में बाईपास रोड की सौगात मिलेगी। इसके टेंडर निष्पादन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

जनवरी में इसका शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चतरा के सिमरिया प्रखंड में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। इस जिले में 650 करोड़ रुपए की लागत से 800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें और करीब 225 करोड़ रुपए से 115 किलोमीटर उच्चस्तरीय सड़क बन रही है। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर सरकार का विशेष फोकस है, क्योंकि इसी के जरिए विकास का द्वार खुलता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूपीएससी तथा जेपीएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी को लेकर इंटीग्रेटेड कोचिंग सेन्टर, ब्लॉक कंप्यूटर सेन्टर और माइनिंग स्किल ट्रेनिंग सेंटर का भी उद्घाटन किया।

### पहले आवेदन लेकर आप भटकते थे, आज आपके दरवाजे आ रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले आप अपनी समस्याओं को लेकर इधर -उधर भटकते रहते थे। एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर का चक्कर लगाते रहते थे। दलालों के चक्कर में फंस जाते थे। आपका पैसा भी बर्बाद होता था और समय भी। इसके बाद भी आपकी समस्या जस की तस बनी रहती थी। लेकिन आज सरकार आपका दरवाजा खटखटा रही है। पंचायतों में लग रहे शिविर में अधिकारी दल बल के साथ पहुंच रहे हैं और आपकी समस्या का समाधान करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं से आपको जोड़ रहे हैं ।

### हर वर्ष चलेगा यह कार्यक्रम, नई योजनाएं लेकर आपके बीच आएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 से आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम शुरू हुआ। वर्ष 2022 में इसका दूसरी बार आयोजन हुआ और इस वर्ष 24 नवंबर से यह कार्यक्रम लगातार चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत लग रहे शिविरों में त्यौहार जैसा माहौल है । लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। जिन गांवों और पंचायत में जाने के लिए अच्छी सड़के नहीं है, वहां भी अधिकारी योजनाओं की गठरी लेकर पहुंच रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर सरकार को काफी बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। ऐसे में यह कार्यक्रम आगे भी हर वर्ष आयोजित होगा और सरकार नई-नई योजनाओं को लेकर आपके बीच आएगी, ताकि इस राज्य की जनता को उनका हक और अधिकार दे सकें।




### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और श्री बादल, विधायक अम्बा प्रसाद,झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे तथा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### संसाधनों की कमी नहीं,फिर भी पिछड़ता गया राज्य


मुख्यमंत्री ने कहा कि जब झारखंड अलग राज्य बना, उस वक्त यहां का सरप्लस बजट हुआ करता था। सरकार का खजाना भरा था। संसाधनों की कोई कमी नहीं थी। फिर भी राज्य पिछड़ता चला गया । गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी यहां के लोगों का पीछा नहीं छोड़ रही थी । लेकिन, पिछले दो दशकों के दौरान इस पर किसी सरकार को इसकी चिंता नहीं थी। राज्य का विकास हाशिये पर चला गया। लेकिन, जब से हमारी सरकार बनी है, तमाम चुनौतियां और विपरीत परिस्थितियों के बीच भी विकास को रफ्तार देने का काम कर रहे हैं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य वासियों को सशक्त बना रहे हैं।

### आपके दुःख- दर्द में सरकार आपके साथ हमेशा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक संवेदनशील सरकार है, जो आपकी दुःख-दर्द में आपके साथ हमेशा खड़ी है। हमारी कोशिश है कि एक- एक व्यक्ति की परेशानियों को दूर कर सकें। आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से हमें पिछले दो चरणों में जितने आवेदन मिले। उसके आधार पर हमने समस्याओं की प्राथमिकता तय कर एक-एक कर समस्याओं का समाधान करने का काम कर रहे हैं।

### हमारी सरकार ने लिए हैं कई मजबूत निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के कल्याण, हित और सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई ऐतिहासिक और मजबूत निर्णय लिए हैं । सार्वजनिक पेंशन योजना के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवाओं और परित्यक्ता को पेंशन से आच्छादित किया गया है । वहीं, अबुआ आवास योजना के माध्यम से 8 लाख गरीबों को तीन कमरों का मकान दिया जाएगा। पहले की सरकारों में 11 लाख राशन कार्ड अमान्य कर दिए थे, हमारी सरकार ने 20 लाख हरा राशन कार्ड जारी कर लाभुकों को मुफ्त में अनाज दे रही है।



### कोरोना से बचाव के लिए मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग जरूरी शेखर सी मांडे

**नई दिल्ली** : देश में एक बार फिर से कोरोना ने तेजी से पैर पसारना शुरू कर दिया है। विशेषकर कोरोना के नए वेरियंट जे एन.1 के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसको लेकर केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों को सावधानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही लोगों से भी भीड़-भाड़ वाले स्थानों से दूरी बनाने की सलाह दी है। मंगलवार को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक शेखर सी मांडे ने लोगों को शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ सार्वजनिक रूप से मास्क पहनने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि नये साल के जश्न या किसी भी भीड़ वाले स्थानों पर कोरोना का प्रसार तेजी से हो सकता है। इसलिए लोगों को अब सावधानी बरतनी चाहिए। लोगों को मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना चाहिए। कोरोना प्रबंधन पर बनी भारत सार्स-कोव2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के प्रमुख एन.के. अरोड़ा ने कहा कि ओमिक्रॉन के इस नए सब-वेरिएंट के सामने आए मामले अधिक गंभीर नहीं हैं और संक्रमितों को अस्पताल में भर्ती नहीं कराना पड़ा है। जे एन.1 के लक्षणों में बुखार, नाक से पानी आना, खांसी, कभी-कभी दस्त और गंभीर शरीर दर्द शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना के नए वेरियंट जेएन.1 के 69 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है। देश में केरल के अलावा दक्षिण भारत के कई राज्यों में भी कोरोना के नए मामले बढ़े हैं।


## ईंट भट्टे की दीवार गिरी, मलबे में दबकर 5 मजदूरों की मौत



एजेंसी

**देहरादून** : उत्तराखंड के रुड़की में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। मंगलौर कोतवाली के लहबोली गांव में ईंट भट्टे की दीवार अचानक गिर गई। इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर मलबे के नीचे दब गए। अभी तक पांच शव मलबे से निकाले जा चुके हैं। जबकि तीन की हालत गंभीर है।जानकारी के अनुसार, सुबह ईंट पकाने के लिए चिमनी में ईंट भरते समय हादसा हुआ। मजदूर काम कर ही रहे थे कि दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता दीवार के पास खड़े मजदूर मलबे में दब गए। फिलहाल जेसीबी से मलबा हटाने का काम चल रहा है। एसपी देहात समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मंगलौर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि अब तक पांच शव बाहर निकाले जा चुके हैं। जबकि तीन मजदूरों की हालत गंभीर बनी है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से तीन मजदूर लहबोली गांव, एक मजदूर मुजफ्फरनगर और अन्य स्थानीय गांव के थे। वहीं, एसएसपी और डीएम ने भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और ग्रामीणों से बात की। मृतकों के नाम मुकुल(28) पुत्र सुभाष ग्राम निवासी उदलहेड़ी, साबिर(20) पुत्र महबूब निवासी मिमलाना, मुजफ्फरनगर, अंकित (40) पुत्र धर्मपाल ग्राम उदलहेड़ी, बाबूराम(50) पुत्र कालूराम निवासी लहबोली, जग्गी(24) पुत्र बिस्म्बर, निवासी पिनना, मुजफनगर है।

## गुरु गोविंद सिंह व भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान पूरे राष्ट्र को प्रेरणा देता है : पीएम मोदी



**भारत मंडपम में मनाया गया वीर बाल दिवस**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : गुरु गोविंद सिंह के बेटों की शहादत को याद करने के लिए मंगलवार को वीर बाल दिवस मनाया गया. इसके लिए भारत मंडपम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश को विकसित करने के लिए हम संकल्पित हैं. उन्होंने आगे कहा कि देश उनके बलिदान को याद कर रहा है उनसे प्रेरणा ले रहा है.

वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है. उन्होंने आगे कहा कि 'वीर बाल दिवस' भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक है. पिछले वर्ष 26 दिसंबर को देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों के वीर कथाओं को सुना था. वीर बाल दिवस भारतीयता रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है. ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती. कहा कि मुझे खुशी है कि वीर बाल दिवस अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मनाया जाने लगा है.

ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं. भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और ज्यादा जानेगी, उनके महान करतूतों से सीखेगी.

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चारों साहिबजादों का साहस और आदर्श आज भी भारत के लोगों के दिलों में प्रेरणा और ऊर्जा का संचार करते हैं. तो, वीर बाल दिवस उन सच्चे नायकों और उन्हें जन्म देने वाली महान माताओं की बेजोड़ बहादुरी के लिए राष्ट्र की श्रद्धांजलि है।उन्होंने कहा मुझे खुशी है कि आज का भारत 'गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है. आज के भारत को अपने लोगों पर,अपने सामर्थ्य पर, अपनी प्रेरणाओं पर पूरा पूरा भरोसा है.

आज के भारत के लिए साहिबजादों का बलिदान राष्ट्रीय प्रेरणा का विषय है. आज के भारत में भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान, गोविंद गुरु का बलिदान पूरे राष्ट्र को प्रेरणा देता है.

## हिंद महासागर में बढ़ी भारत की ताकत

*** आईएनएस इंफाल नौसेना में हुआ शामिल**

एजेंसी

**मुंबई** : हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच भारत की ताकत और मजबूत हो गई है. मंगलवार को आईएनएस इंफाल वॉरशिप भारतीय नौसेना में शामिल हो गया. यह वॉरशिप ब्रह्मोस जैसे नए स्टील्थ गाइडेड मिसाइलों से लैस है. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशंड किया. यह वॉरशिप नौसेना की पश्चिमी कमान में शामिल हुआ. रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इंफाल को बनाया है. आईएनएस इंफाल वॉरशिप सतह से सतह पर मार करने वाली 8 बराक और 16 ब्रह्मोस एंटीशिप मिसाइल, सर्विलांस रडार,76 एमएम रैपिड माउंट गन,एंटी सबमरीन टॉरपीडो से लैस है.आईएनएस इंफाल के निर्माण में स्वदेशी स्टील डीएमआर 249ए का इस्तेमाल किया गया है. यानी इसका 75त्न हिस्सा पूरी तरह स्वदेशी है.आईएनएस इंफाल विशाखापत्तनम कैटेगरी के 4 डिस्ट्रॉयर्स में से तीसरा है, जिसे भारतीय नौसेना के इन-हाउस ऑर्गनाइजेशन वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है. आईएनएस इंफाल की आधारशिला 19 मई 2017 को रखी गई थी. आईएनएस इंफाल को पोर्ट और समुद्र में टेस्टिंग के बाद 20 अक्टूबर 2023 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था.



### आईएनएस इंफाल की खासियत

आईएनएस इंफाल की लंबाई 535 फीट है. इसका वजन 7400 टन है.वॉरशिप की रफ्तार 56 किलोमीटर प्रति घंटा है.आईएनएस इंफाल 42 दिन समुद्र में रह सकता है.इसमें 300 नौसैनिक तैनात हो सकते हैं. इस वॉरशिप में 32 बराक 8 मिसाइलें हैं.

आईएनएस इंफाल 16 ब्रह्मोस एंटी शिप मिसाइलों से भी लैस है.इसमें 4 टॉरपीडो ट्यूब्स लगे हुए हैं.आईएनएस इंफाल में 2 एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर भी लगे हैं.इस वॉरशिप में 2 ध्रुव और सी किंग हेलिकॉप्टर भी तैनात हैं.इस वॉरशिप में स्टेट ऑफ द आर्ट सेंसर लगे हुए हैं, जो दुश्मन के हथियारों का आसानी से पता लगा सकते हैं.इसमें बैटल डैमेज कंट्रोल सिस्टम भी लगा हुआ है.

### छत्तीसगढ़ : अंबिकापुर में भूकंप के झटके

**अंबिकापुर/रायपुर (एजेंसी)**: छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में मंगलवार की दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसकी तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 3.3 नापी गई है। किसी जानमाल की हानि की कोई खबर नहीं है। इसका केंद्र 132 किलोमीटर दूर मध्यप्रदेश के सिंगरौली में था। जुलाई 2022 से सरगुजा संभाग में 6 बार भूकंप आया है। सरगुजा संभाग भूकंप के लिहाज से फाल्ट जोन में माना जाता है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**संक्षिप्त खबरें**

### परसोडीह में शहिद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**केतार :** प्रखंड के ग्राम-पंचायत परसोडीह हाई स्कूल खेल मैदान में हर साल की भांति आगामी साल में भी शहिद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 सीजन सातवां का सफल आयोजन को लेकर एक विशेष बैठक नागेंद्र ठाकुर के अध्यक्षता में उनके भंडार पर किया गया। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि पूर्व के कमेटी ही विशेष जिम्मेदारी के साथ पुण~ 2024 सीजन सातवां टूर्नामेंट का आयोजन करेगी। जिसका अध्यक्ष संजय वर्मा सचिव देव कुमार ठाकुर कोषाध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता उपाध्यक्ष लव कुमार वर्मा साथ ही संरक्षक मंडली डॉ0 एके मौर्य,श्री राम वर्मा,बचु बैठा,नागेंद्र ठाकुर,राजेश्वर साह,संरक्षक अजय वर्मा,धनेश्वर मेहता,बिंदेश्वरी प्रसाद गुप्ता,गया साह,चंददेव रजवार सहित अन्य का नाम शामिल है। साथ ही उक्त बैठक में सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 21 जनवरी 2024 दिन रविवार को उक्त टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान के द्वारा किया जाएगा। टूर्नामेंट विजेता को 25001 हजार रुपए कैश एवं कप और उपविजेता को 20001 एवं कप से सम्मानित किया जाएगा। **क्या कहते हैं भूतपूर्व मुखिया :** उक्त आयोजन को लेकर पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान ने कहा कि मेरे द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट सातवां सीजन खिलाया जा रहा है। जबकि यह जंगली एवं गरीब गुरबा का क्षेत्र है। मेरा सोच यह सुदूरवर्ती इलाके के गरीब बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखरना है।

### काजीनगर को हराकर सड़ेया पहुंचा कर्नल कप के सेमीफाइनल में

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फ़ाइनल में मंगलवार को सड़ेया का सामना काजीनगर से हुआ। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर रही। उसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें सड़ेया ने काजीनगर को 1-0 से हारकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

## हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों के मदद हेतु आगे आना चाहिए : दिनेश सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रेहला (पलामू) :** आदि गुरु भगवान श्री दत्तात्रेय के जयंती पर प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा द्वारा छः सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया.वितरण समारोह का आयोजन रेहला शिवतार ड्रेडर्स परिसर में किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले गुरु दत्तात्रेय, अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम, गुरुपद संभव रामजी व किन्नाराम जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। वितरण समारोह का उद्घाटन बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आश्रम के रेहला शाखा अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन अमित कुमार सिंह बाबुल ने किया। दिनेश सिंह ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम के प्रणेता भैय्या जी का स्पष्ट मानना है कि मानव सेवा देव सेवा के बराबर है। इसिली आश्रम के सदस्य जरूरतमंदों तक पहुंचकर उनकी सेवा व मदद करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों के मदद हेतु आगे आना चाहिए। शिक्षाविद राजेश्वर पांडेय ने कहा कि दुनियां में न देने वाला बड़ा होता है और न ही लेने वाला छोटा होता है। सभी मनुष्य के शरीर मे भगवान का वास होता है। रंजित सिंह ने बताया कि आश्रम द्वारा आगामी 28 दिसंबर गुरुवार को लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड के तीन गांवों में आदिवासी परिवारों के बीच एक हजार कंबल वितरित किया जायेगा। कंबल वितरण के दौरान समाज में समानता बनाए रखने के लिए सभी समाज के दर्जनों लोगो को आश्रम द्वारा सम्मनित किया गया.वितरण समारोह स्थल पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था.जिसमें सैकड़ो लोगो ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया था.शिविर में डॉ विश्वजीत सिंह अपने टीम के साथ मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया। जांचोपरांत रोगियों को मुफ्त दवा भी दी गयी। मौके पर सतेंद्र नाथ चौबे, महेंद्र नाथ चौबे, गामा चौबे, ब्रजराज चौबे, एच के सिंह, रंधीर सिंह, राज सिंह, केदार सिंह, डॉ वी पी शुक्ला, डॉ डी पी शुक्ला, अरुण कुमार सिंह, संजय शुक्ला, राजेश चौबे, बबलू चौबे, नागेंद्र प्रसाद पांडेय, संजू सिंह, विनोद सिंह, मृत्युंजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी ने चलाया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** सड़क दुघर्टना में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर भवनाथपुर पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया । इस अभियान के तहत चपरी पंचायत भवन में शुक्रवार को पंचायत प्रतिनिधि, और ग्रामीणों के साथ बैठक कर सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि इन दोनों बहुत तेजी से सड़क में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और लोगों की मौत हो रही है जीवन अनमोल है और इसे बचाने के लिए सड़क सुरक्षा का पालन अति आवश्यक है। उन्होने बताया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट लगाकर ही चलाएं और साथ में ईयर फोन का उपयोग न करें, इसके अलावा नाबालिक बच्चों को बाइक चलाने के लिए ना दें, साथ ही अधिक तेजी से बाइक ना चलाएं। वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियम का पालन अवश्य करें ओर साथ शराब पीकर वाहन नही चलाएं। चार पहिए वाहन में सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अभिभावकों से छात्र-छात्राओं से सड़क सुरक्षा का पालन करने का आग्रह किया। इस मौके पर मुखिया शैलेश चौबे सहित ने पंचायत प्रतिनिधि और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### हरिहरगंज में एएनएम व डी फार्मा की पढ़ाई जल्द शुरू होगी : डॉ. विनोद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज के कौवाखोह में महावीर स्वास्थ्य संस्थान के अंतर्गत संचालित डॉ विनोद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंव हास्पीटल में एएनएम, डी फार्मा की पढ़ाई जल्द शुरू होगी। एमबीबीएस डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि हरिहरगंज में एएनएम , जीएनएम, बीएससी नर्सिंग एवं डी फार्मा की पढ़ाई जल्द शुरू होगी, जनवरी में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हरिहरगंज में संस्थान खुलने से इस क्षेत्र में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर होगा। डॉ विनोद ने बताया कि छात्र छात्राओं को हर संभव बेहतर सुविधा दी जाएगी एवं हास्पीटल में भी लोगों का समुचित इलाज होगा, लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले यही उनकी पहली प्राथमिकता है। इंस्टीट्यूट खुलने से गरीब छात्र छात्राओं को एएनएम,डी फार्मा एवं अन्य कोर्स करने में दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा, उन्होंने कहा की नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राएं मोबाइल नं 9934967763 पर संपर्क कर सकते है।

## सर्वेश्वरी समूह द्वारा गरीबो के बीच किया गया कम्बल का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के सदस्यों द्वारा स्थानीय वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के बीच मंगलवार को कम्बल वितरण किया गया.इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा समय समय पर मानव मात्र की रक्षा के लिये जन उपयोगी कार्यक्रम चलाया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कम्बल वितरण, अन्य खाद्य पदार्थ, मेडिकल कैम्प, स्वच्छता के लिये मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, विद्यालय में झाड़ू वितरण, पेयजल स्त्रोतों की सफाई, समाजिक कुरीतियां यथा नशाखोरी, छुआछुत, जातिप्रथा, दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान सहित अन्य कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कम्बल का वितरण चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा. जिसके अंतर्गत गांव व अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर जाकर वृद्धजनों, असहायों के बीच कम्बल वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों के घर जाकर उन्हें कम्बल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आम जनों, वृद्धजनों व मानव मात्र की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समूह हमेशा से सामाजिक कुरीतियों, छुआछुत, नशाखोरी, भेदभाव को मिटाने का आह्वाहन करते हुये लोगो मे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करता है। इसके लिये समय समय पर युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाता है. मौके पर शाखा के मंत्री आनन्द जायसवाल, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, राजेन्द्र यादव, प्रो0 प्रशांत सहाय, नवनीत कुमार सिन्हा, नागेंद्र प्रसाद, वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू, शिक्षक संजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## पाटन के सहायक अध्यापक 28 को घेरेंगे मुख्यमंत्री का आवास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन (पलामू) :** मंगलवार को बीआरसी किशनपुर, पाटन के प्रशाल में पारा शिक्षकों की एक बैठक की गई, आज के बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह एवं संचालन प्रखंड संयोजक सुनील कुमार पांडेय ने किया। आज के बैठक का उद्देश्य पारा शिक्षक के प्रदेश समन्वय समिति के निर्णय अनुसार 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पाटन के सभी पारा शिक्षक रांची चलने पर विचार विमर्श किया गया। आज के बैठक में निर्णय लिया गया कि पाटन प्रखंड के सभी पारा शिक्षक अपने सुविधा अनुसार 28 दिसंबर को 10:00 बजे मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आज के बैठक में सूरत राम, विवेक कुमार, रोशन लाल यादव, अंबिका सिंह, विमलेश कुमार सिंह, रविंद्र पासवान, महेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम कुमार, जयप्रकाश सिंह, संजय सिंह, अजय कुमार मांझी, विरेन्द्र कुमार, प्रवेज आलम आदि सैकड़ों पारा शिक्षक उपस्थित थे।

### भाजयुमो का किया गया विस्तार, शैलेश बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भाजपा मंडल इकाई के द्वारा मंडल कार्यालय भवनाथपुर मे सांगठनिक विस्तार एवं चुनावी रणनीति पर चर्चा हेतु भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव की अध्यक्षता मे बैठक बुलाई गई,जिसमें मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा की वर्तमान कार्यकलापों पर चर्चा हुई और समीक्षोंप्रांत युवा मोर्चा का विस्तार करते हुए सभी 9 पंचायतों से युवाओं का चुनाव कर कार्यकारिणी कमिटी बनी। जिसमे शैलेश कुमार चौबे को अध्यक्ष वही उपाध्यक्ष के रूप मे निरंयु कुमार पाठक और दयानंद प्रजापति, महामंत्री अंकित कुमार सिंह, ज्वाल पासवान, मंत्री रामसूरत राम, दयानंद यादव, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार पासवान, शोसल मीडिया प्रभारी मनोज कुमार रजक, आईटी सेल प्रभारी चमन कुमार सिंह, संयोजक प्रियंका देवी सह संयोजक नवनीत कुमार यादव को बनाया गया वही 21 लोगों की कार्यसमिति के रूप मे चयन किया गया।मौके पर भाजयुमो जिला कमिटी से भवनाथपुर प्रभारी के रूप मे आये राजु रंजन पासवान के द्वारा सभी निर्वाचित कमिटी को बधाई देते हुए पार्टी के कार्यो पे बात रखी गई, नमो एप पर पार्टी के कार्यो, रिपोर्ट को जमा करने और पंचायत स्तर पर युवा मोर्चा पंचायत कमिटी बनाकर संगठन को मजबूत करने सहित पार्टी लोकसभा और विधानसभा मे पूर्ण बहुमत से चुनाव में जीत दर्ज करे इसकी रणनीति और कार्यो से अवगत कराया।

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आए अक्षत व निमंत्रण पत्र का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर के वरिष्ठ नागरिक समिति के कार्यालय में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के द्वारा श्री राम मंदिर से आए अक्षत व निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया। निमंत्रण पत्र के साथ अक्षत और कलश का वितरण किया गया। श्री राम मंदिर के दर्शन हेतु पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद द्वारा निमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी, सेमरा, सलतुआ, झरीवा, चैनपुर, भड़गावां, करसो, बोडी एवं शाहपुर के धर्मावलंबियों के बीच निमंत्रण पत्र और कलश का वितरण किया गया। श्री महावीर मंदिर में मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदी परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख महेंद्र नाथ ने कहा पूरे विश्व के हिंदुओं एवं भारतवर्ष के लिए यह एक अद्भुतपर्व आनंद का क्षन होगा, जब प्रभु श्री राम अपने दिव्य भव्य और नव्य मंदिर में विराजित होंगे।श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी 2024 को अयोध्या जी के साथ-साथ चैनपुर क्षेत्र के सभी मठ मंदिर को सजाया जाएगा तथा भजन कीर्तन एवं अनुष्ठान किए जाएंगे। प्रसाद बाटेंगे तथा सभी मंदिरों में भंडारा भी होगा। समस्त हिंदू समाज अपने आसपास के मंदिरों में एकत्र होकर सामूहिक पूजन एवं आरती में भाग लेंगे। संध्या काल में सभी अपने-अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाएंगे। किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज दास ने कहा कि पंचायत के सभी मंदिरों में फूलों से सजाया जाएगा। गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। सभी पंचायत के लोगों से आग्रह किया कि अपने-अपने घरों में दीप जलाएंगे। कार्यक्रम का संचालन मुखिया अरविंद तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री आशीष चौरसिया, विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्माचार्य प्रमुख राजेंद्र मिश्र, समाज सेवी महेंद्र प्रसाद, वरिष्ठ नागरिक समिति के संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद, भाजपा किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज दास ,सोनू कुमार, संजय प्रसाद सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## केजीएन कमिटी की मदरसा में हुई बैठक, दहेज लेने वालों का होगा विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड के नौडीहा खजूरी पंचायत के कारीमाटी के मदरसा में केजीएन कमिटी की बैठक किया गया जिसमें गोपालपुर, पहाड़ी, नौडीहा के सभी मुसलमान एकत्रित होकर निर्णय लिया कि राज्य स्तर पर चलया जा रहा तहरीके बेरादरी (जागरूकता) के तहत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लड़का या लड़की के शादी में डीजे, पटाखा, नही लेजाएंगे न अपने गांव में लाने देंगे वही दहेज लेंगें न देंगे दहेज मांगने वालों के खिलाफ विरोध करेंगे वही गांव में किसी तरह के नशाखोरी करने वालो के खिलाफ केजीएन कमिटी समझा-बुझा कर अगर नही मानते है तो उसके खिलाफ शख्ती कर सही रास्ते पर लाने का कोशिश करँगे बैठक में मौलाना, जुनैद बिसबाहि, कारी असलम हुसैन, हाफिज नुरुल्लाह, सदर कमालुद्दीन अंसारी, सिकरेट्री उस्मान अंसारी, जन्नत हुसैन, निजामुद्दीन अंसारी, जमालयद्दीन अंसार, गुलाम सरवर, शमीम अंसारी, गफूर अंसारी, नईम अंसारी समेत काफी लोग मौजूद थे।

## पंजरी कला पंचायत में संपन्न हुई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी कला पंचायत मुख्यालय में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ विक्रम आनंद, मुखिया रंभा मिश्रा, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, जिला डीआरडीए के सहायक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कहा कि सरकार का प्रत्येक योजना लाभदायक है। जिसका लाभ सभी जरुरत मंदो को मिले , लाभ लेने के लिए सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाएं, की जानकारी सभी को होनी चाहिए। पंजरी कला पंचायत की मुखिया रंभा मिश्रा ने कहा कि शिविर में आयोजित कार्यक्रम के तहत अलग-अलग योजनाओं की स्टाल लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। साथ ही अबुआ आवास गुरु जी क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री सिंचाई को संवर्धन का आवेदन, राशन कार्ड सहित अलग-अलग समस्याओं व जरूरत के अनुरूप आवेदन लिए जा रहे हैं। आगे भी लोग अपनी जरूरत के अनुरूप योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंचायत में आकर आवेदन कर सकते हैं। आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य किए जाते रहेंगे। मुखिया श्रीमती मिश्रा ने बताई कि शिविर में कई तरह के समस्याओं का आवेदन प्राप्त हुआ। कई समस्याओं का निष्पादन तो ऑन द स्पॉट किया गया।मौके पर उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, बीपीओ अरविंद कुमार सिंह, बीपीआरओ, मुकेश कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 2238 आवेदन, 1175 का निष्पादन, 1063 रहे लंबित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पिपरडीह पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिपस रानी बाला, बीडीओ विकास कुमार, सीओ सुनील कुमार, मुखिया उषा देवी,बीडीसी कृष्णा राम,उपमुखिया असगर अली ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास है। जिन लोगों का पक्का घर नहीं है वैसे लाभुकों को को चिन्हित कर अबुआ आवास दिया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनकर प्रशासन के द्वारा लगातार निष्पादन करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पहल से आपकी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित निष्पादन करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है आप सभी लोग उसका लाभ उठायें.आपकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। शिविर में सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 2238 आवेदन प्राप्त हुये , जिनमे 1175 का त्वरित निष्पादन किया गया, जब कि1063 आवेदन लंबित रहे। विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल पर अबूवा आवास योजना 940, आयुष्मान कार्ड 130, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना6, मनरेगा के तहत नये कार्य 15, मनरेगा के तहत नया जॉब कार्ड, राशन कार्ड में संशोधन या नया 72, कंबल वितरण 11 , सर्वजन पेंशन योजना 24, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 8, आधार पंजीकरण 8, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 1, पेयजल एवं स्वच्छता, पोर्टल नया पंजीकरण 10, स्वास्थ्य जांच 76, आजीविका एसएचजी आईडी कार्ड सहित कुल 896 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमरनाथ पांडेय, प्रमोद कुमार, मुखिया पति भगवान राम, उपमुखिया असगर अंसारी, आप नेता मंटू पांडेय, शिक्षा विभाग के बीपीओ तहमीना परवीन, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रधान सहायक अनिल सिंह, ब्लॉक कोडिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, पंचायत राज प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक बिरेन्द्र यादव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, एसआरपी दीपशिखा, अस्तरुन निशा, सरोज सोनकर, भरत कुमार, पल्लवी चौबे, रोहित कुमार, विक्रम कुमार, सहित बड़ी संख्या में पंचायत के महिला पुरुष उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के सिसरी पंचायत भवन के समीप आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविंद्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, मुखिया श्वेता देवी तथा उप प्रमुख देवदत प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, पेंशन, कल्याण, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन, बिजली विभाग, बैंक, जेएसएलपीएस, कृषि, श्रम, भूमि सुधार, पेयजल विभाग, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई विभाग के अलग अलग स्टॉल लगाए गये थे। इसमें प्रमुख आभा रानी ने कहा राज्य सरकार ने प्रखंड के सभी पंचायतो में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। ताकि पंचायत के लोगो की समस्याओं का समाधान हो सके। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को लोगो तक पहुंचाया जा सके। बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को गांव के हर व्यक्ति तक पहुचाना है। साथ ही ग्रामीणों को शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल की जानकारी दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण आवेदन देने लेकर पहुंचे थे। संबंधित स्टॉल पर प्राप्त आवेदन का तुरंत रजिस्ट्रेशन कर दिया जा रहा था।इस दौरान सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, बीपीओ कमलेश पासवान, पंचायत सचिव उमेश राम, लेखपाल अशानंदन राम, ऑपरेटर मनीष कुमार, सचेत कुमार, बीटीएम संतोष कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## अब्दुल्ला अंसारी ने दो परिवार को किया आर्थिक मदद

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड के दो परिवार को आथिर्क मदद किया . खलारी के मोहननगर निवासी राजेश लोहारा और डुंडू निवासी स्वर्गीय धनराज लोहरा दोनो बीमार थे, रांची रिम्स में इलाज चल रहा था इलाज के दौरान एक सप्ताह पूर्व मौत हो गया था.जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुला अंसारी ने दोनों के घर जाकर परिवारवालों से मिलकर दुख व्यक्त करते हुए ढांढस बढ़ाया साथही दोनों परिवारों को खाद्य सामग्री दिया साथही आर्थिक मदद भी किया .

## पुरनाडीह कॉलोनी में लगा कचड़े का अंबार

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया क्षेत्र के रोहिणी परियोजना अंतर्गत पुरनाडीह कॉलोनी में कचड़े का अंबार लगा हुआ है.कॉलोनी के मुख्य द्वार के समीप कचड़ा का ढेर लग गया है, यही नहीं कचड़े की नियमित सफाई नही होने के कारण कचड़ा काफी मात्रा में जमा हो गया है.कॉलोनी में रहने वाले लोग गंदगी के बीच रहने को विवश हैं लेकिन इन श्रमिको को गंदगी से मुक्त कराने के लिए कोई सुध नहीं ले रहा है. वहीं कॉलोनी में लगा कूड़े कचरों को ढेर कई तरह के बीमारियो को भी दावत दे रहा है. हालांकि रोहणी प्रबंधन द्वारा सफाई की व्यवस्था की गयी है परंतु इसका सही तरीके से देखभाल नही किया जा रहा है .ठीकेदार द्वारा डे टू डे कचड़ा घरों से जमा किया जाता है जो नाकाफी साबित हो रहा है.प्रबंधन को चाहिये कि प्रतिदिन डे टू डे तो कचड़ा घरों से ठेकेदार द्वारा उठाव किया जाता है लेकिन कॉलोनी में काफी कचड़ा जमा होता है ऐसे में गाड़ियों से कचड़े का उठाव समय समय पर निरंतर करने की जरूरत है.जो नही हो रहा है ,प्रंधन का पैसा तो सफाई के नाम पर खर्च हो रही है पर धरातल पर दिख नही रहा है.यूसिडब्लूयु के एरिया कार्यकारी अध्यक्ष अमृत भोगता ने कहा कि जो कॉलोनी के बाहर डस्टबिन में कचड़ा जमा होता है उसकी भी सफाई और कचड़े का उठाव प्रति दिन करना चाहिए क्योंकि ज्यादा दिन रहने के बाद सड़क पर कचड़ा फैल जाता है. जिससे सड़क से गुजरने वाले व श्रमिको को कॉलोनी आने जाने में काफी परेशानी होती है.श्री भोगता ने रोहिणी प्रबंधन से नियमित साफ सफाई कॉलोनी में ढेर लगे कचड़े की सफाई करवाने की मांग करते हुए कॉलोनी के नाली एव झाड़ियों की सफाई करनें की मांग की है.

## बचरा दक्षिणी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में आज आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बताया शिविर में जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,वृद्वा पेंशन, विधवा पेंशन,अबुआ आवास योजना,जॉब कार्ड,गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राशन कार्ड में संशोधन, सावित्रीबाई फुले योजना, जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र,बिरसा सिंचाई कूप योजना,लगान रसीद, दिव्यांगता प्रमाण पत्र,हरा राशन कार्ड का फार्म जमा किया जाएगा।उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## शिवराम साधु मेला सम्पन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला पथ जामडीटांड़ उरांग गाड़ा नदी पूल के समीप शिवराम साधू मेला का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य रूप से सिल्ली राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ,समाजसेवी श्यामसुंदर महतो उपस्थित थे। मेले में पंता नाच ,मुर्गा लड़ाई आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजा पुष्पेंद्रनाथ सिंह देव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मेले के आयोजन होने से लोगो को आपस मे जोड़ता है अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को एक मंच है। हर वर्ष की भाति इस बार भी भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर मेले का आनंद लिया। वही छोटे-छोटे बच्चों ने अपने खेल की सामग्री खेल खरीदते देखे गए। इस मौके पर , ठाकुरदास कोईरी ,बजरंग पतर सिंह मुंडा, देवेंद्र प्रसाद महतो, हरिराम लोहार, रविंद्र नाथ महतो, परशुराम महतो, रंजीत महतो, नीलकन्त यादव ,गणेश चंद्र करमाली ,गोपीनाथ करमाली, रूपेश करमाली समेत काफी काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत : गुरविंदर सिंह सेठी

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा राँची जिला ग्रामीण द्वारा टाटीसिलवे में वीर साहिबजादों के शहादत पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो की अध्यक्षता में एक हॉल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वीर बाल दिवस कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक गुरविंदर सिंह सेठी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरविंदर सिंह सेठी ने कहा कि आज पूरा देश सिक्खों के दसवें धर्म गुरू गोविन्द सिंह के सुपुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद कर रहा है,उनसे प्रेरणा ले रहा है।आजादी के अमृतकाल में वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर 2023 राष्टीय दिवस घोषित किया गया है।09 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो ने कहा की मुगल शासको ने इस्लाम धर्म ना कबूल करने पर दोनों बाल वीरों को जिंदा दीवाल में दफन कर दिए था। परंतु 65 साल के शासनकाल में कभी कांग्रेस सरकार उनकी इतिहास को सामने नहीं आने दिया। कार्यक्रम के बाद अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा हॉल में लगे वीर बाल दिवस पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के पूर्व सरला बिरला स्कूल परिसर में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

## विधायक ने विद्यालय में अतिरिक्त कमरे व पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के दोवाडु पंचायत के गाम्हारटीकरा गांव में मंगलवार को विधायक सुदेश कुमार महतो ने एक हजार फीट पीसीसी पथ एवं गांव के नव प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त दो कमरे के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विद्यालय में अतिरिक्त दो कमरे का निर्माण विधायक मद के लगभग 7 लाख रुपए की राशि से किया जाना है। वहीं गाम्हारटीकरा से फुलटांड़ तक 1 हजार फीट पीसीसी पथ का निर्माण जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत 18 लाख रुपए की लागत से किया जाना है। मौके पर गूंज महोत्सव में सम्मान समारोह में अनुपस्थित रहे पाहन, स्वास्थ्य सहिया, ग्राम प्रधान एवं जलसहियाओं को विधायक सुदेश कुमार महतो ने उनके गांव में ही उन्हें सम्मानित किया। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख आरती देवी, विजय चंद्रा महतो एवं डॉ सुधीर यादव समेत अन्य अतिथियों ने आसपास के 90 बृद्ध जनों के बिच कंबल का वितरण किया।

## बुढ़मू प्रखण्ड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत अभिनंदन पत्र प्रदान किया जा रहा

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू में भूमि संसाधन विभाग ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत पात्र गांवों को अभिनंदन पत्र वितरित करने और ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने की योजना बनाई है साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों के बीच जागरूकता पैदा करने और योजनाओं के शत-प्रतिशत



संतृप्ति के लिए उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह सफर झारखंड जिले के बुढ़मू प्रखण्ड में भी निरंतर जारी है। इस अवसर में अजय तिर्की सचिव भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार के द्वारा भूमि अभिलेखों के डिजिटाइजेशन में सराहनीय कार्य के लिए ठाकुरगांव पंचायत को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। और साथ में गुरगाई पंचायत में जिला परिषद सदस्य पूर्वी श्री मनोज बाजपाई द्वारा मुखिया श्रीमती जयंती देवी को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में अंचल अधिकारी श्री शंकर कुमार विधार्थी, प्रखंड विकास अधिकारी धीरज कुमार, साथ में सरपंच कमल मोदी ठाकुर गांव ठाकुर गांव मुखिया सचिन पहान, गुरुगाई मुखिया श्रीमत जयंती देवी, और समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुरसा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत सुरसा पंचायत भवन में मंगलवार को, आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में मांडर बीडीओ मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में बीडीओ ने राज्य सरकार की योजनाओं अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टुडेंटस क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा,केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जॉब कार्ड, कंबल, धोती साड़ी, साइकिल वितरण, स्वयं सहायता समूह के सखी मंडल को ऋण की राशि समेत कई योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन लिए गए। मौके पर समाजसेवी, आबिद अंसारी, अजबुल अंसारी, साकिर इस्लाही, अनूप राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### तरंगा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का कार्यक्रम का आयोजन

**चान्हो :** चान्हो प्रखण्ड के तरंगा पंचायत भवन में मंगलवार को आपकी योजनाआपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। मुख्य रुप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार और अंचलाधिकारी संजिव कुमार और जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। अबुआ आवास योजना गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण बुजुर्गो, जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण मनरेगा से संबंधित नई योजना, जॉब कार्ड, साईकिल वितरण, अंचल कार्यालय से विद्यार्थियों के बीच जाति प्रमाण पत्रों सहित प्रखण्ड स्तरीय कई योजनाओं से संबंधित परिसंपतियों का वितरण जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी पंचायत समिति सदस्य तबरेज खान तरंगा पंचायत मुखिया पूनम उरांव और सम्मानित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आमजनों के सुविधा, जानकारी और आवेदन भरने और आवश्यक सभी सहयोग के लिए सभी जनसेवक सभी पंचायत सचिव सभी रोजगार सेवक सभी प्रखण्ड कर्मी का अहम सहयोग रहा। मौके पर तरंगा पंचायत के उप मुखिया संदीप कुमार वार्ड सदस्य ज्ञान रोपना सुपरवाइजर पुनम देवी, थाना प्रभारी जीतेन्द्र कुमार सिंह आवास कोर्डिनेटर हफैजुल रहमान, वार्ड सदस्य रोपना उरांव सिबरा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# सीआईएसएफ के बचरा कैंप में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के बचरा कैंप में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस मौजूद थे।

उन्होंने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की और क्रिसमस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों और जवानों को क्रिसमस की बधाई दी।इस संबंध में सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस ने बताया कि क्रिसमस का त्योहार आपसी भाईचारगी और खुशहाली का संदेश देता है।प्रभु यीशु के जन्मदिवस को क्रिसमस त्योहार के रूप मे मनाया जाता है।प्रभु यीशु ने विश्व में शांति और एकता का संदेश दिया है।इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने भी एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। कार्यक्रम को लेकर बचरा कैंप को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।इस मौके पर सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस,डिप्टी कमांडेंड उपेंद्र सिंह,इंस्पेक्टर संतोष नेगी,इंस्पेक्टर सरफराज आलम,भगवान सिंह सहित सीआईएसएफ के कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

# सभी प्रखंडों के पंचायत स्तर एवं नगर पंचायत वार्ड में लगाए गए शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले के विभिन्न पंचायत एवं नगर पंचायत के वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। साथ ही संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों के आलोक में संबंधित अधिकारियों निर्देशित किया कि आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत आयोजित षिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद, मरेगा, अबुआ आवास योजना, आधार कार्ड सुधार एवं पंजीयन आदि योजनाओं से संबंधित लगाये गयो थे। उक्त स्टॉलों पर ग्रामीणों की समस्याओं एवं योजनाओं से लाभ प्राप्त करने संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। आन दी स्पॉट संबंधित विभाग द्वारा आवेदनों का यथासंभव निष्पादन करने का प्रयास किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ लेने की अपील की गयी। ग्रामीणों से संचालित योजनाओं के प्रति जागरुक होकर लाभ उठाने की अपील की गई। आप सभी शिविर में आकर अपनी शिकायतों और समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, यथासंभव ऑन दी स्पॉट निराकरण किया जाएगा। झारखंड सरकार द्वारा प्रारंभ की गई अबुआ आवास योजना की चर्चा करते हुए ग्रामीण से इस योजना से लाभ प्राप्त करने की अपील की गई। योजनाओं का लाभ पाने के लिए संबंधित आवश्यक कागजातों के साथ शिविर में आकर आवेदन जमा करें। सभी योग्य पात्रों को सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। मेहा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहीत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में 42 लाभुकों को सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ, कृषि विभाग के द्वारा 4 लाभुकों को बीज वितरण, 4 किशोरियों को सावित्री बाई फूले किशोरी साम समृद्धि योजना का लाभ, एक आंगनबाड़ी बच्चे का अन्नाप्रशन, एक महिला की गोदभराई तथा छ्स्स्क्क के 14 दीदीयो को द्रुष्ठ वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम में विभागों के द्वारा 290 आवेदन प्राप्त किये गये, 66 लोगों को परिसम्पति का लाम दिया गया तथा 103 लोगों का स्वास्थ्य जाँच किया गया।

**Government of Jharkhand Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
3rd Floor, FFP Building, Dhurwa, Ranchi 834004, Jharkhand
PhoneNo.:-0651-2401741, e-mail : jh-ce@pmgsy.nic.in

**PR No. 312770 dated 06.12.2023.**

Jharkhand State Rural Road Development Authority (JSRRDA),a wholly owned Authority under Rural Works Department (RWD), Government ofJharkhand is responsible for planning, execution and maintenance of PMGSY Roads/Bridges in Jharkhand State.

JSRRDAinvites application for filling up vacant contractual posts of its head office from persons of requisite qualification and experience as mentioned below.

**CURRENTVACANCIES (Very Short Notice)**

| Sl.No. | Nameof Post | UR | EWS | ST | SC | OBC | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Finance Controller | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

*Detailed terms and conditions, eligibility criteria along with the application Performa can be downloaded from website www.pmgsytendersjhr.gov.in ->Downloadsorcollected from JSRRDAofficeat 3rd Floor,F.F.P. Building,Dhurwa,Ranchi -834004 duringoffice hours between 26/12/2023 to 02/01/2024. Last Date of submission of application is 02/01/2024 by 5 pm through prescribed mode.*

**EligibilityCriteria and Other Details**

| Sl. No. | Post | UpperAge as onclosing date i.e.31.10.2023 | Essential Qualification | EssentialPostQualificationExperience |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | Finance Controller<br>Salary:Rs.1,00,000/- per month consolidated | 64Yearsforthe candidate who isRetiredOfficer of State Finance Service /Retired Senior Accounts Officer of AG Jharkhand& 50 years for other candidates | Working/ Retired Officer of State Finance Service / Senior Accounts Officer of AG Jharkhand or Chartered Accountant with relevant experience | • Should have at least 8 years' post qualification experience in finance controlling, finance management and analysis at senior level in corporates/ Government Organization(s).<br>• ExperienceinPreparing and Reviewing financial statements, expenses and statutory returns to identify the best strategy for various compliances<br>• Should have experience of handling Internal,statutory and governmentaudits.<br>• Shouldhave knowledgeof statutory provisions and applicable rules/ regulations.<br>• Should have legal drafting skills, presentation skills, knowledgeof SNA and working under computerized environment. |

Chief Engineer
JSRRDA,Ranchi

PR 314310 Rural Work Department(23-24)D

## महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बचरा के कई जगहों पर कराया अलाव की व्यवस्था

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने पिपरवार क्षेत्र के बचरा इलाके की कई जगहो पर अलाव की व्यवस्था कराया।अलाव व्यवस्था कराने के बाद



स्थानीय ग्रामीणो ने गुंजन सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।इस संबंध मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा इलाके मे बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए सभी जगह घूम घूमकर अलाव की व्यवस्था कराया गया है।अलाव की व्यवस्था होने से गरीबों को ठंड से राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को भी इस तरह के सहयोग कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने चतरा उपायुक्त, टंडवा बीडीओ सहित सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक से पिपरवार क्षेत्र के चौक चौराहो और बाजारों के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।इस पुनीत कार्य में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के अलावे,झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव पिंकी सिंह,युवा प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज, समाजसेवी किशन कुमार सिंह,रोहन महतो,सीता देवी, कौशल्या देवी,संगीता देवी, रीता देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू में हुई कांग्रेस कमेटी की बैठक मे कमेटी का हुआ गठन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के बुण्डु पंचायत मे कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता एंव संचालन रविंद्र कुमार गुप्ता ने किया।मुख्य अतिथि के रूप मे इंटक प्रदेश सचिव सह



विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज मौजूद थे।बैठक मे पार्टी को मजबूत बनाने और पार्टी के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे बुंडू पंचायत कमेटी का गठन किया गया,जिसमे अध्यक्ष मोहन करमाली,उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू,सचिव भोला साव,कोषाध्यक्ष राजदीप साव,उपसचिव जलेश्वर महतो,संरक्षक पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो,मनेष उरांव,मीडिया प्रभारी जितेंद्र राम,उप संरक्षक शिवन तुरी, राजू तुरी को बनाया गया।वही सावित्री देवी को महिला पंचायत प्रभारी बनाया गया।बैठक मे भोला साव,सुरेंद्र साव,बसंत कुमार,अर्जुन शर्मा,मनोज रविदास,तुलसी महतो,हीरालाल महतो,उमेश कुमार,अनिल गंझु,मुबारक अंसारी,अरुण कुमार,उपेंद्र कुमार,रोहित कुमार,जितेंद्र राम,संदीप कुमार,सुलेंद्र महतो,आलोक महतो,संतोष महतो,भुनेश्वर महतो,विजय महतो,फुलदेव यादव सहित कई लोग मौजुद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी**

**ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:–10/RI/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक–23.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई० डी० सख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-08/2023-24 | खूँटी | टोटादाग से पिरीहातु भाया पतराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.200 कि०मी०) | 12,90,78,700.00 | बारह करोड़ नब्बे लाख अठहत्तर हजार सात सौ रू० मात्र। | 9 माह | द्वितीय |
| | | खूँटी | L023 लांदुप से बान्डीह पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.96 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | बेलाहाथी से खूँटी पुलीस लाईन तक पहुँच पथ का का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.20 कि०मी०) | | | | |
| | | तोरपा | तोरपा (दियांकेल) से सरनाटोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.75 कि०मी०) | | | | |
| | | तोरपा | केतारी मोड़ से सोनपुरगढ़ पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–10.79 कि०मी०) | | | | |
| 2 | RWD-KHU-STPKG-07/2023-24 | खूँटी | L033- रेवा से मान्हु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.052 कि०मी०) | 10,97,57,200.00 | दस करोड़ संतानबे लाख संतावन हजार दो सौ रू० मात्र। | 9 माह | द्वितीय |
| | | खूँटी | L056-T04 से डबगमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.000 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | L037- चुकरू से अक्ता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.400 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | L028- बाँधटोली से सागाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.600 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | बरकॉरगी हेसाग से फुदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.100 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | कालामाटी से सफायर स्कूल भाया डुँगरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.150 कि०मी०) | | | | |
| 3 | RWD-KHU-STPKG-03/2023-24 | मुरहू | गनालोया से गुरमी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.350 कि०मी०)। | 12,13,41,500.00 | बारह करोड़ तेरह लाख इकतालीस हजार पाँच सौ रू० मात्र। | 9 माह। | |
| | | मुरहू | खूँटी चाईबासा मेन रोड से तापिंगसरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.350 कि०मी०)। | | | | |
| | | खूँटी | अनीगड़ा से चालम पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.500 कि०मी०)। | | | | |
| | | खूँटी | हेसाहातु से तेरम भाया कानकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.160 कि०मी०)। | | | | |
| | | खूँटी | हुटार से चामड़ी भाया हड़ाम बड़ाम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.900 कि०मी०)। | | | | |
| | | खूँटी | बिचागुटु से रांगरोम भाया बानेयाडीह बीरडीह तारोडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.850 कि०मी०)। | | | | |
| 4 | RWD-KHU-STPKG-04/2023-24 | कर्रा | गुयू से सरमबेल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.800 कि०मी०)। | 11,07,34,100.00 | ग्यारह करोड़ सात लाख चौंतीस हजार एक सौ रू० मात्र। | 9 माह। | द्वितीय |
| | | कर्रा | घुनसुली से डाड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.350 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | छोटा जलडान्डु से चेरवादाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 3.000 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | L021 से घुनसुली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–0.700 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | सिलमा से हिसरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–0.850 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | मालगो से तपींगसेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य(लं०–2.250 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | कर्रा बालामोड़ मुख्य पथ से जवरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 5.500 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | जेरगा मोड़ से विरदा भाया साहीलौंग सेताहुरू तक पथ की का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.000 कि०मी०)। | | | | |
| 5 | RWD-KHU-STPKG-06/2023-24 | तोरपा | तोरपा से जरियागढ़ (गोविन्दपुर) भाया एरमेरे, टाटी, उकड़ीमारी, निधिया, जोजोदाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 17.000 कि०मी०)। | 14,89,27,500.00 | चौदह करोड़ नवासी लाख सताईस हजार पाँच सौ रू० मात्र। | 9 माह। | द्वितीय |
| 6 | RWD/KHUNTI/26/SRPKG/02/2022-23 | तोरपा | डोड़मा पी०डब्ल्यू०डी० पथ से खिजुरटोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०– 2.000 कि०मी०)। | 11,72,19,521.00 | ग्यारह करोड़ बहत्तर लाख उन्नीस हजार पाँच सौ इक्कीस रू० मात्र। | 9 माह | द्वितीय |
| | | बुण्डू | नवाडीह से लाली जामटोली घघराबेड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०– 7.620 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | कुशल मोड़ से भुस्साटोली होते हुए नदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०– 2.300 कि०मी०)। | | | | |
| | | तोरपा | अंगराबाड़ी से कंडियोर भाया ओंकरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–10.250 कि०मी०) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 30.12.2023।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 08.01.2024 अपराहन 5:00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 10.01.2024 अपराह्न 3:30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 314308 Rural Work Department(23-24)#D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## वाहन ने सवारी टेम्पो को मारी टक्कर, 3 घायल



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हाता-चाईबासा मुख्य मार्ग के राजनगर मुख्य बाजार में अज्ञात वाहन ने टेम्पो को सीधे ठोकर मार दी, जिससे टेम्पो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. टेम्पो को ठोकर मरने के बाद वाहन फरार हो गया. टेम्पो पर सवार कपरा मुर्मू (25 वर्ष),शिवानी मुर्मू (5 वर्ष), लक्ष्मी बास्के (10 वर्ष) घायल हो गए. टेम्पो चालक टीकाराम बास्के (45 वर्ष) को अंदरुनी चोट लगा है. सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर लाया गया. घटना बीते सोमवार रात लगभग नौ बजे की बतायी जाती है. टेम्पो चालक टीकाराम बास्के ने बताया कि कुमढ़ाशोल से लौटने के क्रम में जैसे ही राजनगर बाजार पहुंचा तो सड़क पर एक पिकअप वैन गाड़ी खाड़ी थी. उसी पिकअप वैन को पार करना चाह रहे थे कि तेज रफ्तार से एक ट्रेलर आकर मेरे टेम्पो के अगले हिस्से में ठोकर मार दिया, जिससे मेरा टेम्पो क्षतिग्रस्त हो गया तथा टेम्पो पर सवार लोग भी घायल हो गए।

## नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण का रजिस्ट्रेशन 2 जनवरी तक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 7 एवं 8 जनवरी 2024 को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन (आम बागान मैदान के पास) में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की संयोजिका उषा चौधरी एवं खुशबू कांवटिया ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इसका लाभ लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि मंगलवार 2 जनवरी तक हैं। पंजीकरण इस नंबर पर 7979803956 एवं 8789833020 करवाया जा सकता हैं।

## वनवासी कल्याण केंद्र ने सबरों में बांटे कंबल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनवासी कल्याण केंद्र जमशेदपुर महानगर की ओर से मंगलवार को पटमदा प्रखंड के जोड़सा सबर टोला में 50 आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के बीच कंबल व करीब 100 बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से शरत सिंह सरदार, पंचानन दास, रामनाथ सिंह, श्यामपद सिंह, उमाशंकर कुंभकार व अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

## भटली परिवार के 46 सदस्य रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा के लिए रवाना



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्याम भटली परिवार टाटानगर के 46 सदस्यों की टीम रेल मार्ग से रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुई। टीम का नेतृत्व कर रहे भटली परिवार के सदस्य ललित डाँगा ने रेल मार्ग से कोयम्बटूर जाएंगे। आगे की यात्रा सड़क मार्ग से होगी। कोयंबटूर यात्रा में जाने वाले प्रमुख सदस्य क्रमशः जवाहर लाल डाँगा, ललीत डाँग, प्रवीण भालोटिया, मदन अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, देवाशीष चौधरी, बिस्सू नरेडी, मोहन केडिया, हरिकिशन अग्रवाल, राम कृष्ण कुइला, अजय गोयल, बिनय अग्रवाल ,प्रभात अग्रवाल, पुष्पा देवी, विजया देवी, उमा डाँगा, खुशी डाँगा, नेहा भालोटिया, मेघा सिंघानिया, सानवी सिंघानिया, टिशा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, ऋतु, नीतू, पिंकी, प्रथम, प्रियांश, अंश, विदिशा, ऋतिक, शिवम आदि हैं।

## कुचाई के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र गिलुवा में सरकार आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रोलाहातू पंचायत के गिलुवा स्कूल मैदान में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें खरसावां विधायक दशरथ गागराई मुख्य रूप से उपस्थित हुए। शिविर का विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक दशरथ गागराई, प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, बीडीओ साधुचरण देवगम, पंचायत समिति सदस्य सोनामनी मुंडा, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, मुखिया करम सिंह मुंडा, मुखिया राम सोय, मुखिया शास्त्री सांगा ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही रोलाहातु पंचायत के विभिन्न गांव से पहुंचे लाभुकों को विधायक ने परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से बीटीएम राजेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा, समाजसेवी मुन्ना सोय, राहुल सोय, भोंज सांगा, बीपीओ कुंदन बाजपेई, लिपिक सुबोध टुडू, पंचायत सचिव अजित महतो आदि उपस्थित थे।

### तुता पंचायत में आयोजित हुआ सरकार आपके द्वार का अंतिम कार्यक्रम

# बेघरों को मिलेगा आबुआ आवास लाभ : सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला- खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के तुता पंचायत सचिवालय परिसर में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का अंतिम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो, विधायक सविता महतो, उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, एसडीएम गिरजा शंकर महतो, एल आरडीसी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं सभी ने स्टालों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान सचिव टोप्पो ने स्टालों में जमा कर रहे आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। अपने संबोधन में विधायक सविता महतो ने लोगों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी



और सरकार के योजनाओं का लाभ सुयोग्य लोगों को लेने की अपील किया। इस दौरान सचिव विधायक व उपस्थित पदाधिकारियों ने बुजुर्ग महिलाओं के बीच कंबल, ट्राई साइकिल, सखी मंडलों व फुलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत चेक सहित कई परिसम्पतियों का भी वितरण किया। वहीं सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि आबुआ आवास का आवेदन जरूर करें और इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में भी लोग काफी उत्साहित देखा गया। इस अवसर पर बीडीओ किकु महतो, सीओ,प्रमुख गुरूपद मार्डी,विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो, मुखिया संगीता देवी आदि काफी संख्या में पंचायत के लोग उपस्थित थे।

## शास्त्री नगर में तोड़े गये 43 दुकानदारों को मिले नई दुकान की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इसी वर्ष 9 अप्रैल को शास्त्रीनगर में दो समुदायों के बीच हुऐ हंगामा के बाद शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 2 में 43 पुराने दुकानदारों को बगैर नोटिस दिए उनके दुकानों को टाटा स्टील यूआईएसएल ने जिला प्रशासन के मौजूदगी में तोड़ दिया था। इसको लेकर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के वाइस चेयरमैन रईस रिजवी छब्बन ने आज जिला मुख्यालय में उपायुक्त से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि 9 अप्रैल को शास्त्रीनगर में दो समुदाय के बीच हंगामा हुआ था और 11 अप्रैल को धारा 144 भी लगा हुआ था, इंटरनेट भी बंद किया गया था। टाटा स्टील यूआईएसएल ने सभी 43 दुकानों को बुलडोजर लगा कर तोड़ दिया। जो सरासर गलत हुआ था वो भी बगैर कोई नोटिस दिए। उन्होंने तोड़े हुए दुकान के मालिकों को दुकान दिलाने की मांग की है। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा लैंड और जेएनएसी से विचार विमर्श कर के सभी दुकानदारों के साथ न्याय करेंगे ।

## पीडीएस दुकानदार 1 जनवरी से जाएंगे हड़ताल पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदार 1 जनवरी से अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर रहेंगे। इसकी घोषणा सोमवार को पटमदा प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की ओर से आयोजित बैठक में अध्यक्ष शशधर महतो ने की। उन्होंने कहा कि जिला कमेटी के निर्देशानुसार जब तक विभाग या सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक उनलोग हड़ताल पर रहेंगे। इससे पूर्व बैठक के दौरान बनकुंचिया गांव के पीडीएस दुकानदार शांतिराम महतो के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु भगवान से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष शशधर महतो, सचिव विजय कुमार मंडल, निमाई चन्द्र मंडल, खड़ीवाला गोराई, बिजली महतो, शालीग्राम मंडल, लक्खी कांत दास, वर्षा कुमारी, गुलापी महतो, पूर्णिमा महतो, ठाकुरमनी महतो, रासमनी सिंह व कालीपद दास समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मुरुगडीह में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना जीएसएस मुरकुम

## झारखंड के खिलाड़ी देश विदेश में अपना जलवा दिखा रहे हैं : हरेलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** मंगलवार को मुरुगडीह में नेताजी क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जीएसएस मुरकुम ने लोकल टाईगर फुटबॉल टीम को ट्राईबेकर से पराजित कर विजेता बना। विजेता टीम को मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने नगद 1.70 लाख रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले लोकल टाईगर टीम को नगद 1.30 लाख रूपए, तृतीय स्थान नेताजी क्लब मुरुगडीह को नगद 60 हजार



रुपए व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले रोहित स्पोर्टिंग को नगद 60 हजार रूपए पुरस्कार दिया गया। इसके पूर्व हरेलाल महतो ने खिलाड़ी एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के खिलाड़ी देश विदेश में अपने प्रतिभा का जलवा बिखेर कर राज्य और देश का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार के असहयोग व उदासीनता के कारण सैकड़ों खिलाड़ी गुमनाम के अंधकार में खोने लगे हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, समाजसेवी अमूल्य महतो, सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष दिगंबर सिंह सरदार व सचिव परशुराम गोराई, दुर्योधन गोप, सुलोचना प्रमाणिक, भाजपा नेत्री सारथी महतो, अन्नपूर्णा देवी, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी महतो, प्रशांत महतो आदि उपस्थित थे।

## लाभुको ने अबुआ आवास सहित अन्य योजनाओ का लिया लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जगन्नाथपुर प्रखंड के कलैया पंचायत के पंचायत भवन स्थित में शिविर का आयोजन किया गया है. इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि जगन्नाथपुर विद्यायक सोनाराम सिंकु व विशिष्ट अतिथि सासंद प्रतिनिधि सह 20 सूत्री अध्यक्ष ललित दुराईबुरु,प्रखंड प्रमुख भरत गोप,मुखिया जयश्री तिरिया ,उप मुखिया रश्मि रेखा बिरुवा, पंचायत प्रतिनिधि उमेश चंद्र तिरिया, बीससुत्री सदस्य महेंद्र तिरिया, समाजसेवी ललित बोबोंगा व ग्रामीण मुंडा हरिचरण तिरिया, संग्राम सिंह, शुभनाथ खिलार, बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ मनोज मिश्रा सहित वार्ड मेम्बर द्वारा विधिवत्त दीप प्रजालित कर शुभारंभ किया गया. उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। मौके पर



विद्यायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि आप सभी के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है कि एक ही जगह पर आपको सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल रहा है। वही ललित दुराईबुरु ने सभी से कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों को यथा संभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है। वही पंचायत की मुखिया जयश्री तिरिया ने कहा कि सरकार की सोच शिविर में अधिक से अधिक लाभ मिले. शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि, शिक्षा, कल्याण, आपूर्ति, ग्रामीण विकास, पेयजल एवं स्वच्छता, श्रम विभाग, अबुवा आवास, जॉब कार्ड, लोक अदालत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला ईंधन योजना, एस्पायर संस्था, बिजली विभाग, आधार कार्ड, वन विभाग, पशुधान योजना, कृषि सबंधित समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए।

## पोहा बालू घाट में पुलिस की छापामारी से पहले भाग निकले बालू माफिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** सरायकेला एसडीओ पारुल सिंह के निर्देश पर राजनगर के थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह अवैध बालू खनन के खिलाफ थाना क्षेत्र के पोहा बालू घाट पर औचक छापेमारी की गई. इस दौरान बालू घाट पर अवैध बालू उत्खनन किए जाने की बात सामने आई. हालांकि अधिकारियों को देखते ही कई ट्रैक्टर चालक अपने अपने वाहनों को लेकर फरार हो गए. पुलिस प्रशासन के इस कार्रवाई के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है, हालांकि यहां बालू माफ़ियायों को पुलिसिया



कार्रवाई की भनक लग चुकी थी. इस कारण छापेमारी से पूर्व ही बालू माफिया भाग निकले. थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा. छापेमारी के दौरान अंचल के कर्मचारी बिधासगर टुडू भी शामिल थे।

## 27वीं नेशनल स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप ट्रॉफी के दौरान टीएसएएफ एथलीटों का बेहतरीन प्रदर्शन

**पूर्वी क्षेत्र के लिए 51 अंक हासिल करते हुए 11 स्वर्ण, 7 रजत और 4 कांस्य पदक जीते**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी के एथलीटों ने 21 से 24 दिसंबर तक बेंगलुरु में गेथना (जनरल थिमैया नेशनल एकेडमी ऑफ एडवेंचर) के सहयोग से इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आईएमएफ) द्वारा आयोजित 27वीं नेशनल स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 2023 में 22 पदक जीतकर जमशेदपुर को गौरवान्वित किया, जिनमें से 11 स्वर्ण, 7 रजत और 4 कांस्य पदक थे। प्रतियोगिता के दौरान पूर्वी क्षेत्र को समग्र राष्ट्रीय चैंपियन घोषित किया गया और पूर्वी क्षेत्र के सभी पदक टीएसएएफ के एथलीटों ने जीते। पूर्वी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले टीएसएएफ एथलीटों ने पश्चिम, दक्षिण, उत्तर, पूर्वोत्तर, सेवा और पुलिस क्षेत्र को हराकर कुल 51 अंक हासिल किए। इस




आयोजन में देश भर के 7 अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 160 एथलीटों ने भाग लिया और टीएसएएफ दल में 26 एथलीट थे। प्रतियोगिता में स्पोर्ट क्लाइंबिंग की तीनों श्रेणियों (लीड, स्पीड और बोल्डर) में देश के विभिन्न हिस्सों से एथलीटों ने भाग लिया।

## साहित्य के क्षेत्र में परसुडीह की नीता ने शहर का नाम किया रोशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साहित्य के क्षेत्र में परसुडीह हलुदबनी की रहने वाली नीता सागर चौधरी ने कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होकर शहर का नाम रोशन किया हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी साहित्यकार नीता हिंदी, अंग्रेजी और बांग्ला तीनों भाषाओं में रचनाएं लिखती हैं। वह शहर की साहित्यिक संस्था तुलसी भवन, नाव पर लव, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सहयोग, संस्कार भारती आदि संस्थाओं से जुड़ी हैं। शहर की कवयित्री नीता सागर अब तक मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव राजगीर नालंदा बिहार में पुरातन नालंदा विश्वविद्यालय साहित्य शिखर सम्मान, नेपाल के राजगीर मेरठ, इंडो नेपाल साहित्यिक महाकुंभ काठमुंडू में अमृता प्रीतम सम्मान, नेपाल के विराटनगर इंडो नेपाल साहित्यिक महाकुंभ से साहित्यकार सम्मान, मेरठ 2023 क्रांति धरा साहित्य अकादमी में साहित्यकार सम्मान आदि से सम्मानित हो चुकी हैं।



उसकी 20 फरवरी 2024 में नेपाल की पोखरा जाने की योजना हैं। नीता ने हमारे संवाददाता से बताया कि नवंबर एवं दिसंबर का महीना साहित्य यात्रा से पूर्ण हुई हैं। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ भारत क्रांतिधरा साहित्य अकादमी (ग्रीन केयरसोसाइटी) द्वारा क्रांतिधरा मेरठ साहित्यिक महाकुंभ में भी साहित्यकार सम्मान मिला हैं, जो दिसंबर 09-10 को राजगीर में आयोजित किया गया था। वह अब तक उज्जैन, बनारस, नेपाल की जनकपुर, काठमांडू साहित्यिक परिभ्रमण पर जा चुकी हैं।

## कुणाल षाड़ंगी अटल तिरंगा सम्मान-2023 अवार्ड से सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रवादी सामाजिक संगठन सैल्यूट तिरंगा द्वारा मंगलवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ. दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जयंती को समर्पित यह सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कंवेंशन सेंटर में आयोजित की गई. समारोह में सामसजिक सेवाओं में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों हेतु पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी को अटल तिरंगा सम्मान 2023 अवार्ड से सम्मानित किया गया. केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय सहित सांसद सह भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी एवं सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा की गरिमामयी उपस्थिति में कुणाल षाडंगी को सम्मानित किया गया. केंद्रीय मंत्री ने कुणाल षाडंगी को उज्ज्वल सफ़ल भविष्य के लिए मंगलकामना दिया. सम्मान के लिए श्री षाडंगी ने सैल्यूट



तिरंगा की अखिल भारतीय इकाई तथा झारखंड स्तरीय इकाई के प्रति कृतज्ञता जाहिर किया है. उन्होंने इस सम्मान को पूर्वी सिंहभूम की जनता को समर्पित करते हुए कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के समय से लोकोपयोगी कार्य करने की जो प्रेरणा मिली है, जमशेदपुर एवं पूरे जिले की जनता के साथ और आशीर्वाद को समर्पित है यह सम्मान.

## बांकी पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार में अबुआ आवास को लेकर 1066 आवेदन जमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला प्रखंड अंतर्गत बांकी पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर मंगरवार को आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पार्षद देवयानी मुर्मू, घाटशिला प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू, घाटशिला प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिका शर्मा, बांकी मुखिया फागु सोरेन ने संकुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी विभागों से कुल -1500 आवेदन प्राप्त हुए। परिसम्पतियों के वितरण में 105 लाभुकों के बीच कंबल वितरित, 1 लाभुक को धोती-साड़ी वितरण,



जेएसएलपीएस की ओर से सीसीएल लोन के तहत 16 स्वयं सहायता समूह को 40 लाख 50 हजार रुपए का चेक, सीआईएफ लोन के तहत 27 स्वयं सहायता समूहों को 13 लाख 50 हजार रुपए का चेक, फुलो झानो आशिर्वाद योजना के तहत 1 लाभुक को 10 हजार रुपए का चेक, एवं 02 स्वयं सहायता समूहों के 20 सदस्यों को परिचय पत्र का वितरण, कल्याण विभाग की ओर से 09 छात्र- छात्राओं के बीच साईकल क्रय हेतु डीबीटी के माध्यम से 40 हजार 500 रुपये, कृषि विभाग से केसीसी लोन के तहत 02 लाभुकों को 60 हजार रुपए का चेक वितरण, समाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से 25 लाभुकों को नए पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र, एवं बाल विकास परियोजना से 12 लाभुकों के बीच सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ ही 129 व्यक्तियों का स्वास्थ्य जांच किया गया और 50 लोगों को फलदार वृक्ष का वितरण किया गया।

## कांग्रेस नेता नौशाद खान के पिता का निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** कांग्रेस नेता नौशाद खान के पिता मो. शमीम खान की आज रांची रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया है। पार्थिव शरीर आज रात तक जमशेदपुर लाया जाएगा। कल 27 दिसंबर को जनाजे का नमाज मानगो मुंशी मुहल्ला मस्जिद में अदा की जाएगी तथा साकची कब्रिस्तान में दोपहर 2 बजे सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

## अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरो पर हैं और तमाम प्रमुख हस्तियों को न्योते भेजे जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश और दुनिया से कई वीवीआईपी मेहमानों के इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की उम्मीद है. इस समारोह को भव्य बनाने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है. प्रभु श्री रामलला का गर्भ गृह स्थान लगभग तैयार हो गया है. लाइटिंग-फिटिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है.राम मंदिर में ग्राउंड फ्लोर का काम लगभग पूरा हो चुका है अब दरवाजे तैयार हो रहे हैं. राम मंदिर के भूतल के 14 खूबसूरत घुमावदार दरवाजों को महाराष्ट्र से आई सागौन की लकड़ी से तैयार किया गया है और उन पर तांबे की परत चढ़ाई जा रही है. जिसके बाद इन्हें स्वर्ण जड़ित किया जाना है. जो मजदूर इस काम में लगे हैं वह हैदराबाद स्थित कंपनी के हैं और कन्याकुमारी से ताल्लुक रखते हैं.दरवाजों की सुंदरता और विशेषताएं सोने से जड़ित और सुंदर नक्काशीदार डिजाइन है. दरवाजों को फाइनल टच देने के लिए दिल्ली भेजा गया है जहां इनकी कोटिंग होगी. इन दरवाजों पर वैभव प्रतीक गज,खूबसूरत विष्णु कमल,स्वागत की प्रणाम मुद्रा में देवी चित्र अंकित हैं. चारों दरवाजे एक दूसरे से अलग डिजाइन के हैं जिन्हें एलएनटी कंपनी ने डिजाइन किया है. गर्भ गृह के दरवाजे की ऊंचाई 8 फीट है और दरवाजे की चौड़ाई 12 फीट है और अन्य दरवाजे की ऊंचाई केवल 8 फीट है और दरवाजे की चौड़ाई एक दूसरे से अलग है जो 12 फीट से कम है. जरूरत पड़ने पर दरवाजा आधा बंद या पूरा खोला जा सकता है. दरअसल, मंदिर उत्तर भारत की नागर शैली पर बनाया जा रहा है है. नागर शैली उत्तर भारतीय हिन्दू स्थापत्य कला की तीन में से एक शैली है. वास्तुशास्त्र के अनुसार नागर शैली के मंदिरों की पहचान आधार से लेकर सर्वोच्च अंश तक इसका चतुष्कोण होना है. खास बात यह है नागर शैली के मंदिरों में लोहे और सीमेंट का इस्तेमाल नहीं होता है. भुवनेश्वर में स्थित लिंगराज मंदिर नागर शैली का एक उत्कृष्ट उदाहरण है. डिजाइन में मंदिर में प्रवेश के लिए चार अलग-अलग गेट सभी दिशाओं में बनाए गए हैं. सभी द्वार पर भारतीय संस्कृति की झांकियां भी मिलेंगी. साथ ही मंदिर में प्रदर्शनी, मेडिटेशन हॉल, धर्मशाला, रिसर्च सेंटर, स्टॉफ के रहने के लिए घर, राम भगवान पर रिसर्च और साहित्य के लिए लाइब्रेरी भी बनाई जाए. पांच मंडपों के गुंबद का आकार 34 फीट चौड़ा और 32 फीट लंबा और प्रांगण से ऊंचाई 69 फीट से लेकर 111 फीट तक है. मंदिर की लंबाई 380 फुट, चौड़ाई 250 फुट और चौड़ाई 250 फुट और प्रांगण से 161 फुट ऊंचा है. पूरे गर्भगृह को मकराना के संगमरमर से उकेरा गया है. मंदिर में 392 पिलर हैं. राम मंदिर के लिए 2100 किलो का घंटा 6 फुट ऊंचा और 5 फुट चौड़ा है. इसे घंटा घूंघरू-घंटी नगरी के नाम से मशहूर जलेसर में तैयार किया गया है. दिन-रात काम कर इस घंटे को तैयार करवाया गया है. इसकी लागत 25 लाख रुपये के करीब आई है. प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से ठीक एक हफ्ते पहले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो जाएगा. शुरुआत नगर में झांकी निकालने के साथ होगी. इसमें भगवान राम के जन्म से लेकर वनवास तक की तस्वीरें होंगी. लंका पर विजय और अयोध्या वापसी की झलक भी देखने को मिलेगी. अयोध्या में श्री राम एयरपोर्ट लगभग तैयार हो गया है. इस एयरपोर्ट के काम को पूरा करने की डेडलाइन 31 दिसंबर तय की गई थी. पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे. प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले एयरपोर्ट को रन करवाने का प्लान था और वो तय समय से पहले पूरा हो रहा है. यही वजह है कि पिछले दिनों खुद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अयोध्या पहुंचे थे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा भी की. उन्होंने प्रशासन को किसी भी समस्या से बचने के लिए होटलों की सभी अग्रिम बुकिंग रद्द करने का निर्देश दिया. राम मंदिर में भगवान राम लला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में विशेष आमंत्रित लोग आ रहे हैं. इसके अलावा हाईवे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्मपथ की भी सजावट प्रधानमंत्री के आगमन के दृष्टिगत आकर्षक होगा. एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा. जिस प्रकार सुल्तानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है. राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ गोरखपुर में अयोध्या की बाईपास रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जायेगा तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जायेंगे. स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जा रहा है. महोत्सव की तैयारी में पूरा संघ परिवार जुटा है.आवास, भोजन, आवागमन आदि की व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है.आरएसएस के सह सरकार्यवाह डा. कृष्णगोपाल,अखिल भारतीय कारकारिणी सदस्य सुरेश भय्याजी जोशी, वरिष्ठ प्रचारक रामलाल व पूर्वी क्षेत्र के संपर्क प्रमुख मनोज ने इस संदर्भ में दर्जन भर से अधिक बैठकें की है. अतिथियों के सत्कार के लिए तीन हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है. हेलिकॉप्टर से आने वाले वीवीआइपी की बढ़ती संख्या को देखते हुए अयोध्या में तीन हेलीपैड बन कर तैयार हो गया है. दो से अधिक वीवीआइपी के आने पर हेलीकाप्टर की लैंडिंग में कोई परेशानी नहीं आएगी. रामनगरी में स्वास्थ्य सुविधाओं को चाक चौबंद करने के लिए सरकार पूरी तरह गंभीर है.15 जनवरी से 15 फरवरी तक यहां कुंभ मेले जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं रहेंगी. उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अधिकारियों के साथ रामकथा संग्रहालय में बैठक की और स्वास्थ्य सुविधाओं की रूपरेखा खींची।

### संसद की कार्यवाही में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है

# किस तरह की विरासत छोड़ रहे हमारे सांसद

**प्रियंका सौरभ**

> हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है। पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चला कर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता।

**संसद** में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। अब समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है। पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चला कर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्यवाही में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीन कर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उनकी मंशा देश की विकास योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सबकुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्यवाही में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का खर्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन खर्च और बढ़ जाता है। जरा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। जाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मजाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रही या फिर दिनभर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए खर्च हो जाएं। जरा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हजारों गांवों की किस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले खर्च से बदल सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हजारों नौजवानों की किस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित जरूर सुधरने चाहिए। एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? हकीकत यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लोकसभा में हुए हर काम में अड़ंगा डाल दिया जाए। लोकसभा में तय दिनों में सभी सांसदों को तीन-तीन मिनट ही सही, अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में बोलने दिया जाए। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी किस्म का हंगामा करने वाले सांसद के खिलाफ़ खुद-ब-खुद कोई तय कार्रवाई हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त। वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर गलत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है। अतः समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ कर जा रहे हैं।



दृष्टि कोण

# संसद की सुरक्षा में सेंध और विपक्ष



**पिछले** दिनों सुरक्षा को भेदकर दो युवक संसद के अंदर पहुंच गए और वहां नारे लगाने लगे और किसी कैन से पीला धुआं भी छोडने लगे। वे अध्यक्ष के आसन की ओर बढ़ रहे थे कि दो सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। जिस समय वे संसद में नारे लगा रहे थे उसी समय उनके दो साथी संसद के बाहर नारे लगा रहे थे और धुआं भी फैला रहे थे। एक तीसरा शख्स इस सारे घटनाक्रम की वीडियो बना रहा था। अलबत्ता संसद के अंदर और संसद के बाहर हल्ला कर रहे इन चारों लोगों के टैलीफोन भी वीडियो बना रहे इस पांचवें शख्स ने ही संभाल रखे थे। वीडियो बना कर और उसे सोशल मीडिया पर डालकर पांचवां शख्स गायब हो गया और उसने ये सभी टैलीफोन जला दिए। इस कड़ी से जुड़े हुए सभी व्यक्ति देश के अलग-अलग प्रांतों के रहने वाले थे। कर्नाटक, हरियाणा, बंगाल और उत्तर प्रदेश। कहा जा रहा है कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से ही एक-दूसरे से परिचित थे। वैसे वे देश में जहां भी कोई आंदोलन होता था, चाहे आंदोलन का मकसद कुछ भी हो, ये वहां भी शामिल होते थे। एक प्रकार से ये चिर आंदोलनजीवी थे। लेकिन यह सचमुच सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर मामला था। इसकी जांच जरूरी थी ताकि इस पूरे षड्यंत्र के पीछे के सूत्रधारों तक पहुंचा जा सके। यह किसी पार्टी या व्यक्ति का मसला नहीं था, बल्कि देश की सुरक्षा का प्रश्न है। लगता था देश की सुरक्षा के इस मसले पर पक्ष-विपक्ष एक स्वर से बोलेंगे, लेकिन आश्चर्य कि एक-दो दिन बाद ही सुरक्षा के इस मसले पर भी राजनीति होने लगी। शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राऊत ने कहा कि दो-चार लडक़े महंगाई और बेरोजगारी के बारे में नारे लगाते हुए संसद के अंदर चले गए। देश के युवाओं की दिशा बदल रही है, वे निराश हैं। इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। सरकार किस तरह जिम्मेदार है, इसका खुलासा भी उन्होंने किया कि जिस समय लडक़े निराश होकर संसद के अंदर घुस रहे थे उस समय सरकार सभी राज्यों में शपथ ग्रहण समारोह में व्यस्त थी। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ हुआ है और यह कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। संजय राऊत की चिंता जायज है। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं हो सकता। लेकिन उन्होंने इस पूरी घटना की व्याख्या बहुत ही चालाकी से, सुरक्षा से हटा कर महंगाई और बेरोजगारी से जोडक़र कर दी। उनके अनुसार महंगाई और बेरोजगारी से निराश होकर अब देश का युवा आंदोलन का यह रास्ता अपना रहा है। यानी संसद के अंदर घुस कर नारे लगाना, धुआं फैलाना व पटाखे चलाना भी महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन का हिस्सा ही है। संजय राऊत को सुन कर यह लगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मसले का कोई इतना सरलीकरण कैसे कर सकता है। यकीनन यह संजय राऊत का अपना व्यक्तिगत मत हो सकता है, पूरे विपक्ष का नहीं, चाहे उद्धव गुट की शिव सेना भी इंडी गठबंधन के भीतर ही है। लेकिन जल्दी ही संकेत मिलने शुरू हुए, संजय राऊत राष्ट्रीय सुरक्षा के इस गंभीर मसले पर इंडी गठबंधन का मत ही व्यक्त कर रहे थे। संजय राऊत के इस बयान के बाद राहुल गांधी प्रकट हुए। उन्होंने संजय राऊत की व्याख्या को आगे बढ़ाया। उन्होंने लगभग सभी आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि यह मसला देश में बढ़ रही महंगाई व बेरोजगारी से जुड़ा हुआ है। इसीलिए इस प्रकार के कांड हो रहे हैं। राहुल गांधी का अभिप्राय साफ था कि देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है, इसलिए युवा संसद के अंदर घुस आए हैं ताकि सरकार का ध्यान महंगाई और बेरोजगारी की ओर आकर्षित किया जा सके। राहुल गांधी की व्याख्या इसलिए चिंताजनक है क्योंकि इस कांड की जांच अभी प्रारम्भिक दौर में है। लेकिन जांच शुरू होने से पहले ही कांग्रेस देश के लोगों को समझा रही है कि मामले को तूल दिया जा रहा है। इस मामले की जड़ तो महंगाई और बेरोजगारी में है। सरकार महंगाई और बेरोजगारी से न लड कर, युवा पीढ़ी को पकड़ रही है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड के उपरबरगा पंचायत के पंचायत भवन में झारखंड सरकार के चार वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में महत्वकांक्षी कार्यक्रम ÷आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष रामविनय महतो, जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सांडिल्य, अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, स्थानीय मुखिया जीतलाल टुडू , प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के शिविर में उपस्थित लाभुकों से अपील करते हुए अतिथियों ने कहा कि वे सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें। इस दौरान फुलो झानो योजना के तहत चेक का वितरण, कूप निर्माण प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र, विद्यालय के छात्र/छात्राओं को माध्यमिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के बिभिन्न बिभागीय कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगा कर फॉर्म जमा लिया जा रहा था। जैसे प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास,अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा कूप योजना, कृषि योजना, पशुपालन योजना, बैंक ऋण योजना, केसीसी योजना में भूमि दाखिल खारिज, जाति प्रमाण पत्र, वन पट्टा, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, विभागीय पदाधिकारियों ने मनरेगा योजना आदि योजनाओं आवेदन एवं फार्म जमा लिया। कार्यक्रम में बताया गया कि सरकार द्वारा बिभिन्न योजनाओं को गाँव से पंचायत पहुँचाने काम किया जा रहा है ताकि सभी को समूचित लाभ मिल सके। लोगों से अपील की गई कि इस शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लिया जाय। इस शिविर में सभी प्राप्त आवेदनों को यथासंभव हो सके तो शिविर में हीं निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं जिन आवेदनों को तत्काल रुप से निष्पादन करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करके उन आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा। अतिथियों द्वारा सभी स्टॉलों की बारीकी से निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक विनय कुमार, प्रखंड प्रधान सहायक अजीत कुमार, नाजिर राजदीप कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मचारी तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का आज समापन भी हो गया।

## आजसू पार्टी गरीबों के सुख दुख में सारथी बनकर हमेशा सेवा करते रहेगी : पार्षद धनेश्वर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखण्ड के कुंदरु कलां पंचायत के हनुमान मंदिर नवाडीह निवासी प्रकाश महतो के धर्मपत्नी स्व पियासो देवी के श्राद्ध कर्म के लिए उनके परिवार को श्राद्ध कर्म के लिए सांसद चंद्रप्रकाश एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया गया मृतक के परिजन पति प्रकाश महतो एवं उनकी दो बेटियां ममता कुमारी और मोहंती कुमारी को खाद्य सामग्री आटा ,चूड़ा,चावल, तेल,एवं गुड़ देकर सहयोग जिसमें मुख्य रूप से रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो और कुंदरु कला मुखिया किशुन राम मुंडा मौजूद हुए मौके पर रामगढ़ पार्षद ने कहा कि गरीबो को सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है और पिछले 20 वर्षों से सुख दुख अथवा विकट परिस्थिति में आजसू पार्टी हमेसा गरीबों को सेवा करते आ रही है और भविष्य में सहयोग करते रहेगी मौके पर कुंदरु कला उप मुखिया मोहराई महतो, उमाशंकर महतो टेकलाल महतो, बुधन बेदिया, प्रदीप नायक, संदीप प्रसाद, नागेश्वर महतो, दीपक नायक गुरुदयाल महतो मानो महतो दिनेश महतो जुगल महतो संदीप महतो एवं शोकाकुल परिवार उपस्तीथ थे।

## आम जनता की समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव करूंगा प्रयास : बजरंग महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी के अनुशंसा पर गोला प्रखंड के हेसापोड़ा पंचायत अन्तर्गत गाँव डुंगरीडीह निवासी सुरेश मुर्मु के सुपुत्र के ईलाज हेतु मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष योजना के तहत 50000/- का चेक दिया गया। चेक वितरण करते पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने कहा कि मैं क्षेत्र की जनता की हर सुख दुःख में हमेशा से खड़ा रहूँगा। विधायक हमेशा आपलोगों की हर समस्या का समाधान करने का काम करती थी और अभी भी आपलोगो के लिए हमेशा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर क्षेत्र की जन समस्याओं को अवगत कराती रहती हैं। साथ ही पार्टी वरिष्ठ नेता खेड़ा मुर्मु कुछ दिनों से लकवा ग्रसित थे उनसे मिलकर भी हाल चाल जाना। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, पुर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो, महिला मोर्चा की प्रखंड उपाध्यक्ष कविता देवी, शोभा किश्कु, मनोज मुर्मु सहित कई लोग शामिल थे।

## उरीमारी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी पंचायत, पोंटगा पंचायत, गरसुल्ला पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र मंडल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, लिपिक विवेक कुमार आदि मौजूद रहे। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा का वाहन तीनो पंचायत में भ्रमण करते हुए लोगों को जागरूक कर योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें जन-धन योजना, कृषि योजना, महिलाओं को धुंए से बचने के लिए उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, मत्स्य पालन योजना आदि योजनाओ की जानकारी दी गई। उरीमारी पंचायत मुखिया कमला देवी ने कहा कि केंद्र सरकार सभी राज्यों में सरकार की विकास योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रही है लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। वहीं इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, खेमलाल महतो,बेचन साव, किशोर राणा, दिनेश करमाली,विजय यादव,पंसस गीता देवी, सीतामुनी देवी, शांति देवी, फुलमुनी देवी,शाबी देवी, उर्मिला देवी, प्रिया टुडू, चंचला देवी आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

## सयाल दक्षिणी में 65 किशोरी बच्चियों कि हुई एनीमिया जांच

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल दक्षिणी पंचायत स्थित मंगलवार को रेलवे साइडिंग टिपला आंगनबाड़ी केंद्र में 65 किशोरी बच्चियों का एनीमिया जांच किया गया। वहीं ये जांच जे एस पी फाउंडेशन के किशोरी एक्सप्रेस के द्वारा किया गया। वहीं इस शिविर का उद्घाटन पंचायत मुखिया जगदीश साव ने किया।वहीं इस शिविर में किशोरी बच्चियों कि जांच डा सुरेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान डा सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि किशोरी बच्चियों में खून की कमी के कारण उन्हें अनिमिया बिमारी हो जाती है। वहीं इस बिमारी से बचने के लिए किशोरी बच्चियों को पौष्टिक आहार व सही खानपान की सलाह डाक्टर के द्वारा जांच के उपरांत दी गई। वहीं इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका रूखसाना खातून, रेणूका देवी, लक्ष्मी देवी, सुक्रो देवी आदि महिलाएं व बच्चियां मौजूद थी।

## भारत सरकार द्वारा मनाए गए वीर बाल दिवस कार्यक्रम को श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के बच्चों और शिक्षकों द्वारा लाइव देखा गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर पुत्रों की शहादत को याद करने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है।इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित किया। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बहादुरी के शिखर पर कम उम्र कोई मायने नहीं रखती। एसजीएनपीएस के शिक्षकों के साथ 11वीं कक्षा के बच्चों ने कार्यक्रम को ध्यान से देखा। 10वें सिख गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों, जिनके नाम साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह हैं, की वीरता और धैर्य से हर कोई प्रेरित हुआ। हमारे देश की रक्षा के लिए उनके योगदान और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने सभी को चार साहिबज़ादों की वीरता, साहस और धैर्य से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया।

संक्षिप्त खबरें

## मुख्यमंत्री कार्यक्रम सिमरिया में चोरों ने उड़ाए दर्जनों मोबाइल, कई हजार का सफाया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमण्डल मुख्यालय के कर्बला मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कार्यक्रम में लगभग 40 हजार की भीड़ थी। जिसमें स्कूली बच्चे और महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। इधर मुख्यमंत्री योजनाओं का पटाधार कर रहे थे उधर चोरों ने दर्जनों मोबाइल पर अपना कब्जा जमा कितने को मायूस घर लौटने को मजबूर कर दिया। यह घटना तब घटी जब मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित पौधा वितरण के भीड़ का फायदा उठाया। दुशरी ओर कई हजार पैकिट से पर्स मार गायब कर अपना काम तमाम कर गया। भुक्तभोगियों ने सिमरिया थाना लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि एक तरफ मुख्यमंत्री का कार्यक्रम देखने पहुंचे थे। तो वहीं कुछ शातिर चोर अपना व्यवसाय यानी चोरी का अंजाम देने पहुंचे थे। वैसे में उन लोगों के लिए यह कार्यक्रम सार्थक नहीं रहा जिनका मेहनत व खून पसीने का लिया गया मोबाइल एवं रुपये चोरी कर लिए गए।

## लकड़बग्घे ने बकरी को बनाया शिकार

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह अंतर्गत मुरु गांव के समीप जंगल में सोमवार की शाम लकड़बग्घा ने दो बकरी को जान मार डाला। उक्त दोनों बकरी मुरु गांव के नोखील टोला निवासी सतेंद्र भुईया का है। मंगवालर को टेकर गार्ड साकेत मेहरा ने घटना स्थल पर ग्रामीणों के सामने बताया कि सोमवार की शाम सतेंद्र भुईया का दो बकरी जंगल के आस पास चारा खा रही थी उसी दौरान लकड़बग्घा ने दोनों बकरी को मार डाला। ग्रामीणों के शोर मचाने पर एक बकरी को लकड़बग्घे ने अपना निवाला बना लिया। और दुसरा बकरी घटना स्थल पर मृत पाई गई। ग्रामीणों के द्वारा काफी खोज बिन के बावजूद एक बकरी नही मिली।वही वनकर्मी के सामने मृतक बकरी को पार्क में दफनाया गया। बेतला रेंजर प्रेम कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है जांच रिपोर्ट के बाद सरकारी प्रावधान के मुताबिक मुआवजा दी जाएगी। उन्होंने पार्क के आसपास के लोगो से अपील की है कि बेतला पार्क के आसपास के जंगल मे अपने पालतू जानवर को नही छोड़े पार्क में बाघ, लेपर्ड और लकड़बग्घा बराबर देखा जा रहा है।

## दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की भिड़ंत से चार घायल

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के इचाक पंचायत के समीप पॉलिटेक्निक ग्राम के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें चार लोग घायल हो गए घायल युवकों की पहचान चंदनडीह ग्राम निवासी चिंटू कुमार अमित कुमार शिव कुमार के रूप में की गई है वहीं कुरा ग्राम निवासी संजय प्रजापति गंभीर रूप से घायल है। वहीं घायल अवस्था में देख राहगीर रूस्तम अंसारी समीम अंसारी डब्लू खान के द्वारा मानवता का परिचय देते हुए, घायल व्यक्तियों को अपने निजी वाहन से लातेहार सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

## वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार मंगलवार को थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में बारियातू फुलसु चार मोहान के समीप एनएच 22 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मुख्य सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन की हेलमेट जांच की गई। जांच के दौरान आधा दर्जन से अधिक बिना हेलमेट पहने चला रहे बाईक को पुलिस ने जप्त किया। बारियातु थाना क्षेत्र मे विगत कई दिनों से संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जारहा है। लगातार वाहन चेकिंग अभियान से सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक कमी आयी है। इस अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेश कुमार लेंबु सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में वीर बाल दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्तिथ सामाजिक कार्यकर्ता शम्मी जी मौजूद थे। वही मुख्य अतिथि शम्मी जी ने भारत के वीर बालकों का गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी दएते हुए गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहबजादा वीर पुत्रों के इतिहास के बारे में उनके शौर्य व वीर गाथा की कहानी छात्र छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया। वही विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा द्वारा बच्चो को साहस और शौर्य वीर की शिक्षा के बारे बताते हुए कहा कि जिस तरह गुरु गोबिन्द सिंह के वीर पुत्रो ने अपने देश, धर्म और समाज के लिये बाल्यकाल में अपने प्राणों का न्यौच्छावर कर दिये उसी तरह आज के बच्चों को भी। पढ़ लिखकर देश,धर्म और समाज की बुराई को मिटाने के अपने तन मन धन को समर्पण करना होगा। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया और सर्टिफिकेट प्राप्त किया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम आयोजित कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ व छात्र छात्राओं ने भाग लेकर कार्यक्रम का साक्षी बने। कार्यक्रम का समापन जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल का जय घोष के साथ हुआ। मौके पर रमेश कुमार उपाध्याय, डी कुमार, सुनील कुमार, सुजीत कुमार, सूरज पाण्डेय, मंजू तिग्गा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ और छात्र छात्रा उपस्थित थे।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री, हेमन्त सोरेन का लातेहार जिले के कुंदरी ग्राम में आगमन को लेकर पुलिस लाईन में उपायुक्त हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा अधिकारियों, पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। उक्त ब्रीफिंग में मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के लातेहार जिला में आगमन, भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ब्रीफिंग के दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, घेराबंदी, स्टॉल आदि जगहों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही वीवीआईपी ड्यूटी के दौरान निर्धारित समय से पहले अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचने और सभी अधिकारी, कर्मचारियों को सजग व सतर्क रहकर अपना कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने उपस्थित जिला पुलिस एवं अन्य जिलों से पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम में आए आमलोगों की सुविधा का ध्यान रखने एवं उनसे अच्छा व्यवहार करने की बात कही। उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को संवेदनशील होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्कतापूर्वक निगरानी रखने एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ अपने ड्यूटी स्थल पर ससमय उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम के समाप्ति के उपरांत निर्देश मिलने के बाद ही प्रतिनियुक्ति स्थल को छोड़ेंगे। ब्रीफिंग के दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत किए गए सुरक्षा-प्रबंधों एवं बेहतर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल को ड्यूटी के प्रति संवेदनशीलता बरतने और वीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया।इस दौरान उप समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी मो0 परवेज, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## लातेहार मंडल कारा में जिला प्रशासन के द्वारा किया गया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त हिमांशु मोहन व पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के नेतृत्व में लातेहार मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया गया। जांच में सहयोग के लिए कुल आठ टीमें बनाई गई थी। जिला प्रशासन की टीम द्वारा मंडल कारा के अंदर प्रत्येक वार्ड एवं सेल की जांच की गई। इस छापेमारी से जेल में बंद बंदी में हड़कंप मच गया और बंदियों में बेचैनी बढ़ गई। वहीं जांच करने आये अधिकारी सहित पुलिसकर्मियों ने काफी बारीकियों के साथ जाँच की गई।हालांकि इस छापेमारी के दौरान टीम को कुछ नहीं मिला। गौरतलब है लातेहार मंडल कारा में कई हार्डकोर नक्सली सहित अपराधी गिरोह जेल बंद है। छापेमारी में मुख्य रूप से एसडीपीओ संतोष मिश्रा, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, फागुनी पासवान,गौरव सिंह सहित कई वरीय अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## नक्सलियों ने प्रेशर मशीन को किया आग के हवाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** एक बार फिर माओवादी के हथियारबंद दस्ते ने सोमवार रात 7:30 बजे अचानक धावा बोला। गड़बूढ़नी पंचायत के अंतर्गत ग्राम चुटीया नदी पर हो रहे पूल निर्माण साइट में खड़े कंस्ट्रक्शन कंपनी के कंक्रीट बूम प्रेशर मशीन में आग लगा दी, और मजदूरों के साथ मारपीट किया। घटना की जानकारी होते ही थाना प्रभारी आशुतोष यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तफ्तीश सुरू की। इस बार घटना में माओवादीयों के धावा से कंपनी को ज्यादा कुछ नुकसान नही पहुंचा। क्योकि कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा कार्य कर रोज शाम वाहनो को सुरक्षित स्थान में लगाया जाता है। इस घटना के संबंध में चुटीया नदी पर पुल निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री और मजदूरों ने बताया, सोमवार की शाम काम खत्म कर हम 12 लोग पूल निर्माण साइट के पास लगे डेरा पर खाना खाने की तैयारी कर रहें थे, तभी पांच लोग आए, तीन के पास आधुनिक हथियार थे, दो बिना हथियार के थे, हमें उठाया और निर्माण साइट पर ले गए, थप्पड़ से हल्का मार पीट करते हुए मुंशी को बुलाने की बात कही, इसके बाद मुंशी से फोन पर बात किये, कार्य रोकने को कहां, वही बात नही मानने पर फौजी कारवाई करने की बात कही, इस दौरान सड़क से दो बाइक सवार गुजर रहें थे, उन्हें रोककर डरा धमका कर उनके बाइक से पेट्रोल निकला और साइड पर खड़े मशीन को आग लगाकर चले गए। मजदूरों ने बताया कि बाइक का पेट्रोल निकाल लेने पर, दोनो बाइक सवार मोटरसाइकिल हाथों से धकेलते ले गए।

## अनियंत्रित हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को मारी टक्कर, घायल, रिम्स रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-पांकी की मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के इचाक ग्राम के पास सोमवार की देर शाम करीब 8:30 बजे एक अनियंत्रित हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दिया ।जिससे दोनो मोटरसाइकिल युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिंदेश्वर उरांव 20 वर्ष पिता चंद्र देव उरांव ग्राम बबनहेरुआ थाना लातेहार निवासी, मंगल देव उरांव 22 वर्ष पिता हरि उरांव ग्राम बारीबाद थाना बरियातू निवासी दोनों बाइक सवार हेरहंज के हुम्बू ग्राम से बारीबांध ग्राम जा रहे थे। इसी दौरान इचाक ग्राम के पास बालूमाथ से पांकी की ओर जा रहे एक अनियंत्रित हाइवा ने दोनों बाइक सवार युवको को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायल युवको को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।



## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का आजसू पार्टी करेगी विरोध : अमित पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 14 फरवरी 2023 को जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में 2 डिग्री कॉलेजों का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था लेकिन अभी तक कॉलेज में पढ़ाई शुरू नही हुआ जोहार यात्रा के दौरान लातेहार के छात्रों को टोपी पहनाने के बाद फिर से मुख्यमंत्री सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को ठगने आ रहे हैं। आजसू पार्टी ने पहले भी धरना कर के मुख्यमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा था फिर भी डिग्री कॉलेज का ताला खोल पढ़ाई शुरू करने को लेकर कोई पहल नही हुआ। सरकार कि मानसिकता केवल बिल्डिंग बनाने एवं उसका उद्घाटन करने में है उसमें पढ़ाई के लिए शिक्षक बहाल करने कि नहीं है। आजसू पार्टी जनभावनाओं का सम्मान करते हुए फिर से लोगों को ठगने आ रहे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध करेगी। मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास संगठन सचिव लालमोहन सिंह प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव उपस्थित रहे।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता ने भाजपा पर साधा निशाना, सांसद को दिलाई राजपुर की याद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सिमरिया कर्बला मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सत्यानन्द भोगता ने जम कर भाजपा पर साधा निशाना। कहा सासंद सुनील सिंह द्वारा राजपुर कान्हाचट्टी को गोद लेकर वकासशील बनाने की वायदा किया था ।किंतु विकास की बात छोड़िए ना वहां बना कुआं ना बना वहां चुआं। भाजपा केवल फेक पार्टी है ग्रामीणों को केवल आश्वासन देकर चुनाव जीतने की प्रयास करती है। हमारी हेमन्त की सरकार ने महिलाओं,बच्चियों, बृद्ध , युवाओं, दिव्यांग,बेरोजगारों के लिए कई तरह की योजनाएं चला कर सशक्त बना रही है। भाजपा झारखण्ड को केवल लुटा है। जिसका खमियाजा आज हमारी सरकार झेल रही है और उसका पाटने का काम किया है।

## दंदाहा में फिर दिखा लापरवाही एक की मौत दो की स्थिति नाजुक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** थाना क्षेत्र के हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग पर स्थित दंदाहा के तीखा मोड पर बीती रात फिर एक बार बड़ी लापरवाही देखने को मिला। यहां पर भयानक सड़क हादसा हुआ इस सड़क हादसा को लोग लापरवाही का नाम दे रहे हैं। दरअसल बीती रात सोमवार को करीब 7:30 के आसपास तेज रफ्तार से स्कॉर्पियो हजारीबाग की तरफ जा रही थी लेकिन दंदाहा के तीखा मोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई।मौके पर ही ड्राइवर की मौत हो गई जिसे लोग वाहन का मालिक भी बता रहे हैं हालांकि इस मामले में पुलिस अभी जांच पड़ताल कर रही है। स्कॉर्पियो का जो नंबर है जेएच 02 बीएच-0940 इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि यह हजारीबाग का ही वाहन है लेकिन इसका मालिक कौन है और इसमें सवार लोग कहां से आ रहे थे। इस मामले में अभी कुछ भी पता नहीं चल सका है।

# पूरे वर्ष भक्तों व सहलानीयों को अपनी ओर आकर्षित करता है मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** हमारा पूरा झारखण्ड ही प्रकृति को गोद में बसा है और हर एक जगह अपने आप में मनमोहक और रमणीक स्थल है। कैरो प्रखंड अंतर्गत महादेव मन्डा मैदान, नंदनी डेम, चाल्हो पतरा, सहित कई जगह पिकनिक के लिए लोग नए वर्ष में जाया करते हैं और इसी कड़ी में कैरो प्रखंड अंतर्गत साढ़ाबे पंचायत के खरता-हनहट दक्षिणि कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर का पूरा क्षेत्र अपने आप में एक अलग छटा और घटा बिखरती है, जिसे देखने और और अपने परिवार-मित्रजनों के साथ दिसंबर से लेकर जनवरी के पुरला महीना अगल बगल सहित रांची, लोहरदगा, लातेहार सहित कई अगल बगल जिला से पर्यटक जिसमें धार्मिक आस्था रखने वाले, घूमने के शौकीन, सेल्फी पसंद लोग व प्रकृति के जनदिक जाकर अपने को खुशहाल रखने वालों का आना प्रारम्भ हो जाता है। एक तरफ झारखण्ड का प्रसिद्ध दक्षिणि कोयल नदी तो दूसरी तरफ घनघोर जंगल का दृश्य मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर के पास खड़ा हो जाने पर अपने आप को एक अलग दुनिया में पहुंचा देता है जो कि यहां आने वालों को रोमांचित कर जाता है। सबसे पहले तो अगर बात करें मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर की तो यहाँ पर बिहार के समय के सांसद विधायक से लेकर तत्कालीन सांसद-विधायक, अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने यहाँ आकर पूजा अर्चना कर अपनी इच्छा की पूर्ति किए व अपनों के संग पिकनिक का आंनद उठाया। चाहे ललित उरांव हो या करमचंद भगत, इंद्रनाथ भगत हों, या कमल किशोर भगत, रमेश उरांव, बिंदेश्वर उरांव, से लेकर सांसद सुदर्शन भगत भी पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक कर अपनी जीत की इच्छा पूर्ति कर चुके हैं, स्थानिए विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सहित उनके पुत्र समाजसेवी रहित प्रियदर्शी उरांव भी पहुँच कर माथा टेक गए। इस स्थल पर आने के बाद बगल स्थित कोयल नदी में स्नान करने से लेकर प्रकृति के गरीब अपनों के साथ पिकनिक का अलग ही बात है। मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ तक आने की बात करें तो रांची लोहरदगा मुख्य मार्ग में मदरसा चौक से 10 किलोमीटर आना पड़ता है वहीं नगजुवा रेलवे स्टेसन से भी 10 किलोमीटर की दूरी है। चान्हो प्रखंड से आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाले बिर बुधु भगत के जन्मस्थली सीलागाई होते हुए पंहुचा जा सकता है। *सबसे* खास बात यह है कि आप जिस भी रास्ते से आते हैं उधर से ही आने में भी एक लग रोमांच भरा रास्ता मिलेगा। इस स्थल पर हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी के दिन मंदिर में भव्य पूजा अर्चना के साथ साथ मेला का आयोजन होता है, इस मेला में जिला के तत्कालीन कई अधिकारी से लेकर जिला स्तरीय जनप्रतिनिधियों व भक्तों का आना रहा है इतना ही नही 14 जनवरी के दिन दूर से लोग अपने परिजनों के साथ आकर दही चूड़ा का आनंद उठाते हैं। यहां आने वाले पर्यटकों व 14 जनवरी के दिन मेला में आने वाले हजारों लोगों का कहना है कि इस जगह पर अगर सरकार व जिला प्रसासन द्वारा सकारात्मक पहल कर इस जगह में पर्यटकों के सुविधा के लिए व्यवस्था कर दी जाए तो जहां एक तरफ क्षेत्र के विकास होगा वहीं दूसरी तरफ पर्यटन विभाग के माध्यम से राजकोष में भी व्यापक वृद्धि की उम्मीद है। इस वर्ष भी नए वर्ष में पिकनिक के शौकीन लोगों के लिए यह स्थल प्रमुख भूमिका में होगी।



# अभद्रता पूर्वक पेस आया मैनेजर, मुखिया ने मुख्यमंत्री से कानूनी कार्रवाई का किया मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड में संचालित शिवपुर कठौतिया रेलवे लाइन में मिट्टी के कालाबाजारी के विरुद्ध मामला दिन प्रतिदिन पेचीदा होते जा रहा है। एक तरफ संबंधित विभाग मौन व्रत धारण कर संबंधित कंपनी को संरक्षण देने के कार्य कर रहा है वहीं संबंधित मुखिया मिश्ररौल पंचायत के सुबेश राम के द्वारा सिमरिया में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र की बदहाली को दर्शाते हुए राजा कंस्ट्रक्शन पर कानूनी कार्रवाई करने का मांग किया है। सौंपे गए ज्ञापन में मुखिया सुबेश राम ने कहा है कि विगत एक वर्ष से प्रखण्ड टण्डवा के पंचायत मिश्रौल में शिवपुर कठौतिया रेल मार्ग राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा मिट्टी भरने का कार्य किया जा रहा है। इस मिट्टी भराव के कारण क्षेत्र में सम्पूर्ण भौगोलिक संरचना को पूरी तरह से नष्ट कर दिया जा रहा है। क्षेत्र में मिट्टी उठाव के कारण 30 फीट से लेकर 40 फीट तक गहराई कर दिया गया है। इसके अलावा नदी के मार्ग को

**मिश्रौल पंचायत के मुखिया सुबेश राम ने राजा कंट्रक्शन के विरुद्ध मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, मांगा न्याय**

अवरूद्ध कर बांध बना कर सडक बना दिया गया है और लगभग दो से तीन किलो मीटर दूरी पर ग्राम टेकठा में गैरमजरूवा सरकारी जमीन से 30 फीट गहरा मिट्टी काट कर ले जाया जा रहा है। साथ हीं साथ वन भूमि में भी मिट्टी उठाव किया जार रहा है। जिससे सरकार को करोडो रूपयों का नुकसान कम्पनी पहुँचा रही है। यदि कोई रैयत अपना जमीन से मिट्टी उठाव करने का सहमति देता है तो 1 से 2 फीट मिट्टी उठाव किया जा सकता है। यदि 1 या 2 फीट से अधिक 30 या 40 फीट मिट्टी का उठाव किया जाता है तो खनन विभाग का अनुमति होना अनिवार्य है। ऐसी स्थिति में ग्राम टेकठा के लोग मुझे मौखिक शिकायत उक्त विषय में किया तो मैं दिनांक 12 दिसंबर 2023 को नदी में बनाए गए बांध को देखा। देखने के पश्चात् सयोंग से रेलवे कंस्ट्रक्शन कर्मी भी वहीं पहुँच गए और अपने मोबाईल से कॉन्ट्रेक्टर अविनाश से बात करवाए। अविनाश कुमार सिंह ने पूछा आप कौन तो मैंने प्रति उत्तर दिया कि मैं मित्रौल पंचायत के मुखिया सुबेश राम हूँ। इनते सुनते ही वे भड़क गए और अभद्रता वाले शब्द का प्रयोग किये कौन होते है आप ? मैं क्षेत्र में कुछ भी करूँगा आप बोलने वाले कौन होते है ? उक्त स्थिति को वन भूमि एवं खनन विभाग के द्वारा स्थल निरक्षण किया जाय तथा कम्पनी पर कानूनी कार्यवाही किया जाय। मिश्रौल पंचायत के मुखिया सुबेश राम के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रार्थना करते हुए कहा गया है कि, रेलवे कॉन्ट्रैक्टर के भाषा शैली से मैं काफी आहत हूं। तथा पंचायत क्षेत्र में भौगोलिक दशा एवं दिशा के साथ -साथ पर्यावरण प्रदुषण को भी विकृत करने का कार्य राजा कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है। उसे अतिशीघ्र जांच करने का कष्ट करने हेतु ज्ञापन सौंपा है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजा खान आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य बनाए गए, लोगों ने दी बधाई

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता बादम ग्राम निवासी सहाब अकबर उर्फ राजा खान को पार्टी महासचिव रोशन लाल चौधरी के प्रयास से पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के द्वारा केंद्रीय सदस्य बनाया गया। केंद्रीय सदस्य बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखी जा रही है एवं लोगों ने बधाई दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजा खान को केंद्रीय सदस्य बनाए जाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी एवं आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से आजसु पार्टी महासचिव रोशन लाल चौधरी, केंद्रीय सचिव कोलेश्वर गंझु, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा सचिव, मनोज दांगी, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, उमेश दांगी, उपेंद्र कुमार, गौरेंद्र प्रसाद, अनिकेत कुमार, कामेश्वर महतो, नागेश्वर तुरी, सुरेश गिरी के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हैं।

### चौथा नहर पर बनी पुल से बाइक सवार नहर में गिरा, घटनास्थल पर मौत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड में बढ़ती दुर्घटनाएँ चिंता का गंभीर सबब बन गई है। 25 दिसम्बर 2023 बीती रात को बगोदर की ओर से आ रही बाइक पंजीयन संख्या जे.एच.09 ए.के 0297 से आ रहे ,बाइक सवार की चौथा नहर में गिर जाने से घटनास्थल पर ही व्यक्ति की दुखद मृत्यु हो गई। बताया जाता है,की युवक का नाम दिनेश कुमार,पिता प्रेमचन्द महतो,बगोदर प्रखंड के ग्राम दामा का निवासी था।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार औरा से विष्णुगढ़ के भेलवारा अपने साढ़ू के बच्चे के जन्मदिन समारोह में शिरकत को जा रहा था,इसी बीच करीब रात 08꞉30 बजे चौथा नहर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई,जिससे उसके सिर पर गहरी चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। इस पर पंसस प्रतिनिधि भीखन रविदास ने बताया कि नहर के पुल की रेलिंग काफी समय पहले ही टूट गई है,जिस वजह से आये दिन इस प्रकार की दुर्घटनाओं की सँख्या बढ़ती जा रही है।मैने ही इस दुर्घटना की सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी जिसके बाद दुर्घटना के तुरंत बाद विष्णुगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

### मनोरमा राणा बनी विश्वकर्मा समाज की नई महिला जिलाध्यक्ष

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला कमेटी द्वारा पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं जिला कमेटी की बैठक सोमवार को स्थानीय परिसदन भवन में आयोजित की गई !बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया ! इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए।जिला कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई एवं सर्वसम्मति से हज़ारीबाग महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त करते हुए संगठन विस्तार पर चर्चा की गई !बैठक में विश्वकर्मा समाज की महिला जिला अध्यक्ष सदर प्रखण्ड की मनोरमा राणा को बनाया गया। सभी विश्वकर्मा बन्धुओं ने फूलमाला देकर नवनियुक्त महिला जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा समाज के गौरव थे। भारत के सातवें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये।वहीं जिलाध्यक्ष यदु राणा ने संगठन सशक्तिकरण पर बल दिया। बैठक मे पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार शर्मा, जिला सचेतक महावीर राणा, पूर्व कोषाध्यक्ष उमेश राणा, उदय कुमार शर्मा, सुरेश राणा, पूर्व मुखिया अर्जुन राणा, पूर्व मुखिया कैलाश राणा, त्रिवेणी राणा, बासुदेव राणा, धनेश्वर प्रसाद राणा, भास्कर शर्मा, देवनाथ शर्मा, मनोज शर्मा, विनोद राणा, राजेश शर्मा, दीपक शर्मा, विनय कुमार राणा, आलोक राणा, कंचन राणा, महावीर राणा, किशोर राणा, नन्दलाल राणा, दिलीप कुमार राणा, महादेव राणा, विनोद राणा, रविन्द्र राणा, अरुण राणा, रामलाल राणा, सन्तोष कुमार राणा, मुनेश राणा शामिल हुए । धन्यवाद ज्ञापण सदर प्रखण्ड डुमर के दीपक शर्मा ने किया ।

### धनवार दुर्गा मंडप प्रांगण में विहिप की बैठक संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के दुर्गा मंडप प्रांगण में विहिप की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री रामलला को पुजित अक्षत वितरण एवं आम जनमानस को आमंत्रित करने को लेकर की गई। जिसमें विश्व हिंदु परिषद प्रखण्ड ईकाई के द्वारा समस्त सनातन परम्परा मानने वाले रामभक्त कार्यकर्ता उपस्थित हुवे। जिसकी अध्यक्षता धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एव संचालन विहिप जिला मंत्री गुरूदेव गुप्ता ने किया।बैठक में मुख्य रूप से विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता सहशरीर उपास्थित हुए। बैठक में उपस्थित रामभक्तो को संबोधित करते हुए जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि हम सभी रामभक्त सौभाग्यशाली है कि प्रभु श्री राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को अपनी आंखों से देख पाएंगे हमारे पूर्व की पीढ़ियां और आने वाली पीढ़ियां भी इस पल की साक्षी नहीं हो पाएंगे। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रभु श्री रामलला का पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचने का कार्य हम सभी रामभक्तों को करना है। और सनातन समाज को श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित करना है। समाज से इस दिन को दिवाली के रूप में मनाने का आग्रह करेंगे हर मंदिर गांव एवं घर में उत्सव मनाने का आग्रह करना है। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद,जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, संयोजक पूजित अक्षत कार्यक्रम बरही प्रखंड के प्रभारी चंदन केसरी, अशोक कुमार यादव, रामजी प्रसाद, प्रदीप कुमार केसरी, संजय प्रसाद कुशवाहा, शिवशंकर यादव, विनय कुमार, निर्मल कुमार, अर्जुन साव ,चंदन कुमार, दीपक केसरी, संजय प्रसाद केसरी, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन, प्रकाश साव ,मनोज कुमार कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद, रामसहाय यादव, उमेश कुमार, देवेंद्र कुमार, लाल धारी महतो, नागेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, राजेश कुमार, परमेश्वर प्रसाद, मोहन साव ,मंटू कुमार ठाकुर, पवन कुमार, मुकेश रविदास, दिनेश रविदास, नरेश कुमार, अजय कुमार कुशवाहा, नंदलाल प्रसाद कुशवाहा, जागेश्वर साव ,रामजी रविदास, नेहरू कुमार, लखन महतो, आनंदी प्रसाद, रवि कुमार, दिलीप केशरी,सहित सैकड़ो राम भक्त मौजूद थे।

### सहायक शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटना सरासर गलत है : सीटू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सहायक शिक्षकों को झारखंड सरकार ने 1 वर्ष में 16 दिन का अकास्मिक छुट्टी दिया है. 19 दिसंबर 23 को सहायक शिक्षकों का राज्य स्तरीय कार्यक्रम रांची में था उसमें भाग लने के लिए हजारीबाग जिले के कई सहायक शिक्षक अकास्मिक छुट्टी लेकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची गए हुए थे लेकिन हजारीबाग जिला के जिला शिक्षा अधीक्षक ने 19 तारीख का उनका वेतन यह कह कर काट दिया कि आप लोगों ने ऑनलाइन छुट्टी नहीं लिया था. जबकि हकीकत यह है की जनवरी 2023 से 18 दिसंबर 2023 तक सहायक शिक्षकों ने जो भी अकास्मिक छुट्टी लिया है वह ऑफलाइन लिया है. तो फिर अचानक ऑनलाइन छुट्टी लेने की बात कहां से आ गई ? यह जिला शिक्षक अधीक्षक का मनमानी है. जो सरासर गलत है इसका विरोध सीपीएम करती है और सहायक शिक्षकों के आंदोलन को समर्थन करती है.

## अपनी मांगो के समर्थन में 1 जनवरी 2024 से जन वितरण प्रणाली रहेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** फेयर प्राईस एसोसिएशन ऑल इंडिया फेयर प्राईस डीलर्स फेडरेशन दिल्ली से मान्यता प्राप्त जन वितरण विक्रेताओं का संगठन राज्य शाखा झारखंड हजारीबाग के प्रखंड इकाई बरही के सदस्यो ने प्रखंड अध्यक्ष डोमन पांडेय के नेतृत्व में संघ के लेटर पैड पर बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सूचना दिया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध अपनी मांगो के समर्थन में 1 जनवरी 2024 से देश व्यापी राशन बंद के तहत बरही प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं स्वयं सहायता समूह की दुकान अनिश्चित काल के लिए बंद रहेंगे। पूर्व में इसकी जानकारी मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, उपायुक्त एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना समर्पित की गई थी।



## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वीर बालक दिवस, मदन मोहन मालवीय, व अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मंगलवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में वीर बालक दिवस मदन मोहन मालवीय एवम् अटल बिहारी बाजपेयी जयंती की जयंती बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया।आचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की भुमिका रखी।आचार्य संजीव कुमार सिंह ने बतलाया कि 9 जनवरी, 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों- साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।वहीं आचार्य राजू कुमार ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रेरणा तो थे ही इस युग के आदर्श पुरुष भी थे। वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे,जिन्हें महामहिम की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया।प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे।



## एकादश कार्यक्रम में शामिल हुए सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम माधोपुर निवासी स्वर्गीय बिशुन यादव का श्राद्ध कार्यक्रम एकादशी के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण व झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर अतिथि अध्यक्ष जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ किशुन यादव व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ,नागेश्वर रजक, रामकुमार यादव, मनोज राणा, उमेश यादव, शोकाकुल परिवार से विजय यादव, मनोज यादव, दिनेश यादव, परमेश्वर यादव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## आजादी की लड़ाई में कम्युनिस्ट पार्टी का था अहम योगदान : भुनेश्वर मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सीपीआई ने अपना 98 वां स्थापना दिवस अपने कार्यालय मंजूर भवन में मनाया। इस अवसर पर पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने पार्टी का झंडा फहरा कर कार्यक्रम को आरंभ किया। इस अवसर पर एक सभा की गई सभा की अध्यक्षता जिला सचिव चांद खान ने किया।श्री मेहता ने कम्युनिस्ट आंदोलन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जंगे आजादी में कम्युनिस्ट पार्टी का क्या योगदान था इसको समझने के लिए आज भी अंडमान निकोबार जेल में लगी सूची को देखकर समझा जा सकता है।सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के बाद से ही अंग्रेजी हुकूमत उसके खिलाफ थी। सभा को संबोधित करते हुए सीपीआई के डॉक्टर अनवर हुसैन ने कहा कि सही मायने में देखा जाए तो 1925 के पहले भारत के कुछ लोग जो सोवियत रूस पढ़ने गए थे उनमें से एम एन राय, उस्मानी, मुजफ्फर अहमद, सिंगारवेलु चुटिया, गुलाम हुसैन, नलिनी गुप्ता सहित कुछ लोगों ने 1920 में ही ताशकंद में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की थी लेकिन बाद में सारे ग्रुपों को एक साथ मिलाकर 26 दिसंबर 1925 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना कानपुर में किया और उसके बाद से कम्युनिस्ट पार्टी अंग्रेजों के साथ आजादी की लड़ाई लगातार लड़ते रहे और आजादी के बाद भी देश के किसान मजदूर छात्र नौजवान के उन्नति के लिए संघर्ष करते रहे हैं।



## सॉफ्टेक को द बेस्ट परफॉर्मर्स को मिला सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्र के कर्मियों को ट्रॉफी और उपहार देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक और बुद्धिजीवी मंच पेंशनर समाज के अनुमंडलीय अध्यक्ष ईशो सिंह, रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार वर्णवाल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की पूर्व वार्डन सह वरिष्ठ शिक्षिका ज्योति वर्मा व आदर्श हेल्थ वर्कर के रूप में चयनित मो एजाज अहमद ने संयुक्त रूप से दिया। सम्मान पाने वालों में केंद्र के सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब सहायक रोहित कुमार दास, भोला कुमार सहित कोनरा पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालिका सबिता कुमारी, मेमोरियल महाविद्यालय स्थित एसआरसी के संचालक नूपुर कुमारी व सोनू कुमार दास शामिल है। इसके साथ ही स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में बेहतर योगदान देने वाले सोनाली, रिंकी, शोभा, मनीषा, सोनी, मुस्कान, साइना, पंकज, दिलीप, अमृता धोनी आदि विद्यार्थियों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया मौके पर केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि सत्य और निष्ठा से कार्य करने वाले हमेशा सम्मानित किए जाते हैं। हर एक व्यक्ति को अपने कर्तव्य और निष्ठा से कभी समझौता नहीं करनी चाहिए।



## राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन का ग्राम स्तरीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम चंदौल में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की ग्राम स्तरीय बैठक हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू की अध्यक्षता में की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह हजारीबाग जिला प्रभारी रामविलास साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे तेली साहू समाज की जनसंख्या इस पूरे भारत देश में बहुत अधिक है। परंतु राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से बहुत पिछड़े हुए हैं। इसलिए जरूरत है कि हमारे समाज के लोग अपनी शक्ति को पहचानें और एकजुटता का परिचय दें। अपना हक और अधिकार लेने के लिए एकजुट होना होगा। जिला उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा तेली जाति के 2022 में 8 एवं 2023 में 4 व्यक्ति की हत्या झारखंड प्रदेश के अंदर हुआ है परंतु दुर्भाग्य कि बात है कि किसी भी पार्टी या संगठन के द्वारा इसपर आवाज नहीं उठाया गया न ही उन पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने के लिए कोई खड़ा हुआ। मौके पर मुख्य रूप से पंचेश्वर साव, पंचेश्वर साहू, संजय साहू, अजय शाह, केदारनाथ साहू, वीरेंद्र साहू, रविंद्र साहु सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



## बीईईओ रामसेवक दांगी व प्रतिनियोजित शिक्षक वीरेंद्र पंडित के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत रानीचुवा के धोबधट गांव के ग्रामीण बरही बीइईओ रामसेवक दांगी व उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोबधट के प्रतिनियोजित शिक्षक वीरेंद्र पंडित के खिलाफ गोलबंद हो गए। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 31 अक्टूबर को हजारीबाग में लगे जनता दरबार में उपायुक्त हजारीबाग को बरही बीईईओ रामसेवक दांगी व उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रतिनियोजित शिक्षक वीरेंद्र पंडित पर सरकारी राशि की गबन किए जाने को लेकर आवेदन दिया था, लेकिन 2 महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। वही ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने आवेदन दिया था, इसके बदले में प्रभारी बीईईओ के इशारे पर प्रभारी शिक्षक बीरेंद्र पंडित ने उल्टा हम लोगों के खिलाफ बरही थाने में आवेदन भी दे दिया। जिसमें सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व बच्चों को पढ़ाई नहीं करने देने जैसे कई आरोप लगाए गए हैं जो बिल्कुल ही निराधार है। वही ग्रामीणों ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोबधट की स्थिति काफी दयनीय है, जबसे प्रतिनियोजित शिक्षक वीरेंद्र पंडित इस स्कूल में योगदान देना शुरू किए, उस समय से कभी काल स्कूल आते हैं। कभी-कभी महीने में एक दो बार तो कभी-कभी दो-तीन महीने तक स्कूल आते ही नहीं है, घर में ही रहकर अपना बायोमेट्रिक से हाजिरी बनाने का कार्य करते हैं। अब सवाल यह उठता है की घर पर रहकर बायोमेट्रिक बनाने के बाद भी उसका मानदेय कैसे मिल जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बीईईओ के मिलीभगत कर मानदेय उठाता होगा। वही बताया कि इस स्कूल में एक और शिक्षक पहले से था, लेकिन उसे वित्तीय प्रभार ना देकर के प्रतिनियोजित शिक्षक वीरेंद्र पंडित को प्रभार दे दिया गया। वही ग्रामीणों ने बताया की बच्चों को सरकारी लाभ से भी वंचित रखा गया, अभी तक पोशाक नही मिला। बेंचडेस्क भी नहीं बनाया गया है। मौके पर मुखिया पति सह समाजसेवी रामचंद्र टुडू, ग्रामीणों में तुलेश्वर सिंह, टेकलाल सिंह, नारायण सिंह, महेश्वर सोरेन, लालू सिंह, चरकू सिंह, छोटी सिंह, वीरेंद्र सिंह, वैजयंती देवी, रसोईया संजू देवी, परवा देवी, योगेश्वरी देवी, दुलारी देवी, सीता देवी, चिंता देवी समेत दर्जनों महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे।



## जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए।

जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## सेवाने नदी पुल निर्माण का हजारीबाग सदर विधायक ने किया शिलान्यास, निर्माण कार्य हुआ शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित बड़ासी पंचायत के ग्राम जगदीशपुर स्थित सेवाने नदी पर हजारीबाग विधानसभा के सदर प्रखंड और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड के दर्जनों गांवों को जोड़ने हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत 4 स्पेन के पुल निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस 4 स्पेन के विराट पुल का निर्माण करीब 3 करोड़ 88 लाख रुपए के लागत से बनेगा। विधायक मनीष जायसवाल ने सदर और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों और दर्जनों जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुल का शिलान्यास किया। उनके शिलान्यास के साथ ही यहां पुल निर्माण का कार्य भी शुरू हो गया । मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की इस पुल के निर्माण होने से हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड के दर्जनों गांव आपस में कनेक्ट हो जायेंगे। विशेषकर सदर प्रखंड के बड़ासी पंचायत इचाक प्रखंड के कारिमाटी पंचायत से जुड़ जायेंगे। इसके निर्माण से आवागमन और परिवहन में जहां कनेक्टिविटी सुगम होगी वहीं इस क्षेत्र का आर्थिक उन्नति के साथ तस्वीर भी बदलेगी। ग्रामीणों की कई मांगों पर जिक्र करते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने आश्वस्त किया की विकास एक सतत प्रक्रिया है जो जारी रहेगी लेकिन आपके जिंदगी से जुड़ा कोई जरूरत का मसला हो तो सीधे हमसे संपर्क करें। हम कोशिश करेंगे आपको हरसंभव मदद कर सकें ।मौके पर सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, विधायक प्रतिनिधि शिवलाल यादव, इचाक भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, बड़ासी मुखिया ममता मेहता, कारीमाटी मुखिया किरण देवी, अमनारी मुखिया कृष्णा मेहता, बोंगा के पूर्व मुखिया भागवत मेहता, अमनारी के पूर्व मुखिया अनुप कुमार, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## जरबा में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड के जरबा पंचायत सचिवालय भवन परिसर में मगंलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। मंच संचालन सांख्यिकी प्रवेक्षक त्रिदेव कुमार ने किया।कार्यक्रम का आरंभ कार्यपालक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललितराम, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया सुनीता देवी,एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कर सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया गया एवं अधिकारियों द्वारा लाभुकों को विस्तारपूर्वक योजना की जानकारी दी। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुना व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति ,आय, निवास,मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। सरकार की योजना की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 840 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे आवेदन का निष्पादन459 ऑन द स्पॉट किया गया जबकि 381 आवेदन का निष्पादन प्रक्रिया में है। सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 291 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अधिकारियों ने प्रखंड कई विभाग के द्वारा लगाया गया स्टॉल में भ्रमण कर लगातार लोगों की समस्या का समाधान करते रहे। मौके पर चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया उन्होंने ने कहा कि जन-जन तक विकास कार्य का लाभ पहुंचना चाहिए ताकि प्रखंड का सारा गांव विकसित हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक अमर कुमार सिन्हा, सांख्यिकी पर्यवेक्षक त्रिदेव कुमार, कृषि पदाधिकारी काशीनाथ कुमार, अमीन राजेश कुमार, पंचायत सेवक अशोक कुमार समेत अन्य कर्मी एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

## सुदूरवरती इलाका में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनने से ग्रामीणों को मिलेगी स्वास्थ्य लाभ की सुविधाएं : विधायक

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड अंतर्गत सोसो पंचायत स्थित काशीटाड़ में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शिलान्यास मौजूद मुख्य अतिथिरामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष सुधा देवी, पूर्व जिप ब्रह्मदेव महतो, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव साव,दुलमी जिप सदस्य प्रीति दीवान, पंकज कुमार, उपप्रमुख धर्मधिर महतो, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रकाश करमाली, मुखिया उर्मिला देवी, पंसस गोपाल महतो ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना एव शिलापट्ट अनावरण कर किया. मौके पर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण होने से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी गरीबों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ और विभिन्न तरह की बीमारियों का इलाज मिल सकेगा जानकारी के अनुसार जिला परिषद मद से 55 लाख 50 हजार की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा. इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का स्वागत बुके देकर किया गया. कार्यक्रम का संचालन संवेदक दयासागर प्रसाद ने की। मौके पर दुलमी मुखिया रविंद्र कुमार सहित भूमिदाता उपेंद्र कुमार पांडेय, तुनुलाल महतो, देवचरन कुमार, मंजुसा लकड़ा, सुरेश महतो, महेश महतो, नरेश साव आदि मौजूद थे. बताते चले कि भुदाता उपेन्द्र कुमार पांडेय ने 15 डिसमिस जमीन उपस्वास्थ्य केंद्र सोसो में राज्यपाल के नाम दान दिया है. जिसको लेकर विधायक ने भूमि दाता उपेन्द्र कुमार पांडेय की माता युरा देवी को शॉल ओढकर सम्मानित किया।



## पतरातू में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का मना स्थापना दिवस

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 98 वाँ स्थापना दिवस पतरातू यूनियन कार्यालय पीटीपीएस में मनाया गया। सर्वप्रथम पार्टी संगठन का झंडा प्रखंड सचिव कामरेड मनोज कुमार महतो द्वारा फहराया गया। वही प्रखंड सचिव ने कहा कि आज वर्तमान समय में जहां पूंजीवाद हावी है। वहीं दूसरी ओर देश के अंदर गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक दायित्व का निर्वाह मूल रूप से वर्तमान सरकार इस कार्य को करने में पूर्ण रूप से विफल है। यदि स्थिति ऐसी ही रहीं । तो, पूंजी एवं समाजवाद की लड़ाई निरंतर चलती रहेगी। मौके पर शहीदों को याद कर उन्हें लाल सलाम दिया गया। इस स्थापना दिवस के मौके पर रमेश कुमार महतो, मनोज पहान, किशोर कुमार महतो, प्रदीप सिंह, नरेश बेदिया, मनीष बेदिया, प्रफुल्ल सिंह और धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।




## जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारियां शुरू

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लेक रिसोर्ट पतरातू के समीप कर्पूरी ठाकुर स्थल में अखिल भारतीय नाई समाज समिति बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष भी कर्पूरी ठाकुर जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर एवं संचालन समिति के सचिव परमेश्वर ठाकुर के द्वारा की गई। साथ ही साथ जननायक कर्पूरी स्थल की साफ-सफाई गई। मौके पर ललन ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, रामप्रसाद ठाकुर, लालमोहन ठाकुर,अमित ठाकुर, पारकेश्वर ठाकुर, राजीव ठाकुर, बिंदा ठाकुर, सिकंदर ठाकुर, मंगरा ठाकुर, मोहन ठाकुर, भूषण ठाकुर, मुकेश ठाकुर, संदीप ठाकुर, दिनेश ठाकुर, पंकज ठाकुर, महेश ठाकुर, संजय ठाकुर, अनिल ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, मुकेश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## ओरमांझी पहुंचने का किया आह्वान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेदिया विकास परिषद् झारखंड के प्रधान कार्यालय घुटूवा में एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बेदिया विकास परिषद् के अध्यक्ष शंकर बेदिया और संचालन महासचिव रामफल बेदिया ने किया। बैठक में सरंक्षक देवकी नंदन बेदिया, सलाहकार दिनेश कुमार मांझी, सचिव लाली बेदिया, उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया और केन्द्रीय सदस्य में राजेश बेदिया, नीता बेदिया,रामदास बेदिया, गोबिंद बेदिया, रामदयाल बेदिया,रामधन बेदिया, बालकिसुन बेदिया, बिंदेश बेदिया, देवेंद्र बेदिया,अमीका बेदिया अन्य उपस्थित थे।बैठक में शहीद जीतराम बेदिया की जयंती दिवस 30 दिसंबर 2023 को इस बार व्यापक रूप से घुटूवा, कुस्टेगढ़ा, अरगड्डा जीएम ऑफिस,सिरका,पेटरवार कोह, बुढ़ाबेहरा, मेदनी पिस्का, टाटी सिंगारी, बीसा,कोड़ी पतरातू अन्य सभी जगहों में बड़े पैमाने पर तैयारी और भागीदारी करते हुए ओरमांझी पिस्का प्रस्थान करेंगे।बैठक में विचार-विमर्श के उपरांत 30 दिसंबर 2023 को चार सूत्रीय मांग पत्र राज्य व केंद्र सरकार से की जाएगी।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, मुआवजा राशि, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।


## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक का आयोजन किया गया। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन हेतु जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से mobiletower.jharkhand.gov.in पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है।बैठक के दौरान जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी श्रीमती आरती पंकज के द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।



## वात्सल्य धाम रामगढ़ में मनाया गया वीर बाल दिवस मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त हुए शामिल

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत को नमन करने के लिए पूरे देश में वर्ष 2022 से 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को छत्तरमांडू स्थित वात्सल्य धाम रामगढ़ में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार कार्यक्रम में शामिल हुए।मौके पर उपायुक्त ने वात्सल्य धाम के बच्चों को वीर बाल दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने बच्चों के साथ कई विषयों पर बातचीत भी की। वीर बाल दिवस के अवसर पर वात्सल्य धाम के बच्चों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता के तहत कई पेंटिंग बनाए गए जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागी के साथ-साथ बाकी सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार उपायुक्त द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी दुखहरण महतो, वात्सल्य धाम के अधीक्षक मनोज कुमार, काउंसेलर अम्बिका, संस्था के कोष प्रबंधक अमित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



## पतरातु झारखंड कंस्ट्रक्शन एंड स्टील के छह गाड़ियों को हथियार बंद अज्ञात अपराधकर्मियों ने तोड़फोड़ कर की क्षतिग्रस्त






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के डाडीडीह में स्थित बीते रात झारखंड कंस्ट्रक्शन एंड स्टील कंपनी में अज्ञात अपराधकर्मियों ने जमकर तांडव मचाया। जानकारी अनुसार झारखंड कंस्ट्रक्शन एंड स्टील बेलिंग प्रेस मशीन से बेस्ट स्क्रेप को प्रेस बंडल बनाकर बेचा जाता है वहीं कल बीते रात को टीपीसी संगठन के लोगों द्वारा गाड़ियां में लगे शीशा में तोड़फोड़ किया गया जिससे लाखों का नुक़सान बताएं जा रहें हैं। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।पतरातू एसडीपीओ ने बताया कि यह तोड़फोड़ टीपीसी संगठन द्वारा किया गया है।वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चार की संख्या में हथियार बंद लोगों द्वारा गेट को फांध कर इस घटना का अंजाम दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में हथियार बंद लोग जो अपना मुंह बांध कर पहुंचे थे। बताया जाता है कि यह घटना लेवी की वसूली को ले कर हुई है। घटना के बाद लोग इसे अपराधिक और उग्रवादी दोनों दृष्टियों से देख रहें हैं जिसकी पुष्टि नहीं हुई लेकिन दहशत का माहौल है।

## रामगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियो ने की डीसी से मुलाकात, ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अनूप कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियो का एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ डीसी चंदन कुमार से मुलाकात कर अपनी बातों को रखा । प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए एक कार्यालय की व्यवस्था करवाने का अनुरोध किया साथ ही कहा कि कार्यालय रहने से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए बैठक करने में आसानी होगी। डीसी चंदन कुमार ने रेड क्रॉस के पदाधिकारियो का हौसला बढ़ाते हुए कई सुझाव दिए और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द रेड क्रॉस सोसाइटी को कार्यालय के लिए जगह उपलब्ध करवा दी जाएगी। डीसी चंदन कुमार ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि जिले के सदर अस्पताल के ब्लेड बैंक में ब्लड की काफी कमी है जिससे यहां के लोगों को जरूरत पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है डीसी ने रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियो से अधिक से अधिक ब्लड डोनेशन कैंप लगाने की बात कही ताकि यहां के जरूरतमंद लोगों को समय पर ब्लड मिल सके। इसके अलावा डीसी चंदन कुमार ने कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। रेड क्रॉस सोसाइटी का प्रतिनिधिमंडल डीसी चंदन कुमार से मिलने के बाद सदर अस्पताल के ब्लड बैंक की स्थिति का जायजा लेने ब्लड बैंक पहुंच ब्लड बैंक की पदाधिकारी से कई अहम जानकारियां प्राप्त की और ब्लड बैंक डोनेशन कैंप के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी को ब्लड बैंक के पदाधिकारी क्या-क्या सुविधा दे सकते हैं इसकी भी जानकारी प्राप्त की। उसी को लेकर ब्लड बैंक सदर अस्पताल का जायजा लेने पहुंचे थे इसके अलावा रेड क्रॉस सोसाइटी का कार्यालय उपलब्ध करवाने को लेकर डीसी चंदन कुमार से बात हुई है । डीसी ने प्रतिनिधिमंडल का काफी हौसला बढ़ाया है । प्रतिनिधि मंडल में चेयरमैन अनूप कुमार के अलावा वॉइस चेयरमैन महावीर अग्रवाल सचिन इंद्रपाल सिंह पाले और कोषाध्यक्ष राहुल जैन शामिल थे।



## एमजी कॉमेट ईवी ने एक नया युग शुरू किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन - एमजी कॉमेट ईवी ने भारत में अर्बन मोबिलिटी समाधानों का एक नया युग शुरू किया। एमजी कॉमेट ईवी पेस, प्ले और प्लश रंगों में उपलब्ध है। बहुउपयोगी जीएसईवी-प्लेटफॉर्म-बेस्ड इलेक्ट्रिक वाहन, कॉमेट में स्लीक और विशाल स्पेस एवं अंतर्निहित एजिलिटी के साथ शहर में बहुत सुगम और बिना थकान के आवागमन संभव बनता है। कॉमेट ईवी एमजी मोटर इंडिया के पोर्टफोलियो का दूसरा इलेक्ट्रिक वाहन है और इसमें स्टाइल, टेक्नोलॉजी, और सस्टेनेबिलिटी के साथ बेजोड़ सुरक्षा विशेषताएं और शानदार ड्राइव की सुविधाएं मिलती हैं। इसके वैरिएंट शानदार स्टाइल के साथ आते हैं, और उपयोगकर्ताओं को ऐड-ऑन, एक्सेसरीज़, फंकी बॉडी रैप्स एवं आकर्षक स्टिकर्स के साथ अपना व्यक्तिगत स्टेटमेंट बनाने का विकल्प प्रदान करते हैं। कॉमेट ईवी पेस वैरिएंट के लिए 7.98 लाख रु. के विशेष शुरुआती मूल्य के साथ उपलब्ध होगी; प्ले और प्लश वैरिएंट्स का मूल्य क्रमशः 9.28 लाख रु. और 9.98 लाख रु. (एक्स-शोरूम) होगा। यह ऑफर पहली 5,000 बुकिंग्स तक लागू रहेगा।

## गांव गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है : सुधीर मंगलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुलमी :** दुलमी प्रखंड के उसरा पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम का मंगलवार को आयोजन किया गया। मौके मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखड पार्षद प्रीति दीवान प्रमुख रेणु देवी बीडीओ सुनील प्रजापति सीओ मदन महली सांसद प्रतिनिधि इन्देव साव सहित अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारी द्वारा उन्हें योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचने के लिए में पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिसका जनता लाभ उठाए और अपने से संबंधित योजना का लाभ ले। साथ ही किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर मौके पर मौजूद पदाधिकारी या प्रतिनिधि से मदद ले। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टोल का निरीक्षण की एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती-साड़ी, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का भी स्वीकृति पत्र, सामान और चेक का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया संजू चौधरी वीणा देवी राजीव मेहता प्रमेश्वर पटेल, बीस सूत्री सदस्य सतबिलास करमाली प्रकाश करमाली बबिता कुमारी पंचायत सेवक झमन लाल महतो, पंचायत सचिव आतिफ कमर रोज़गार सेवक रामकुमार कलाम अंसारी, सुधीर महतो पुर्व मुखिया शैलेश चौधरी, जगरनाथ महतो व सौकंडों ग्रामीण मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आगामी 29/12/2023 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नजारत उपसमाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर रामगढ़ जिले के लिए प्राप्त निर्देशों की विस्तृत जानकारी उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को दी गयी। मौके पर उपायुक्त ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रामगढ़ जिले के लाभुकों के भाग लेने के मद्देनजर अबुआ आवास योजना, मनरेगा, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल डीबीटी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों को चिन्हित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दिन ससमय लाभुकों के कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## एजेकेएसएस की वार्ता के बाद 28 दिसंबर का धरना स्थगित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सायल परियोजना को एजेकेएसएस शाखा की ओर से दिए गए कर्मचारियों की मांगों को लेकर 28 दिसंबर को होने वाला धरना को परियोजना पदाधिकारी कार्यालय सयाल में यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर अस्थगित कर दिया गया है। वही परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि युनियन के द्वारा जो भी मांग रखी गई थी उसपर सकारात्मक पहल किया जाएगा। वहीं परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि युनियन की ओर से 10 सूत्री मांगों पर प्रबंधन की और से सकारात्मक पहल किया गया है।जिसमें स्थानीय बेरोजगारों को जो टेक्निकल है उनको आउटसोर्सिंग कंपनी में काम पर लगाया जाएगा, सयाल परियोजना में पानी की जो दिक्कत है उसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा, सभी कर्मचारियों को प्रमोशन के लिए मैनपॉवर बजट मंगवा कर प्रमोशन दिया जाएगा, पतरातू वाटर फिटर प्लांट में संडे रोटेशन करके दिया जाएगा, सयाल पीपल सेंटर में पानी का पाइप लाइन जल्द ही लगा दिया जाएगा, आउटसोर्सिंग कंपनी में हाई पावर कमेटी के फैसले के तहत पेमेंट किया जाएगा,आउटसोर्सिंग कंपनी में मजदूरों से 8 घंटा ही काम लिया जाएगा। वहीं इस मौके पर खान प्रबंधक असरत खान प्रोजेक्ट इंजीनियर गुलाम रसूल कार्मिक प्रबंधक रश्मी ईशा खलको सिविल इंजीनियर रिक बसाक और यूनियन की ओर से क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा,सयाल ब्रांच के सचिव विनोद कुमार, अध्यक्ष शंकर सिंह,वेलफेयर बोर्ड के सदस्य कमलेश कुमार, गुरदयाल ठाकुर, कमल सिंह,शिवनंदन दास, शंकर कुमार, अंजन दास,चंद्रदेव सिंह,सुदेश्वर पासवान,जसीम अंसारी, शिव शंकर आदि लोग उपस्थित थे।



## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई व पंडित मदनमोहन मालवीय की जयंती पर बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत विकास परिषद् की राजा राममोहन राय शाखा रामगढ़ के तत्वावधान में राजनीति के शिखर-पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी , बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदनमोहन मालवीय जी की जयंती तथा पूरे विश्व को शांति एवं प्रेम का संदेश देने वाले प्रभु यीशु के अवतरण के पावन अवसर पर एक विशिष्ट बैठक रांची रोड स्थित होटल रेन फोरेस्ट , प्रणीत टॉवर के समीप संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मीडिया प्रभारी राज़ रामगढी के द्वारा स्वागत भाषण , सरस्वती वंदना के पश्चात अटल जी एवं मालवीय जी की छवि पर सामुहिक पुष्पार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात संस्था में सम्मिलित हुए तीन नये सदस्यों क्रमशः हर नारायण साह , मृत्युंजय अग्रवाल तथा होटल रेन फोरेस्ट के मालिक मोहन प्रसाद का स्वागत माल्यार्पण के साथ किया गया। वरिष्ठता के आधार पर अपने स्वर्णिम उद्बोधन के क्रम में नवागत सदस्य हर नारायण साह ने आध्यात्मिक विषयों पर अपनी गहरी पैठ , तर्कपूर्ण विवेचना एवं सारगर्भित व्याख्या से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपनी नव विमोचित पुस्तक के बारे में भी बताया। काव्य पाठ सहित अन्य वांछनीय शिष्टाचारों के पश्चात बैठक का समापन हुआ। आयोजन का सफल संचालन शाखा के मीडिया प्रभारी राज़ रामगढी ने किया , जबकि आभार ज्ञापन विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजा राममोहन राय शाखा के अध्यक्ष नीरज पाठक , कोषाध्यक्ष राजेश साह , संरक्षक आचार्य आदित्य नारायण त्रिपाठी , मुकुल भारद्वाज , अधिवक्ता सतीश , सीटू सिंह सलूजा , प्रेम कुमार , मल्लिका दत्ता , ज्योति मानसाता , नीलम केसरी , रमा मिश्रा , पूनम टोप्पो , रानी देवी , नागिन देवी , स्मृति देवी , तनिषा कुमारी एवं निकिता साहू सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।




झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 200 /2023-24 दिनांक :- 23.12.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GUM-03 / 2023-24 | रायडीह | 1 | कांसीर रोड से लुरूकोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.720 कि०मी०) | 1255.625 | बारह करोड़ पचपन लाख बासठ हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | रायडीह | 2 | मोकरा से करमटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.000 कि०मी०) | | | |
| | | रायडीह | 3 | कोन्ड्रा से तारालाया (पार्ट–ए) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.450 कि०मी०) | | | |
| | | रायडीह | 4 | सिलम लोधाम से कोठाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.650 कि०मी०) | | | |
| | | रायडीह | 5 | कोन्ड्रा से तारालाया (पार्ट–बी) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–2.450 कि०मी०) | | | |
| | | रायडीह | 6 | कुलमुण्डा – बेहराटोली से पीबो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–3.000 कि०मी०) | | | |
| | | रायडीह | 7 | T01 से लसरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.100 कि०मी०) | | | |
| | | रायडीह | 8 | एन०एच०–78 से जैनाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.600 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-GUM-04 / 2023-24 | पालकोट | 1 | सेमरा से खरवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.000 कि०मी०) | 1393.709 | तेरह करोड़ तिरान्वे लाख सत्तर हजार नौ सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | पालकोट | 2 | तेतरटोली से योगीमठ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.500 कि०मी०) | | | |
| | | पालकोट | 3 | देवगांव से रेवरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.800 कि०मी०) | | | |
| | | पालकोट | 4 | खरवाडीह से गोईनधरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.800 कि०मी०) | | | |
| | | पालकोट | 5 | रोकेडेगा से भवराटोली (पार्ट– बी०) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–12.200 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–29.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–17.01.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 314381 Rural Work Department(23-24)D



Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office Of The Gumla Nagar Parishad, Gumla

E-procurement Tender Notice

NIT No.- GML/NP/02/2023-24 (15th Finance Commission Untied Fund)

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents by DD (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टुकूटोली में सरना श्राद्ध स्थल की घेराबंदी। (वार्ड सं 01) | 2469900.00 | 49400.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 2 | दीपक मिंज के घर के पास कल्भर्ट एवं दीपक मिंज के घर से बंधना उरांव के घर तक पी0 सी0 सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वार्ड सं 02) | 1237200.00 | 24800.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 3 | लोहरदगा रोड में दीपक मिंज के घर से रोबर्ट बाड़ा के घर तक एवं धमेन्द्र गुप्ता के घर से सोसो मोड़ तक स्लैब सहित आर0 सी0 सी0 नाली का निर्माण। (वार्ड सं 02) | 2406100.00 | 48200.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 4 | बागवाना पुल के समीप पी0 सी0 सी0 पथ का चौड़ीकरण एवं मरम्मति कार्य। (वार्ड सं 03) | 2067100.00 | 41400.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 5 | राजू राम के घर से भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया पालकोट रोड बायी तरफ शांति नगर में आर0 सी0 सी0 नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड सं 07) | 1837200.00 | 36800.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 6 | मार्शल लुगून के घर से अपोस्तोलिक बाउण्डरी तक आर0 सी0 सी0 नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड सं 07) | 1085700.00 | 21800.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 7 | जिलानी मास्टर के घर से सिद्दीकी के घर तक स्लैब सहित नाली निर्माण कार्य। (वार्ड सं 09) | 1128906.00 | 22600.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 8 | अनवर के घर से रफिक मिस्त्री के घर तक स्लैब सहित आर0 सी0 सी0 नाली निर्माण कार्य। (वार्ड सं 09) | 968313.00 | 19400.00 | 5000.00 | 03 Month |
| | | 13200419.00 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Administrator, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Date of tender published on website | 08.01.2024 |
| 3 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 4 | Availability of tender online biding | 08.01.2024 (at 11:00 AM) to 20.01.2024 (at 05:00 PM) |
| 5 | Date & time of opening bid | 24.01.2024 (at 01:00 PM) |
| 6 | Mode of Submission of bid | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

नोट :–
(1)केवल ई–निविदा स्वीकार की जायेगी।(2)निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 314400 District(23-24)#D

# महुदा : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

## गुस्साएं ग्रामीणों ने महुदा, बोकारो, रांची मुख्य मार्ग को घंटों रखा जाम





प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात गाड़ी के टक्कर से एक युवक की मौके पर मौत ।गुस्साए ग्रामीण ने महुदा बोकारो रांची मुख्य मार्ग को घंटो रखा जाम। मृत्यक युवक का नाम लाल बाबू कर्मकार गांव भगतुडीह महुदा का रहने वाला है। बताया जाता है की अपनी मां यशोदा देवी जो महुदा थाना में चौकीदार पद पर कार्य करती है जिनको महुदा थाना पहुंचा कर अपने घर भगतुडीह वापस पल्सर मोटरसाइकिल संख्या JH10 CT/1610 में जा रहा था तभी अज्ञात गाड़ी ने सीधी टक्कर मार दी जिससे लाला बाबू की मौके पर मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने महुदा पेट्रोल पंप के सामने टायर जला कर महुदा बोकारो मुख्य मार्ग को घंटो जाम कर दिया। मौके पर जिला मुख्यालय, महुदा थाना, भाटडीह ओपी पुलिस पहुंची । बाघमारा प्रखंड अंचल अधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघन महतो आदि लोग भी मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। मांग को देने के लिए ग्रामीण लिखित आश्वासन देने की मांग कर रहे थे , बहुत समझाने के बाद लगभग 2 बजे दोपहर को ग्रामीण माने । तब जाकर प्रशासन ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृत्यक चौकीदार का सबसे छोटा पुत्र था, जिसका एक वर्ष पहले शादी हुआ था ।और एक तीन महीना की बच्ची भी है। बताया जाता हैं कि कोन सी गाड़ी ने युवक की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी है आस पास की सीसी कैमरा से जांच किया जाएगा। सूत्र की माने तो चर्चा है की अवैध बालू या ईट लदा ट्रेक्टर ने टक्कर मारी है जो जांच के बाद की साफ हो पाएगा।

# गिरिडीह : पुलिस ने 8 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने फिर 8 साइबर अपराधियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया। मंगलवार को पपरवाटांड कार्यालय में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी।बताया गया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को सुचना प्राप्त हुई की गिरिडीह के विभिन्न थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी लोगों से साइबर ठगी कर रहें हैं।जिसके बाद पुलिस उपाधीक्षक साइबर संदीप सुमन समदर्शी के नेतृत्व में टीम गठीत कर थाना प्रभारी साइबर अजय कुमार, एसआई रोशन कुमार, सरोज मंडल, सुबल डे ,गौरव कुमार, एएसआई संजय मुखियार, गजेन्द्र कुमार, आरक्षी साकेत वर्मा, सौरभ सुमन, जितेन्द्र नाथ महतो आदि के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल 8 साइबर अपराधीयों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 20 मोबाइल, 25 सिम, 04 एटीएम, 01 पासबुक, 01 पैनकार्ड, 1 आधारकार्ड और 1 लैपटॉप बरामद हुआ । बताया की ये सभी साइबर अपराधी गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि का लाभ दिलाने, आम लोगों को अश्लील वीडियो भेजकर रिकॉर्डिंग कर ब्लैकमेल करना, फर्जी खाता से पैसे की निकासी करना, फर्जी बैंक अधिकारी बन कर लोगों को ठगने का काम करते थे।

## असहायों के बीच कंबलों का वितरण, लोगों में ख़ुशी की लहर



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनहित मोर्चा द्वारा टुंडी के विभिन्न गांवों में लगातार एक माह से असहायों के बीच कंबलों का वितरण किया जा रहा है जिससे सभी लोगों में जबर्दस्त खुशी देखी जा रही है। बताया जाता है कि टुंडी जैसे पिछड़े क्षेत्रों में इन दिनों भीषण ठंड को देखते हुए जनहित मोर्चा ने यह निर्णय लिया कि गरीबों को क्यों न इस दुःख के घड़ी में मददगार बनें इसी को लेकर टुंडी के सभी असहायों के बीच ताबड़तोड़ कंबलों का एक मुश्त हजारों कंबलों का वितरण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। टुंडी के अति पिछड़ा गांव मंझलीटांड, सालपहाड़, पर्वतपुर, आमटांड, टोपाटांड समेत आधा दर्जन गांवों में कंबलों का वितरण किया गया। जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने इस अवसर पर कहा कि जनहित मोर्चा गरीब असहायों का इस्तेमाल केवल वोट लेने में नहीं बल्कि बचाव एवं राहत कार्य चलाने में विश्वास करता है। मौके पर उनके निजी सचिव मुरारी सिंह, निजामुद्दीन अंसारी, कार्तिक महतो, अजय रवानी, नंदकिशोर केवट, मनोज पाण्डेय, मुश्ताक अंसारी, सचिन मंडल, विक्रम सिंह वीर समेत कई जनहित मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## काम करने के दौरान पुल से गिरा कामगार, घायल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के बरगंडा स्थित निर्माणाधीन उसरी नदी पुराना पुल पर काम करने एक व्यक्ति मंगलवार को पुल से अचानक नीचे गिर गया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। अन्न फनन में तुरंत ही घायल अवस्था में कामगार को इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह लाया गया। जहां इसका इलाज चल रहा है। बताया गया सतबरवा पालमो के रहने वाला 30 वर्षीय बच्चन यादव निर्माणाधीन पुराना पुल में पिलर निर्माण में काम कर रहा था इसी दौरान अचानक यह नीचे गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया। जिसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा कि बिना किसी सुरक्षा उपाय के पुराना पुल में निर्माण कार्य चल रहा है। इसी वजह से यह हादसा हुआ।

## जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में



भाजपा नेता सुरेश साव ने गिरिडीह विधानसभा के गप्पे एवं बरमोरिया में बढ़ते ठंड को देखते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मध्य भाग के महामंत्री नकुल तुरी व मनोज तुरी के नेतृत्व में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया । इस दौरान बुढ़े-बुजुर्गो ने कहा कि सुरेश साव हमारे घर के बेटे है जो हमारे हर परिस्थिति में मदद करते हैं, इस ठंड मौसम में भी हम असहायों के बीच ये हर प्रकार से सहायता करते हैं। इसी दौरान श्री साव ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा की जनता को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं होगी,कोई भी छोटी-बड़ी जरूरत हो, आप सभी निःसंकोच मेरे पास आइये, आप सभी की निश्चित तौर पर हर संभव मदद करूंगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प को सभी लोगों ने अपना समर्थन दिया । इधर 2024 में पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को अपना समर्थन का संकल्प दोहराया । बातचीत के क्रम में श्री साव ने कहा कि कई स्थानीय समस्याओं , हेमंत सरकार के झूठे रोजगार आदि विषय पर बात की।

## कटिहार मंडल के अलुआबाड़ी रोड स्टेशन कैपिटल एक्सप्रेस का ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर राजेन्द्रनगर और कामाख्या/न्यू जलपाईगुड़ी के मध्य चलने वाली वाली गाड़ी संख्या 13245/46/47/48 कैपिटल एक्सप्रेस का कटिहार मंडल के अलुआबाड़ी रोड़ स्टेषन पर 02 मिनट का प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । दिनांक 26.12.2023 से राजेन्द्रनगर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13248 राजेन्द्रनगर-कामाख्या कैपिटल एक्सप्रेस 10.15 बजे अलुआबाड़ी रोड़ स्टेषन पहुंचकर वहां से 10.17 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा वापसी में दिनांक 27.12.2023 से कामाख्या से खुलने वाली गाड़ी सं. 13247 कामाख्या-राजेन्द्रनगर कैपिटल एक्सप्रेस 16.58 बजे अलुआबाड़ी रोड़ स्टेषन पहुंचकर वहां से 17.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

इसी तरह दिनांक 28.12.2023 से राजेन्द्रनगर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13246 राजेन्द्रनगर-न्यू जलपाईगुड़ी कैपिटल एक्सप्रेस 10.15 बजे अलुआबाड़ी रोड़ स्टेषन पहुंचकर वहां से 10.17 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा वापसी में दिनांक 30.12.2023 से न्यूजलपाईगुड़ी से खुलने वाली गाड़ी सं. 13245 न्यूजलपाईगुड़ी-राजेन्द्रनगर कैपिटल एक्सप्रेस 16.58 बजे अलुआबाड़ी रोड़ स्टेषन पहुंचकर वहां से 17.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

## प्रवासी मजदुर का बैंगलोर में निधन



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत नवडीहा ओपी क्षेत्र के संतरायडीह गांव निवासी हरेन्द्र पासवान के 18 वर्षीय पुत्र नीतेश कुमार पासवान का निधन संदिग्ध परिस्थिति में सोमवार सुबह को बैंगलोर शहर में हो गया। कुछ माह पूर्व ही वे अपने घर से कार्य करने के लिए गया था। वहां पर वे इंडस्ट्रीज लाइन में मजदूर के रूप में कार्य करता था। कार्य करने के दौरान ही उसकी मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गया । नितेश कुमार की मां प्रमिला देवी ने बताई की कुछ माह पूर्व ही छोटा बेटा बेंगलुरु शहर गया था। सोमवार सुबह को नीतेश के साथियों ने फोन कर बताया की आपके बेटा का अचानक निधन हो गया है । उसके शरीर में जख्म का निशान भी बना है। देवरी थाना क्षेत्र के तिवारीडीह के एक ठेकेदार ने उसे बैंगलोर ले गया था। घटना की सूचना पर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल था । स्वजनों का कहना है कि कम्पनी के किसी लोगों के द्वारा ही उसको मारा गया है । अत्यन्त ही गरीब होने के कारण अपने बेटे का शव पैतृक आवास लाने की गुहार लगा रहे हैं । वहीं नवडीहा पंचायत के मुखिया सीमा कुमारी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उसका ढाढ़स बंधाया और विभाग से पीड़ित परिवार को उचित मुवाजा देने की मांग की।

# धनबाद रेल मंडल माल ढुलाई में 136 मिलियन टन लोडिंग कर इतिहास रचा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय हाजीपुर के वैशाली प्रेक्षागृह में आयोजित 68 वें रेल सप्ताह समारोह में धनबाद रेल मंडल का डंका बजा। जोन के सबसे बड़े पुरस्कार जीएम ओवरआल एफिशिएंसी शील्ड धनबाद रेल मंडल को दिया गया। इस दौरान महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने धनबाद मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में शील्ड प्रदान किया। इसके साथ ही धनबाद मंडल को 19 अलग-अलग शील्ड मिले। पूर्व मध्य रेलवे के पांच मंडलों में सबसे अधिक शील्ड धनबाद मंडल को मिले। समारोह में जोन के अधिकारियों के साथ सभी मंडल के डीआरएम उपस्थित थे। पूरे मामले पर जानकारी देते हुए एडीआरएम और सीनियर डीसीएम ने बताया कि करीब 17 हज़ार करोड़ राजस्व संग्रह धनबाद मंडल द्वारा किया गया है। वहीं 136 मिलियन टन लोड कर इतिहास रचा है। इसके बाद धनबाद रेल मंडल को 19 शील्ड देकर महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया है। बता दें कि धनबाद मंडल ने 136 मीलियन टन लोडिंग कर इतिहास रच दिया है। भारतीय रेलवे में यह अब तक की सर्वाधिक लोडिंग है।

# गिरिडीह जिले में 26 करोड़ की अनाज की लूट करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा मिले : राजेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा राजेश सिन्हा ने जिले भर में हो रही अनाज की लूट करने वाले पर कार्यवाई के लिए उपायुक्त के नाम आवेदन दिया है। आवेदन में यह भी जिक्र किया गया है, कि टेंडर धारी दो सगे भाइयों के पिता का अलग-अलग नाम कैसे टेंडर के लिए कागज पर हो सकता है। साथ ही 26 करोड़ का अनाज आखिर किसके ताल में से चोरी हुई बताना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी, गरीब आदमी का निवाला है। भाकपा माले आंदोलन के जरिए जन जन तक पहुंचाएगा मुद्दा। इधर माले के बगोदर विधायक विनोद सिंह ने तीन चार महीने पहले चावल लूट का डिटेल्स दिया था। साथ ही चर्चा किया गया था उसके आलोक में आज तक जांच जारी है कार्य हो रहा है।

इधर गिरिडीह उपायुक्त में तीन महीने पहले ही लूट के बारे जिक्र कर दिया गया था। अब जांच का दायरा और बढ़ाने के लिए आम जनता को माले के बैनर तले आंदोलन में आना होगा,अन्य पार्टियों को जनता के मुद्दे से बहुत लेना देना नही रहता है।मौके पर उपस्थित माले नेता कन्हैया, एकराम, चांद, राजीव, संजय, रंजित यादव आदि मौजूद थे।

# जनता दरबार : सरकारी जमीन पर बनी अवैध फैक्ट्री को हटाने की गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में गोविंदपुर के बड़ा पिछड़ी पंचायत से आए ग्रामीणों ने बताया कि वहां सरकारी जमीन पर कब्जा करके किसी ने सोयाबीन बनाने की अवैध फैक्ट्री खोल रखी है। फैक्ट्री में दिन-रात कम होने से आसपास के ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त अवैध फैक्ट्री को हटाने की गुहार लगाई। जनता दरबार में आईटीआई कॉलेज के लेक्चर ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें विगत 8 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। उपायुक्त ने तत्काल आईटीआई के निदेशक से बात कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में फर्जी बैंक अकाउंट खोलकर जमीन अधिग्रहण का मुआवजा लेने, मकान पर जबरन कब्जा करने, चिरकुंडा नगर परिषद में विवाह भवन का निर्माण करने, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में 30 लोगों को बिना सूचना कम से हटा देने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। उपायुक्त ने सभी शिकायतों का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

## स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा की बैठक संपन्न

# भारी संख्या में आम जनता शहीद श्यामल चक्रवर्ती को नागरिक सम्मान देते आये हैं : आनंद महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा की संयुक्त बैठक आज मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की एवं संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, स्मारक समिति के संरक्षक काशीनाथ चटर्जी एवं मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान उपस्थित थे। शहादत दिवस पर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पी के राय कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अली इमाम खान होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पुर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि 32 सालों से शहीद श्यामल चक्रवर्ती के शहादत को नागरिक सम्मान दिलाने के लिए स्मारक समिति एवं मायुमो 3 जनवरी को माल्यार्पण, श्रद्धांजलि सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कर उन्हें यह सम्मान देते आए हैं। इतनी बड़ी त्याग बलिदान देने वाले शहादत को आज तक सरकार ने किसी प्रकार की सम्मान देने की पहल नहीं की है। महतो ने बुद्धिजीवी, नौजवान, मजदूरों से भारी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य रूप से मासस केंद्रीय सचिव दिल मोहम्मद, स्मारक समिति के सचिव समीर गोस्वामी, सुभाष चटर्जी, जयदीप बनर्जी, हिमांशु मंडल, बादल सरकार, विजय पासवान, नरेश पासवान, राजेश बिरुआ, सुरेश सिंह, मनीष यादव, शशि पासवान आदि शामिल थे।

## प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा गांव, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने किया श्रद्धांजलि अर्पित



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के कुशमई पंचायत के ग्राम माटियोसिंघा निवासी लगभग 52 वर्षीय प्रवासी मजदूर बहादुर यादव का शव गांव पहुंचा। शव के गांव पहुंचते हीं जहां परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया वहीं घटना की सूचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो एवं अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि सह जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव मृतक के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को ढाढस बंधाया और सरकार एवं श्रम विभाग के प्रावधानों के तहत मिलने वाला मुआवजा दिलवाने में हर संभव मदद का भरोसा दिया। आपको बता दें कि सोमवार को मृतक बहादुर यादव की तबियत अचानक बिगड़ गई जिसके कारण कल शाम को हीं कोलकाता में उनका निधन में हो गया था।

# मेरा नाम को धूमिल करने का झूठा प्रयास किया जा रहा है : प्रखंड अध्यक्ष, जेएमएम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में अजमूल अंसारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, प्रखंड अध्यक्ष, बाघमारा, के द्वारा एक प्रेस वार्ता कर एक अखबार में छपे आरोप से अपने आप को आरोप मुक्त बताते हुए कहा कि मेरा नाम को धूमिल करने के लिए मुझे बदनाम किया जा रहा हैं। भाटडीह ओपी में एक ए एफ आई आर में अजुमल अंसारी नाम से केश दर्ज किया गया है। जबकि उक्त नाम बहुत सारे लोगो का हो सकता हैं । मेरा नाम भी अजमुल अंसारी है और में एक सामाजिक कार्यकर्ता हू। एक अखबार में मेरा फोटो सहित नाम को छापा गया था। जो सरासर गलत है। मेरा नाम किसी भी केस में नही है मेरा पता भी अलग है। मैं जेएमएम का प्रखंड अध्यक्ष हूं। लोगो की सेवा करता हूं। कुछ लोग मेरा नाम को बदनाम करना चाहते हैं। मैं कभी भी हड़बड़ाने वाला नही हुं। सचाई के लिए हम कभी पीछे नहीं हटेंगे।

मैं प्रशासन के उच्च अधिकारी को पत्र लिखकर मुझे बदनाम करने मेरा छवि को धूमिल करने पर जांच की मांग करूंगा।

# बर्णवाल सेवा समिति के द्वारा मनाया गया महाराजा अहिवरन जयंती




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरीडीह में मंगलवार को बर्णवाल सेवा समिति की ओर से महाराजा अहिवरन जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र मोदी तथा विशिष्ट अतिथि काजल कुमारी बीपीएससी, उप मुखिया चंदन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व द्वीप प्रज्वलित कर महाराजा अहिवरन के चित्र पर सामूहिक रूप से पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई,तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत माला व शॉल देकर किया गया । कार्यक्रम का संचालन विजय बर्णवाल तथा संबोधन रघुनन्दन बर्णवाल के द्वारा किया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### रेयाजुल पवंरिया का शव उत्तर प्रदेश से मंगवाने के लिए उपायुक्त का आजसू ने जताया आभार

**लोहरदगा :** रेयाजुल पवंरिया, पिता कैला पवंरिया जो कि उत्तर प्रदेश के गोंदा जिले जालेपुर ग्राम में भठे में मजदूरी करने गया था और वहीं काम करने के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। उसके शव को वहां से उसके घर मंगवाने के लिए आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने उपायुक्त और श्रम अधीक्षक लोहरदगा से अनुरोध किया था। उनके अनुरोध को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारी गणों ने शव को घर मंगवाने का कार्य किया। इस हेतु उपायुक्त और श्रम अधीक्षक लोहरदगा का आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने आभार प्रकट किया है और कहा कि यदि इसी प्रकार से जनता के कार्यों को अधिकारी शीघ्र रूप से करते हैं तो जन कल्याण होता है और जनता का आशीर्वाद मिलता है।

### अयोध्या से पूजित अक्षत करंगागुड़ी मंदिर में लाया गया, घर घर होगा निमंत्रण



**केरसई :** 22 जनवरी अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर अयोध्या से पूजित अक्षत भरा कलश करँगागुड़ी मंदिर लाया गया जहाँ पूजा अनुष्ठान के पश्चात मंदिर कार्यकारिणी सदस्यों को सौंप दिया गया जहां सदस्यों द्वारा घर-घर पूजित अक्षत देकर लोगों को 22 जनवरी के लिए निमंत्रण दिया जाएगा प्रसिद्ध करँगागुड़ी मंदिर में प्रभात फेरी भजन कीर्तन लाइव प्राण प्रतिष्ठा दर्शन एवं भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

# भारतीय जनता पार्टी ने मनाया वीर बाल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 9 जनवरी 2022 को या घोषणा किया था कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई- खासकर जोरावर और फतेह सिंह की। सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था। इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था। आज एस्पायर क्लासेस में जिसका संचालन शताब्दी महेंद्र के द्वारा किया जाता है एस्पायर क्लासेस में आज स्पीच कंपटीशन एवं क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें 25 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृज बिहारी प्रसाद, चंद्रशेखर अग्रवाल, राजकिशोर महतो, अमरेश भारती, छबि सिंह, राजेश महतो, सजल कुमार, विवेक कुमार, क्विज कंपटीशन एवं स्पीच कंपटीशन में फर्स्ट सेकंड एवं थर्ड आए हुए बच्चों के बीच प्राइज डिसटीब्यूशन किया गया। फर्स्ट आए हुए बच्चे शानवी एवं विवान, सेकंड खुश एवं एंजेल, थर्ड नायंस अनुष्का एवं समृद्धि हुए।

# उपायुक्त ने झारखंड सरकार के चार साल पूर्ण होने को लेकर पदाधिकारी के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**लोहरदगा :** राज्य सरकार के चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर मोरहाबादी, रांची में दिनांक 29.12.2023 को होनेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में लोहरदगा जिला से लाभुकों को भेजे जाने संबंधी आवश्यक बैठक आज उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं यथा; सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण योजना, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, हरा राशन कार्ड समेत अन्य योजनाओं को भेजे जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, इसमें कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मॉनिटरिंग, वाहन की व्यवस्था आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# सुंदरू एवं टाटी पंचायत में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज कुडू प्रखण्ड के सुंदरू एवं टाटी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में



सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया (SVAMITVA) आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में वीर बाल दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का शुभारंभ साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबज़ादा फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच वीर बाल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में किरण कुमारी, कनक दीप व पलक कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभय कुमार साहू, नितेश उरांव, आकांक्षा पांडे, ज्योति प्रिया कुजूर, सचिन उरांव, अमर उरांव, अनिमा कुमारी आदि की सहभागिता भी काफी सराहनीय रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को गणित की आचार्या रश्मि साहू के द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता एवं निर्णायक की भूमिका ऋद्धि मिश्रा ने निभाई। उन्होंने कहा कि साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह, देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिए। लेकिन इन्होंने मुगलों के समक्ष घुटने नहीं टेंका। मुगलो ने इन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया। इतिहास में सबसे कम उम्र के वीर बलिदानियों में इनका नाम दर्ज हो गया। कार्यक्रम में 11 वीं के छात्र-छात्राएं और शिक्षक शिक्षिका शामिल थी।

### कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में नए डीडीसी तथा कार्यपालक अभियंता का किया स्वागत

**लोहरदगा :** जिले में मंगलवार को कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा के नए डीडीसी को बुक्के एवं अंग वस्त्र देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। वही दूसरे नए अधिकारी ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लोहरदगा के नए कार्यपालक अभियंता अजय कुमार को भी बुक्के देकर स्वागत किया गया मौके पर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने क्षेत्र से जुड़ी कई जनसमस्याओं से डीडीसी को अवगत कराया वही डीडीसी ने अस्वस्त करते हुए कहा कि लोहरदगा के जनता के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, लोहरदगा जिला को विकास की पटरी पर लाना पहली प्राथमिकता होगी।

# हथियों का आतंक लगातार जारी, उजुड़े कितने आशियाने, प्रखंड प्रमुख ने उपलब्ध कराये सामग्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत अंतर्गत कुम्हार टोली गांव में बीती रात्रि 18-19 की संख्या में हाथियों का झुंड सेवती देवी पति मासीह खड़िया के घर तक पहुंचा एवं घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे गेहूं, चावल, दाल को खो गए साथ ही दीवार गिरने से घर के अंदर रखे सामान जैसे कुर्सी, टेबल, बर्तन इत्यादि सब दब गए इससे उनका भारी नुकसान हुआ, परिवार के सदस्य समय रहते घर से बाहर निकल गए, जिससे किसी प्रकार का बड़ा हादसा होने



से बच गया, सुबह जानकारी मिलते ही प्रखंड प्रमुख सह सचिव जिला कांग्रेस विपिन पंकज मिंज, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमिर अहमद, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मो.वाहिद, सहबाज अली, घटनास्थल पर पहुंचे एवं पीड़ित परिवार से मिलकर उनको हर संभव मदद देने का बात कही, सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, तत्काल उन्हें प्रमुख के द्वारा सुख राशन प्रदान किया गया जिससे कि उनका कुछ दिन खाने-पीने में दिक्कत ना हो, साथ ही प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने वन क्षेत्र पदाधिकारी को फोन के माध्यम से इसकी सूचना दी एवं हाथी भागने की आवश्यक सामग्री एवं फॉरेस्ट विभाग के कर्मी के देखरेख में ही हाथी को भगाने की बातें कही जिससे कि किसी को और ज्यादा नुकसान न पहुंच सके।

# एसजीएफआई ओलंपिक में भाग लेने पहुंची इंटर कॉलेज की अल्पना शैली उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 11 वीं की छात्रा अल्पना शैली उरांव एसजीएफआई ओलंपिक में भाग लेने के लिए चंद्रपुर महाराष्ट्र पहुंची। संरक्षक आचार्य यशोदा कुमारी के साथ अल्पना 24 दिसंबर को रवाना हुई और 26 दिसंबर को वहां पहुंची। स्कूल ओलंपिक अंदर-19 में भाला फेंक प्रतियोगिता में पूरे भारत से अपने वर्ग में विद्या भारती का प्रतिनिधित्व कर रही है। चंद्रपुर में स्कूल ओलंपिक 27 से 30 दिसंबर तक आयोजित है विद्यालय परिवार ने अल्पना की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि विद्या भारती की अखिल भारतीय प्रतियोगिता में अल्पना ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर एसजीएफआई की पात्रता हासिल की थी।

# सड़क दुर्घटना में तीन घायल इलाज के दौरान एक युवक का हुआ मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा केरा झरिया नदी के समीप मोड़ में सोमवार देर रात ट्रक के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के मदद से 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। जिसमें दो की स्थिति चिंताजनक बना हुआ था। जिसका प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। परंतु घायल विकास उराँव पिता चरवा उराँव गुमला जिला के टोटो ग्राम निवासी की मौत हो गई। इस संदर्भ में परिजनों का कहना है कि सदर अस्पताल में कार्यरत कर्मियों के लापरवाही के कारण मौत हुआ है। वही बताते हुए परिजनों का यह कहना है कि ग्रामीण व प्रशासन समय से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन लचर व्यवस्था के कारण इलाज विलंब से होने पर मौत हुआ है। जबकि अर्जुन उराँव का रांची रिम्स में इलाज चल रहा है। और गणेश उराँव का सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत है। तीनो घायल की पहचान अलग अलग गांव निवासी के रूप में किया गया बसुआ अम्बाटोली निवासी बंडा उराँव का 20 वर्षीय पुत्र गणेश उराँव नवाडीह निवासी 26 वर्षीय अर्जुन उराँव तथा टोटो निवासी विकास उराँव के रूप में किया गया जिसे चिकित्सकों द्वारा विकास उराँव को मृत घोषित किया गया।

# डॉमटोली पंचायत के सुदूरवर्ती ग्राम कंदरडेगा पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का, सुनी ग्रामीणों की समस्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का डॉमटोली पंचायत के सुदूरवर्ती गांव कंदरडेगा ग्रामीणों के बुलावे पर पहुंचे कंदरडेगा पहुंचने पर वहां के लोगों ने पारंपरिक रीति रिवाज से उनका और उनके साथ आए हुए झारखंड पार्टी के पदाधिकारी का स्वागत किया स्वागत के बाद वहां के वार्ड सदस्य ने अपने गांव की समस्या को उनके बीच में रखा वार्ड सदस्य ने कहा की हमारे गांव और गांव से सटे क्षेत्र में बिजली पानी सड़क इत्यादि की काफी गंभीर समस्या है हमारे द्वारा विभिन्न माध्यमों से इस क्षेत्र की समस्या को रखा गया परंतु आज लगभग 1 साल से हम



लोग अंधेरा में अपना जीवन वसर कर रहे थे हमारी शुद्ध लेने वाला ना ही कोई जनप्रतिनिधि और ना ही प्रशासन के पदाधिकारी है इसलिए अन्त में हम लोगों ने झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का पर उम्मीद जताते हुए गांव के कुछ महिलाओं के साथ उनके आवास जाकर अपनी समस्याओं को बताया और हमारे द्वारा गांव आने का निमंत्रण दिया और हमारे निमंत्रण को स्वीकार करते हुए आज हम लोगों के बीच में काफी व्यस्त होने के बावजूद आए हैं हम लोगों की जो भी समस्या थी उसे अपनी आंखों से देखा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा की आप सभी कि इस समस्या का असली वजह आपका एक गलत निर्णय है आप लोगों ने वोट के समय दूसरे के बहकावे में आकर जाति धर्म के बातों में आकर गलत प्रतिनिधि का चुनाव किया जिसका नतीजा है कि आज आप इतनी समस्याओं से जूझ रहे हैं आप सभी जानते हैं की झारखंड पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो विकास के लिए राजनीति करती है मै विषेश रूप से यहां के युवा भाइयों से कहना चाहते हैं कि आप सभी एकजुट होकर इस बार झारखंड पार्टी के हाथ को मजबूत करें हम भरोसा दिलाते हैं की झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में आपके कंदरडेगा कि जो भी समस्या है उसे प्राथमिकता लेते हुए जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एनोस एक्का ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि झारखंड पार्टी कभी भी जाति और धर्म की राजनीति नहीं करती है वह सिर्फ और सिर्फ गरीब जनता के लिए विकास कार्य के लिए राजनीति करती हैं आप सभी जानते हैं जब हम एक छोटा कार्यकाल के लिए मंत्री बने थे पूरे क्षेत्र में हमने विकास कार्य करने का प्रयास किया आज हमें काफी तकलीफ हो रहा है की आपके गांव में इतने दिनों से बिजली नहीं है।

# अरु पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र के अरु पंचायत में नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम का शुभारम्भ जिप सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव, बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया राजश्री उराँव, व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम में



अधिकारीयों द्वारा बारी बारी से विभिन्न विभागों से मिलने वाली योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी ग्रामीण लें तथा आत्मनिर्भर बने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य है की प्रखंड व अंचल के सभी पदाधिकारी एक साथ एक ही मंच पर जनता से मिलेंगे और सीधा संवाद हो जिसे प्रखंड और अंचल कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रखंड व अंचलकर्मियो द्वारा कार्यक के माध्यम सभी ग्रामीण आम जनता के बीच पहुंचया जा रहा है। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। फूलों झानो योजना के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ने की अपील की गई। वही कार्यक्रम स्थल पर भी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगा हुआ था। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, प्रभारी कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पंचयत सचिव रिझवान अख्तर के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला व पुरुष मौजूद थे।

# साहबजादा वीरों का अतुलनीय बलिदान सदा याद रहेगा : बिमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में धूम धाम से वीर बाल दिवस मनाया गया। वही कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गुरुगोविंद सिंह के साहेबजादा वीर पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के चित्र पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष केदारनाथ साहू एवं प्राधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पण कर कार्यक्रम पररम्भ किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहबजादा विरो का अतुलनीय बलिदान सदा याद रहेगा। क्योंकी वैश्विक इतिहास में जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह जैसे बाल वीर अपने राष्ट्र एवं घर्म के लिए जो बलिदान दिया है। वैसा पराक्रमी बाल वीर आज तक इतिहास में कोई नही



हुआ है। साथ ही कहा किसी भी राष्ट्र की पहचान उसके सिद्धांतो मूल्यों और आदर्शों से होती है। वही बताया कि गुरु गोबिन्द सिंह जी के दोनो बाल वीर साहबजादे पुत्र 26 दिसंबर, 1705 को अल्प आयु में में जोरावर सिंह और फतेह सिंह को धर्म परिवर्तन नही करने के कारण जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गया था। जिसे दोनों बाल वीर देश धर्म के लिये जान का बलिदान देना पसन्द किया परन्तु धर्म परिवर्तन नही किया। वही कोषाध्यक्ष केदार साहू ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिक्खों के गुरु गोबिंद सिंह के दोनों वीर पुत्रो ने अपने धर्म और अपने साहस और हिम्मत के साथ अपने धर्म के प्रति निष्ठा दिखाते हुए बहुत ही कम उम्र में बलिदान दे दिये जिनसे आज के बच्चों को इनसे देश धर्म समाज के लिये कुछ करने का प्रेरणा लेनी चाहिये। वीर बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में भैया बहनों के बिचव क्विज प्रतियोगिया का आयोजन किया गया। जिसमें विवेकानन्द ग्रुप के भैया बहन विजेता हुए। तथा विद्यालय की छात्रा अंशु कुमारी द्वारा वीर बलिदानी बालकों का मार्मिक बलिदान की कहानी बताया गया। मौके पर डॉली कविता, प्रतिभा देवी, राजकिशोर उराँव, जय प्रकाश सिंह, चाँदनी कुमारी, प्रेमशीला उराँव, संध्या कुमारी, मीना देवी, मालती कुमारी सहित सभी अचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थिति थे।

# साहिबजादों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : विमला प्रधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वीर बाल दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा ढेबर ग्राम में वीर बाल दिवस मनाया गया मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने उपस्थित छात्र छात्राओं को वीर बाल दिवस के बारे बताते हुए कहा कि वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है अंतिम सिख गुरु गोविंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे मुगल शासन काल के दौरान पंजाब में सिखों के नेता गुरु गोविंद सिंह के चार बेटे थे उन्हें चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था। आज उनकी कहानियों को याद करने का दिन है और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या कर दी गई खासकर जोरावर और फतेह सिंह की सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था।

### वीर बालक बलिदानी दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का बलिदान भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत : सुरेश चंद्र पांडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज के इस कार्यक्रम में मां सरस्वती, ओम, भारत माता एवं फतेह सिंह जोरावर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्र फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह आज के दिन ही शहीद हुए थे। उनको शत-शत नमन एवं वंदन। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें जयचंद नहीं पृथ्वीराज चौहान की तरह देशभक्त बनना चाहिए। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र देश के लिए मुगलों



से कड़ी टक्कर लेते युद्ध भूमि में शहीद हुए थे तथा फतेह सिंह और जोरावर सिंह को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया था। महेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा ऐसे वीर और बलिदानी पुत्र समाज राष्ट्र एवं धर्म के लिए आदर्श एवं पूजनीय है। उन्होंने एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। आचार्य श्री नंदकिशोर साहू ने कहां कि हमें गुरु गोविंद सिंह के इन पुत्रों पर गर्व है। हमें वीरता साहस के साथ धर्म एवं राष्ट्र रक्षा का व्रत लेना चाहिए। विद्यालय के आचार्य श्री त्रिलोचन साहू ने कहा की बंगाल के सिल्ली के पास एक टिशू नामक महिला थी जो मुगलो से अपने सतीत्व की रक्षा करने के लिए जल समाधि ले ली थी। जिसके नाम पर आज उसे क्षेत्र में टुसू पर्व मनाया जाता है। लक्ष्मी देवी ने इस अवसर पर देश भक्ति गीत कहीं पर्वत रुके भी है कहीं दरिया झुके भी हैं, प्रस्तुत किया। आज के इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### देश की सभ्यता व पारंपरिक शिल्पकला का उचित मेल है पीएम विश्वकर्मा योजना : जितेन्द्र सिंह

**लखनऊ** : केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की सभ्यता और पारंपरिक शिल्प कौशल का उचित मेल है। यह योजना आजीविका अर्जित करने का विकल्प प्रदान करती है। साथ ही भारत की सदियों पुरानी गुरु-शिष्य परंपरा को संजोए रखती है। डॉ. सिंह मंगलवार को उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ की ओर से 'एक जिला एक उत्पाद एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2023-24' के अंतर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन एवं सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों ने कभी भी कारीगर समाज की तरफ ध्यान नहीं दिया और न ही उनके उत्थान के लिए कोई कार्य किया। वर्ष 2014 में जब मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तब से लेकर आजतक उन्होंने कारीगरों व शिल्पियों के लिए अनगिनत स्कीम लागू किए हैं। इससे परम्परागत उद्योग को बढ़ावा मिला है। डॉ. सिंह ने कहा कि उनके उत्पादों को वैश्विक पहचान एवं बाजार भी मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' जैसे नारे ऐसे 'आत्मनिर्भर भारत' की संरचना कर रहे हैं, जिसका परिणाम आने वाले वर्षों में वैश्विक पटल पर अपनी अलग पहचान छोड़ेगा। उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला तथा निदेशक प्रांजल यादव द्वारा लगभग 1300 लाभार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किया गया। संस्थान में हस्तशिल्पियों द्वारा लगायी गयी प्र्दर्शनी का अवलोकन भी किया गया।

### दिल्ली में इजराइली दूतावास के निकट धमाके की कॉल, पुलिस जांच में जुटी

**नई दिल्ली** : चाणक्यपुरी इलाके में स्थित इजराइली दूतावास के निकट मंगलवार शाम को एक धमाके की कॉल ने पुलिस प्रशासन को सकते में डाल दिया। यह धमाका इजराइली दूतावास के पीछे खाली पड़े प्लॉट में हुआ। इसकी जानकारी एक शख्स ने पुलिस को फोन कॉल कर दी। उसके बाद पुलिस मौके पहुंचकर जांच पड़ताल करने में जुट गई लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। दिल्ली फायर सर्विस को भी इजराइल दूतावास के पास विस्फोट की कॉल मिली। दिल्ली फायर सर्विसेज के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि फिलहाल घटनास्थल पर कुछ भी नहीं मिला है।

### भारतीय कुश्ती संघ के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह ने काशी में किया रोड शो

**वाराणसी** : भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह मंगलवार को अपने गृह जनपद वाराणसी पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बाहर संजय सिंह के समर्थकों ने ढ़ोल-नगाड़े की थाप और पुष्पवर्षा के बीच गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे से शहर तक संजय सिंह ने दर्जनों वाहनों के काफिले में समर्थकों के साथ रोड शो किया। ढोल व नगाड़ों के साथ संजय सिंह ने काफिले के साथ एयरपोर्ट से तरना तक लगभग 20 किलोमीटर दूरी तक शक्ति प्रदर्शन भी किया। गिलट बाजार भोजुबीर से संजय सिंह दूसरी गाड़ी में सवार होकर रवाना हो गए। संजय सिंह ने शिवपुर तरना में पत्रकारों से बातचीत में अपने निलंबन को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सरकार से बात होगी, इसके बावजूद बात न बनने पर कानूनी सलाह भी लूंगा।

भारत संकल्प यात्रा के तहत पाटन के कई गांवों में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से हो रहा है देश का विकाश : वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करने के उद्देश्य को लेकर केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा प्रत्येक पंचायत में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुको तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत संकल्प यात्रा की जा रही है। इस क्रम में पाटन के कई गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाए गांव, गरीब, दलित,आदिवासी, महिला, किसान व युवाओं को प्राथमिकता में रहकर चलाई जा रही है। जिसका लाभ उन्हें मिल भी रहा है। परंतु बहुत लोग योजनाओं के लाभ से अभी तक वंचित है। उन गरीब लाभुको तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही यह भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति अंत्योदय तक विकास पहुंच सके। श्री राम ने कहा कि सभी पंचायत तक मोदी सरकार की प्रमुख योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्वला



योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मन निधि, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जनजीवन मिशन, पोषण अभियान सहित सैकड़ो योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ देश के सभी गरीब महिला किसान युवाओं तक पहुंचने का लक्ष्य है। मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। 2014 में भारत दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था थी। परंतु 2023 में भारत दुनिया के पांचवी अर्थव्यवस्था बन गई है। आने वाले समय में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर है। केंद्र की मोदी सरकार के सार्थक प्रयास से ही आज देश में 13 करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा के ऊपर पहुंच गए हैं यह गर्व की बात है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, शिवकुमार मिश्र, विजय ओझा, मुखिया सुमन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### चलन से बाहर हो चुके 9413 नोट झारखंड से बरामद

**रांची** : चलन से बाहर हो चुके 9413 नोट राज्य से बरामद हुए हैं। एनसीआरबी के आंकड़े के मुताबिक साल 2022 में झारखंड में चलन से बाहर हो चुके पांच सौ रुपये के 9413 नोट बरामद किए गए।इसका कुल मूल्य 47 लाख रुपये है। दूसरी ओर पुलिस ने झारखंड के विभिन्न जिलों से कुल 54.99 लाख रुपये बरामद की है, जिनमें दो हजार के नोट से लेकर दस रुपये तक के नोट शामिल हैं। इनमें सिक्का-2301, दस रुपये-402, 20 रुपये-435, 50 रुपये-1872, 100 रुपये-3152, 200 रुपये-695, 500 रुपये-9413, 2000 रुपये-115 हैं।

## राज्य के सरकारी स्कूलों में मना वीर बाल दिवस विद्यार्थियों को सुनाई वीरता की कहानियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : सिक्खों के 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के संतानों साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह की वीरता को श्रद्धांजलि देने के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालयों में कविता, पेंटिंग, स्लोगन मेकिंग जैसे रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बच्चों को साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह की वीरता की कहानियां भी सुनाई गयी। स्कूली बच्चों ने यूट्यूब पर राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को भी ध्यान से सुना। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार विद्यालयों में कक्षा 10वीं से 12वीं तक की कक्षाओं का संचालन किया गया है। वीर बाल दिवस को देखते हुए इन कक्षाओं के बच्चों ने ऑफलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्राथमिक कक्षाओं से लेकर कक्षा नौ तक के बच्चों ने ऑनलाइन रोचक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और छोटे साहिबजादे की वीरता को नमन किया। भारत सरकार के My Gov. एवं My Bharat पोर्टल में राज्य के स्कूली बच्चों ने वीर बल दिवस 2023 से जुड़े ऑनलाइन इंटरेक्टिव क्विज में भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने अपने ज्ञान से क्विज के प्रश्नों को हल किया। सफलतापूर्वक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता संपन्न करने वाले बच्चों को भारत सरकार के स्ब्व त्श्1. पोर्टल की ओर से सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन भी दिया गया।

## कसौधन वैश्य समाज ने असहायों के बीच किया वस्त्र का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : कसौधन वैश्य समाज के सदस्य कैलाश कश्यप की मां के तीसरी पुण्य तिथि पर मंगलवार को समाज की महिला मंच द्वारा गरीब, असहायों के बीच पुराने वस्त्रों का वितरण किया गया। वहीं समाज के सदस्य रंजीत कश्यप की पुत्री के जन्मदिन के पर बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब असहायों के बीच गर्म एवं अन्य कपडे करीब 100 परिवारों के बीच बांटे गए।

इस मौके पर अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि समाज के लोग पुण्यतिथि एवं जन्मदिन पर गरीबों की सेवा कर पुनीत कार्य कर रहे हैं। महिला अध्यक्ष शोभा कश्यप ने कहा कि हमारे समाज की महिलाएं दिन प्रतिदिन जागरूक हो रही हैं। उन्होने



समाज की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि जनहित में कार्य करें।

मौके पर सचिव संतोष कश्यप, उपसचिव विवेक कश्यप, रंजीत कश्यप, मुकेश कश्यप, स्वास्तिक कश्यप, महिला मंच की उपाध्यक्ष कंचन कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप, कोषाध्यक्ष ममता कश्यप, संगठन मंत्री नमिता कश्यप, अदिति कश्यप, मीठी कुमारी आदि उपस्थित थे।

नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के कराटे इवेंट में संत मरियम के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

# पलामू में नहीं है प्रतिभा का कमी : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : आसनसोल वेस्ट-बंगाल में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के कराटे इवेंट में पलामू जिले के बाल कराटेकरों ने फाइट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड,चार सिल्वर,दो ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। जिनका नाम इस प्रकार है = संत मरियम विद्यालय के आर्यन राज गोल्ड मेडल, आर्यन कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह,आसिफ खान सिल्वर मेडल, आशीष कुमार शर्मा, अंकुश कुमार इत्यादि को ब्रॉन्ज मेडल। वही इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी के बाल कराटेकार सृष्टि प्रिया, दीपिका कुमारी को गोल्ड मेडल, सृष्टि कुमारी सिल्वर मेडल इत्यादि। यह नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल ब्लैक बेल्ट मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ़



इंडिया के तत्वाधान में 23- 24 दिसंबर को आसनसोल इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था। इस नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल में बेस्ट बंगाल के अलावा झारखंड, बिहार,उत्तर -प्रदेश मध्य- प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र,पंजाब, तमिलनाडु, केरल %गुजरात %नागालैंड जम्मू -कश्मीर, उत्तराखंड,हिमाचल, उड़ीसा,हिमाचल प्रदेश,अरुणाचल प्रदेश इत्यादि राज्यों के मार्शल -आर्टस के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। यह टीम मुख्य मार्शल-आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में वेस्ट- बंगाल गई थी! जबकि टीम मैनेजर सेंसाई संध्या कुमारी एवं विनीत चौधरी को नियुक्त किया गया था। इस बड़ी उपलब्धि पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखण्ड के अध्यक्ष एवं झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव कहा पलामू में प्रतिभा का कमी नहीं है। बस समय-समय पर उसे निखारने के जरूरत हैं, जो की अथक प्रयास कर मुख्य मार्शल-आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के द्वारा किया गया। मैं पलामू के सभी विजेता बाल कराटेकारों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए यह कहना चाहूंगा कि जहाँ इतनी कड़ी ठंड में बड़े लोग बाहर निकालना नहीं चाहते हैं वहीं छोटे से बच्चो ने कड़ी ठंड में वेस्ट-बंगाल जाकर फाइट कर अपनी जीत का लोहा मानवा कर वापस लौटकर पलामू जिले का नाम रोशन किया है। आने वाले समय में यह बाल कराटेकार विदेशो में भी जाकर पलामू, झारखंड व भारत का नाम रोशन करेंगे।

### अमित शाह 28 दिसंबर को जाएंगे तेलंगाना, विधायक दल के नेता पर होगा मंथन

**हैदराबाद** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 28 दिसंबर को तेलंगाना के एकदिवसीय दौरे पर जाएंगे। यहां आयोजित बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता को लेकर विचार-विमर्श होगा। भाजपा की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक अमित शाह 28 दिसंबर को दोपहर 12.05 बजे शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से वे नोवेटेल होटल जाएंगे और दोपहर 12.20 से 1.45 बजे तक पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 1.50 बजे वे कोंगराकलां में भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में विधानसभा चुनाव नतीजों की समीक्षा के साथ संसदीय चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों पर चर्चा होगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय संस्कृति मंत्री किशन रेड्डी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 28 दिसंबर को राज्य स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं के बैठक में अमित शाह शिरकत करेंगे।

## बीएनटी को पराजित कर शांति निवास सेमी फाइनल में

* गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच मे शांति निवास स्कूल ने बीएनटी संत मैरी को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास स्कूल के आयुष कुमार पाल को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे प्रतियोगिता के अर्न्तगत शांति निवास स्कूल ने टॉस जीतकर बीएनटी संत मैरी बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। बीएनटी संत मैरी 65 रन ही बना पाई। शांति निवास की और से आयुष ने चार खिलाड़ी को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने ऋषभ के 23, सक्षम के 21 रनो के सहयोग




से दो विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। बीएनटी संत मैरी की और से नक्की ने दो विकेट लिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे मोबाईल पर खेल रहे है जो सही नही है। बच्चों मैदान में एक से दो घंटे खेलते है तो शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होगे। मौके पर अशोक दुबे, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, विशाल कुमार, आलोक, आदित्य शुक्ला, धीरज, आदित्य तिवारी, दिव्य रंजन, अमित उपाध्याय, अभिषेक कुमार, मनीष पाठक, आशुतोष रंजन, सोनू कुमार सहित काफी संख्या में दर्शक शामिल थे। अंपायर की भूमिका मनीष उपाध्याय, सुमित मिश्रा ने निभाया। वही उद्घोषक की भूमिका मनोज तिवारी और स्कोरर की भूमिका दिव्य रंजन ने निभाया।

एमएसए स्कूल के बच्चों ने उठाया पिकनिक का आनंद

# पिकनिक से बच्चों का होता है मानसिक विकास : शफीक सर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : एमएसए पब्लिक स्कूल के बच्चों को 25 दिसंबर को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों को पलामू किला, बेतला नेशनल पार्क, चियांकी संगम का भ्रमण कराने के साथ सभी पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तारपूर्वक से जानकारी दिया गया। मौके पर उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा कि पिकनिक मनोरंजन का उचित माध्यम है। इससे आपसी एकता बढ़ता है। पिकनिक व इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में बौद्धिक विकास व मनोरंजन के प्रति उर्जा का संचार होता है। अफज़ल शफीक ने कहा देशाटन से बच्चों में मानसिक व शारीरिक विकास होता है। मौके पर प्रिंसिपल ने बताया हमारे विद्यालय में नए सत्र में नामांकन प्रारंभ है और अभी ऑफर 50 परसेंट डिस्काउंट के साथ नामांकन चल रहा है, इछुक पैरेंट्स स्कूल आफिस में या 9199589132 पर जल्द से जल्द में सम्पर्क करें। पलामू किला स्थित ओरंगा नदी में सभी बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए स्कूल परिवार के तरफ से बावर्ची द्वारा साही भोजन बनवाया गया था। बच्चों ने पिकनिक का जमकर लुत्फ उठाया। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का लुत्फ उठाया और विद्यालय प्रबंधन का शहर से कोसों दूर पलामू किला में भी सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए स्कूल मैनेजमेंट का भूरी भूरी प्रशंसा किए। इस एजुकेशनल टूर में पांकी डंडार कालेज के पुर्व प्रिंसिपल, हाजी खलील मास्टर, हदीस अंसारी, अनुराग पासवान, इमरान अहमद, जितेंद्र तिवारी, रेशमा खातून, इफ्तेखार अंसारी, बि.एन पाण्डेय, रियाजुद्दीन मियां, मनोज उरांव, सदाम हुसैन, सुनील पासवान, जहांगीर अंसारी,धर्म गीरी सहित 150 छात्र - छात्राएं, लगभग 40 पैरेंट्स व एम.एस.ए स्कूल के सभी शिक्षक शामिल थे।

### गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर नौसेना के लड़ाकू विमान मिग-29 का टायर फटा

**नई दिल्ली** : गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर मंगलवार को नियमित टैक्सी जांच के दौरान नौसेना के लड़ाकू विमान मिग-29 का टायर फट गया। रनवे की रुकावट के कारण नागरिक उड़ानों को डायवर्ट किया गया। इस हादसे की वजह से किसी कर्मचारी या सामग्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। लगभग तीन घंटे तक बंद रहने के बाद रनवे को आम विमानों के परिचालन के लिए शुरू किया गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज दोपहर करीब 12.14 बजे डाबोलिम हवाई अड्डे पर एक मिग-29 लड़ाकू विमान का टायर फट गया, जिससे विमान को डाबोलिम हवाई अड्डे के नौसैनिक टैक्सीवे के किनारे पर ले जाना पड़ा। टायर फटने के कारण एक मिग-29 लड़ाकू विमान रनवे के किनारे पर जा गिरा। इस वजह से रनवे पूरी तरह बंद हो गया, जिससे आम विमानों का परिचालन रोकना पड़ा।

# बच्चों की पढ़ाई में स्कूल के साथ अभिभावकों की भूमिका भी आवश्यक : निदेशक

* जीएन कान्वेंट स्कूल में अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी सह ऐकडेमिक टेस्ट-3 का परीक्षाफल प्रकाशन एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर निदेशक ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में स्कूल की जिम्मेवारी के साथ अभिभावकों की भूमिका भी आवश्यक है। जो अभिभावक अपने बच्चों के क्रिया कलापों पर ज्यादा ध्यान देते हैं




निश्चित रूप से वे आगे बढ़ रहे हैं। माता-पिता और शिक्षकों को केवल अभिभावक, शिक्षक सम्मेलनों में ही नहीं, बल्कि नियमित आधार पर संवाद करने की आवश्यकता है। बच्चे की शिक्षा में माता-पिता और स्कूल दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इसलिए उन्हे एक टीम के रूप में मिलकर काम करना चाहिए। 32 वर्षो से यह विद्यालय कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में निरंतर सफलता का परचम लहरा रहा है। पाठ्यक्रमों को विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा मार्गदर्शन लिया जाता रहा है। प्रतिफल है कि छात्र-छात्राएँ विभिन्न क्षेत्रों में उच्चे पदों पर शोभायमान हैं। इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी अपने अपने विचारों को साझा किया। धन्यवाद ज्ञापन नीरा शर्मा के द्वारा किया गया। मौके पर शिक्षक उदयप्रकाश, संजीव कुमार, खुरशीद आलम, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहीन, सुषमा तिवारी, सुनिता कुमारी, सरिता दुबे, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुस्मिता कुमारी, संतोष प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही। मंच संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर के द्वारा किया गया। इस मौके पर पेरेंट्स की ओर से ज्योति तिवारी, दीपक केशरी, सुरेंद्र यादव, संतोष केशरी, चंदन कुमार, गायत्री देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।